Page 11



खेल

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 10



देश

**पेरिस ओलंम्पिक : बजरंग के उम्मीदों को लगा तगड़ा झटका**


**शराब घोटाले मामले में कांग्रेस महापौर के भाई अनवर को नहीं मिली जनमानत**

मूल्य ₹ 2.00

कृष्ण पक्ष रेवती संवत 2081

• औरंगाबाद • सोमवार • 06 मई 2024 • वर्ष 26 • अंक 145 • पृष्ठ 12

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹71, 830 | ₹83,000 |

## आज का इतिहास

- 1967 : डॉ जाकिर हुसैन भारत के पहले मुस्लिम राष्ट्रपति थे।
- 2004: चीन ने सिक्किम को भारत का अंग माना।

## न्यूज बाइट्स

### पटना में महिला से 1.50 लाख की ठगी

**पटना (नि.सं.)।** पटना की रहने वाली एक महिला से साइबर ठगों ने 1.50 लाख रुपए की ठगी कर ली। महिला को ठगों ने काल कर बैंक अकाउंट में मेल आईडी जोड़ने को कहा। फिर महिला से ओटीपी लेकर खाते से पैसा गायब कर दिया। जिसके बाद साइबर थाना में मामला दर्ज कराया गया है। पटना कंकड़बाड़ थाना क्षेत्र के मुन्ना चक की रहने वाली प्रियंका कुमारी से साइबर ठगों ने ठगी कर ली। प्रियंका ने बताया कि 2 मई को मुझे 7585850602 से फोन आया। सामने वाले ने कहा कि मैं एक्सिक बैंक से बोल रहा हूं। आपके बैंक अकाउंट से आपका मेल आईडी नही जोड़ा गया है। आप बैंक आ कर इसको जुड़वा लीजिए। अगर आपको आने में दिक्कत हो तो मैं यहां से अपडेट कर देता हूं। धूप में ना निकलना पड़े इस लिए मैंने बात मान ली।

### महिला ने एक साथ 5 बेटियों को दिया जन्म

**किशनगंज (नि.सं.)।** किशनगंज में शनिवार की रात महिला ने एक साथ 5 बेटियों को जन्म दिया है। यह पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। सभी बच्चियां 1 किलो के अंदर बताई जा रही हैं और सभी स्वस्थ है। महिला पहले से तीन साल के बेटे की मां है। अब उसके 6 संतान हो गए। परिवार में एक साथ पांच बेटियों के आने को लेकर परिजनों में उत्सव का माहौल है। मामला पोठिया प्रखंड का है। यहां एक निजी नर्सिंग होम में प्रसव पीड़ा होने पर महिला भर्ती हुई थी।

### बिहार में 13 लाख के जाली नोट जब्त

**मोतिहारी (नि.सं.)।** मोतिहारी पुलिस ने छापेमारी कर 12.90 लाख रुपए के जाली नोटों के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान जाली नोट देनेवाला भाग निकला। उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी चल रही है। यूपी पुलिस से संपर्क किया गया है। एसपी कांतेश कुमार मिश्र ने शनिवार को बताया कि डीएसपी सदर-2 पिपराकोठी के नेतृत्व में गठित टीम ने कोटवा थाना क्षेत्र के राजपुर मठिया के समीप कार्रवाई की है। लोकसभा चुनाव के दौरान इन नोटों को खपाये जाने की आशंका जताई जा रही है। एसपी ने बताया कि तस्करों की पहचान यूपी के कुशीनगर के कसया थाना के मुकेश राजभर व संतकबीर नगर के बखिरा थाना के जमील अख्तर के रूप में की गई है।

### देश में कीटनाशक उपयोग के कड़े मानक लागू

**नई दिल्ली(ए.)।** भारत कीटनाशक उपयोग के कड़े मानक लागू हैं जो विश्व में सर्वाधिक सख्त हैं। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण - एफएसएसएआई ने रविवार को यहां कहा है कि जड़ी-बूटियों और मसालों में 10 गुना अधिक कीटनाशक अवशेषों की अनुमति देने संबंधी भ्रामक और गलत हैं जिनका कोई आधार नहीं है। भारत में दुनिया में कीटनाशकों की अधिकतम अवशेष सीमा (एमआरएल) के सबसे कड़े मानकों में से एक है और कीटनाशकों के एमआरएल उनके जोखिम आकलन के आधार पर विभिन्न खाद्य वस्तुओं के लिए अलग-अलग तय किए जाते हैं।

# बिहार की 5 सीटों पर थम गया चुनाव प्रचार मतदान कल, मैदान में 54 उम्मीदवार

**निज संवाददाता | पटना**

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए प्रचार-प्रसार का शोर रविवार की शाम थम गया है। तीसरे चरण में बिहार की पांच सीटों पर सात मई को मतदान होना है। सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक वोटिंग होगी। मतदाता तीसरे चरण में पांच सीट झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा और खगड़िया के कुल 54 उम्मीदवारों का भविष्य तय करेंगे। इनमें 51 पुरुष और 3 महिलाएं चुनाव मैदान में हैं। झंझारपुर में 10, सुपौल में 15, अररिया में 9, मधेपुरा में 8 और खगड़िया में 12 उम्मीदवार मैदान में है। शांतिपूर्ण चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग की तरफ से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। वहीं इससे पहले दो चरणों में बिहार की 40 सीटों में से 9 सीटों पर मतदान सम्पन्न हो चुका है।

इस चरण में राज्य में 98 लाख 60 हजार 397 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 51 लाख 29 हजार 473 पुरुष तो 47 लाख 30 हजार 602 महिला मतदाता और 322 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। 100 वर्ष से अधिक आयु के 2716 मतदाता हैं जबकि पहली बार वोट डालनेवाले मतदाताओं की संख्या 1 लाख 45 हजार 482 है। मतदान को लेकर सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी है। तीसरे चरण के मतदान में 11818 बैलेट यूनिट, 11818 कंट्रोल यूनिट और 12861 वीवीपैट इस्तेमाल होंगे। प्रति बूथ 1001 मतदाताओं के मतदान की व्यवस्था है। 32 बूथों का प्रबंधन महिलाएं संभालेंगी। 45 मॉडल बूथ बनाए गए हैं। कुल 5039 बूथों से लाइव बेवकास्टिंग होगी। पांचवें चरण के पांच लोकसभा क्षेत्रों मधुबनी, सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर, सारण एवं हाजीपुर (सु) में नामांकन पत्रों की जांच शनिवार को हुई। कुल 103 प्रत्याशियों में 82 के नामांकन पत्र वैध मिले। वहीं 21 का रद्द कर दिया गया। बिहार के सीईओ कार्यालय के अनुसार नामांकन पत्रों की जांच के बाद पांचवें चरण में मधुबनी लोकसभा क्षेत्र में अब 12, सीतामढ़ी में 15, मुजफ्फरपुर में सर्वाधिक 26 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाये गये हैं। सारण लोकसभा क्षेत्र में 15 तो हाजीपुर में 14 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र सही पाये गये हैं। नाम वापसी की अंतिम तिथि छह मई और मतदान 20 मई को है। चुनाव को लेकर सुरक्षा के सख्त इंतजाम हैं। हरेक बूथ पर हथियारबंद सुरक्षा बल रहेंगे। इस चरण में 55 हजार से अधिक अर्धसैनिक बलों की तैनाती होगी। इनके अतिरिक्त 18 हजार गृहरक्षक भी तैनात होंगे। दियारा क्षेत्रों में घुड़सवार दस्ता एवं नदियों में नाव से पेट्रालिंग होगी। आपात स्थिति से निबटने के लिए एक मेडिकल एयर एंबुलेंस की भी तैनाती की जाएगी।

झंझारपुर लोकसभा क्षेत्र के लिए 10 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। इनमें बहुजन समाज पार्टी से गुलाब यादव, जनता दल (यूनाइटेड) से रामप्रीत मंडल, आदर्श मिथिला पार्टी से बबलू कुमार, सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ़ इंडिया (कम्युनिस्ट) से विजय कुमार मंडल, वाजिब अधिकार पार्टी से विद्यानंद राम, वीआइपी से सुमन कुमार महासेठ, निर्दलीय गंगा प्रसाद यादव, निर्दलीय गौरी शंकर साहू, निर्दलीय राजीव कुमार झा, निर्दलीय राम प्रसाद राउत शामिल हैं। मधेपुरा लोकसभा के लिए आठ प्रत्याशी मैदान में है।



### किस पार्टी से कितने उम्मीदवार

एनडीए की ओर से तीसरे चरण में जेडीयू के तीन और बीजेपी-एलजेपी के एक-एक उम्मीदवार मैदान में हैं। वहीं, महागठबंधन से तीसरे चरण में राजद के तीन वीआईपी और सीपीएम से एक-एक उम्मीदवार एनडीए के खिलाफ चुनाव लड़ने आये हैं।

### तीसरे चरण के प्रमुख उम्मीदवार

| चुनावी क्षेत्र | दल | उम्मीदवार |
|---|---|---|
| » झंझारपुर | जदयू | रामप्रीत मंडल |
| » | वीआइपी | सुमन महासेठ |
| » | बसपा | गुलाब यादव |
| » सुपौल | जदयू | दिलेश्वर कमैत |
| » | राजद | चंद्रहास चौपाल |
| » अररिया | भाजपा | प्रदीप सिंह |
| » | राजद | शाहनवाज आलम |
| » मधेपुरा | जदयू | दिनेश चंद्र यादव |
| » | राजद | प्रो कुमार चंद्रदीप |
| » खगड़िया | लोजपा (रामविलास) | राजेश वर्मा |
| » | सीपीएम | संजय कुमार |

# 13 लाख रुपये जाली नोट के साथ यूपी के दो तस्कर गिरफ्तार, 500-500 के थे सभी नोट

- बांग्लादेशी कनेक्शन की जांच करने में जुटी पुलिस

**निज संवाददाता | मोतिहारी**

मोतिहारी जिले में कोटवा थाना की पुलिस ने शुक्रवार की देर शाम वाहन जांच के दौरान बाइक सवार दो धंधेबाजों को 12 लाख 90 हजार भारतीय जाली नोट के साथ गिरफ्तार किया। दोनों एक बाइक से जाली नोट लेकर कोटवा में रामचन्द्र को डिलीवरी देने के लिए आए थे। दो धंधेबाजों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस रामचंद्र की खोज कर रही है। गिरफ्तार धंधेबाजों के पास से मिले रामचंद्र के मोबाइल नंबर के आधार पर उसकी खोज की जा रही है।

पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्र ने शनिवार को बताया कि गिरफ्तार धंधेबाजों में उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिला के मुकेश राजभर और संतकबीरनगर जिला के दुर्घजोल बखीरा निवासी जमील अख्तर शामिल हैं। दोनों उत्तर प्रदेश के कुशीनगर से बाइक पर सवार होकर जाली नोट लेकर कोटवा में डिलेवरी देने जा रहे थे। दोनों ने पुलिस को नोट छपाई के बारे में कोई जानकारी नहीं दी है। दोनों ने गिरोह के कुछ लोगों के नाम बताया है। पुलिस यह पता लगा रही है कि आखिर जाली नोट की छपाई कहां की गई थी। पुलिस इस मामले में बांग्लादेश का भी लिंक तलाश रही है। कारण यह कि बांग्लादेश में छपे नोट भारतीय बाजार में लाए जाने की आशंका जताई जा रही है। एसपी ने इस सभी तथ्यों का पता लगाने के लिए पुलिस की एक विशेष टीम को उत्तर प्रदेश भेजने की बात कही है। पुलिस के मुताबिक, जब्त किए गए सभी नोट 500 के है, व एक ही सीरिज में हैं । जाली नोट मंगानेवाले रामचन्द्र की खोज चल रही है।

छापेमारी टीम में सदर-टू के पुलिस उपाधीक्षक जितेश कुमार, कोटवा थानाध्यक्ष सह पुलिस निरीक्षक राजरूप राय, जिला आसूचना ईकाई के पुलिस निरीक्षक अनुज पांडेय, अमित कुमार, दारोगा मनीष कुमार, दीप्ति कुमारी, नित्यानंद दुबे लव कुमार व जवान शामिल थे।

### पुलिसकर्मी होंगे पुरस्कृत

लोकसभा चुनाव से पहले कोटवा में नकली नोटों की डिलीवरी कई सवालों को जन्म दे रही है। चुनाव से पहले नकली नोट का पकड़ा जाना पुलिस के लिए बड़ी उपलब्धि है। छापेमारी में सदर-2 डीएसपी जितेश कुमार पांडे, कोटवा थाना प्रभारी राजरूप राय, जिला खुफिया इकाई के अनुज पांडे, अमित कुमार, मनीष कुमार, कोटवा थाना की महिला इंस्पेक्टर दीप्ति कुमारी, सिपाही नित्यानंद दुबे, लव कुमार व अन्य शामिल थे। छापेमारी टीम में शामिल सभी पुलिस पदाधिकारी व जवानों को पुरस्कृत किया जायेगा।



### 500-500 के थे सभी नोट

एसपी ने बताया कि जब्त किये गये सभी नकली नोट 500-500 रुपये के हैं। दोनों तस्कर नकली नोट लेकर बाइक से उत्तर प्रदेश से मोतिहारी कोटवा पहुंचे थे। उसके अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन की भी जांच की जा रही है। इस बात की जांच की जा रही है कि इनका पाकिस्तान या बांग्लादेश स्थित नकली नोट तस्करों से कोई संबंध है या नहीं।

# इंडिया गठबंधन राहुल गांधी के चेहरे पर लड़े चुनाव : पप्पू यादव

**निज संवाददाता | पटना**

पूर्णिया लोकसभा सीट से निर्दलीय उम्मीदवार पप्पू यादव ने दावा करते हुए कहा है कि देश में मोदी लहर समाप्त हो चुकी है और इस बार केंद्र में एनडीए गठबंधन की सरकार नहीं बन रही है। पप्पू यादव ने आगे कहा है कि इंडिया गठबंधन राहुल गांधी के चेहरे पर चुनाव लड़े, इस बार राहुल गांधी ही पीएम बनने वाले हैं। रविवार को पत्रकारों के साथ बातचीत के दौरान पप्पू यादव ने कहा कि राहुल गांधी की ताकत को पूरी दुनिया देख रही है। दुनिया में राहुल गांधी की चर्चा है। पीएम मोदी की वैल्यू घट गई है, वह जमीन से गायब हो गए हैं। बस कॉरपोरेट घरानों में बच गए हैं। बिहार में जो चुनाव बचे हैं, उससे पहले यहां राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और कांग्रेस के बड़े नेताओं को अधिक से अधिक यहां सभा करनी चाहिए। पप्पू यादव ने भाजपा जम्मू-कश्मीर में सेना के जवानों पर चुनाव के वक्त हमला करवाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि जवानों के शहादत पर किसी भी राजनीति दल को राजनीति करने की इजाजत नहीं मिलनी चाहिए। केंद्र सरकार ने मैच फिक्सिंग कर लिया है। जब भी चुनाव आता है तो बड़ी घटना को अंजाम दिया जाता है, इससे प्रतीत होता है कि साजिश के तहत इस तरह की घटना को अंजाम दिया जाता है। पुलवामा का हमला भी चुनाव के वक्त किया गया था।



### मुंगेर में तेजस्वी और राजद पर बरसे सीएम नीतीश कुमार, कहा

# कोई हमारे साथ जो गड़बड़ किया, अब सबकी होगी जांच

**निज संवाददाता | मुंगेर**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिना नाम लिए आरजेडी नेता तेजस्वी यादव और राजद पर जमकर हमला बोला है। रविवार में मुंगेर में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि ये लोग खुद कमाने के चक्कर में लगा रहता है। अभी चुनाव हो जाने दीजिये, हमारे साथ कोई था जो गड़बड़ किया है, सबका जांच होगा। यही सब पता चला तो छोड़ दिए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ये बातें हवेली खड़गपुर के खंडबिहारी बेसिक स्कूल स्थित मैदान में एनडीए उम्मीदवार राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहीं।

नीतीश कुमार ने कहा कि अब हम इधर-उधर नहीं जाएंगे, आपको बता दिए हैं। ये सब इधर-उधर करते हैं। जब हम इधर आ गए तो हमारी पार्टी के लोगों को रुपया देकर खरीदने के चक्कर में थे। सोच लीजिये, ये सब कैसा कैसा-कैसा धंधा करता है। हम आप लोगों के लिए काम करते हैं और ये लोग अपने लिए काम करते हैं। सभी की जांच होगी।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि हम बिहार के विकास के लिए काम करते हैं। वर्ष 2005 के नवंबर से जनता ने हमें मौका दिया। इसके पहले बिहार में क्या हाल था यह आप भली-भांति जानते हैं। उन्होंने लालू प्रसाद और परिवारवाद पर कटाक्ष करते हुए कहा कि खुद हटे तो अपनी पत्नी को मुख्यमंत्री बनवा दिया। ये लोग सिर्फ अपने परिवार के लिए काम करते हैं। लेकिन हम पूरे बिहार को अपना परिवार मानते हैं। हमने समाज के हर तबके के उत्थान के लिए कार्य किया है। इसे याद रखिएगा, भूलिएगा नहीं।



# एसटीएफ ने तीन हथियार बनाने वालों के साथ पकड़ी मिनीगन फैक्ट्री

**निज संवाददाता | पटना**

एसटीएफ के आर्म्स सेल की विशेष टीम ने मुंगेर जिले में छापेमारी कर एक मिनी गन फैक्ट्री का खुलासा करते हुए 3 हथियार बनाने वालों को गिरफ्तार किया गया है। यह छापेमारी रविवार की अल सुबह जिले के सफियासराय थाना क्षेत्र में की गई। जिन तीन की गिरफ्तारी की गई है, उसमें जिला के मुफस्सिल थाना के बनौधा का रहने वाला मो. फन्न उर्फ मन्नु, साफियासराय थाना क्षेत्र के परहम का रहने वाला तारिक अनवर और मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मिर्जापुर बरदह का मो. महताब शामिल है। ये लोग एक मकान में चोरी-छिपे इस फैक्ट्री का संचालन कर रहे थे।

इनके पास से बड़ी संख्या अर्द्धनिर्मित हथियार और औजार बरामद किए गए हैं, इसमें 4 अर्द्धनिर्मित पिस्तौल, 2 बैरल, 2 मैगजीन, 8 कारतूस, 2 बेस मशीन, 2 ड्रिल मशीन, 1 वेल्ड्रींग मशीन, 3 ग्राइंडर मशीन, 2 हेक्सा ब्लेड के अलावा 1 टैब एवं 1 मोबाइल के अलावा हथियार बनाने वाले अन्य उपकरण बड़ी संख्या में बारमद किए गए हैं। फिलहाल इन सभी से पूछताछ चल रही है। इससे यह पता चल पाएगा कि इनके तार कहां तक जुड़े हुए हैं। यहां हथियारों को तैयार कर कहां भेजने की योजना थी। चुनाव से भी जोड़कर इस मामले की जांच की जा रही है।



# बाहुबली नेता अनंत सिंह जेल से निकले बाहर

**निज संवाददाता | पटना**

बिहार के मोकामा के पूर्व विधायक अनंत सिंह रविवार सुबह 15 दिनों की परोल पर बेऊर जेल से बाहर निकले। जेल से निकलने के बाद वे अपने गांव पहुंचे। रास्ते में उनके समर्थकों ने फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया। अनंत सिंह बिल्कुल दबंग अंदाज में दिख रहे थे। काले चश्मा में उनका टशन दिख रहा था। समर्थकों से मिलकर अनंत सिंह मुस्कुराते नजर आ रहे थे। जानकारी के मुताबिक अनंत सिंह को जमीन बंटवारे के लिए 15 दिनों की पेरोल मिली है। उनसे जब मीडिया ने पूछा तो उन्होंने कहा कि जनता से मिलना है और गांव में जमीन का बंटवारा करना है, इसलिए जेल से बाहर आए हैं। बिहार के बाहुबली नेता और मोकामा से पूर्व विधायक अनंत सिंह इन दिनों गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं। अनंत सिंह को किडनी की समस्या है और क्रेटिनिन का स्तर बढ़ गया है। हालांकि, फिलहाल वह खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं। बेउर कारा के अफसरों ने मेडिकल बोर्ड की अनुशंसा पर उन्हें आईजीआईएमएस में भर्ती कराया था।

बता दें कि बाहुबली नेता अनंत सिंह का मोकामा और मुंगेर में काफी दबदबा रहता है। भूमिहार वोटरों के बीच काफी चलती है इनकी। इन्हें छोटे सरकार के नाम से भी जाना जाता है।

बाहुबली अनंत सिंह ने कई शौक भी पाल रखे हैं। लेकिन हाथी-घोड़ा, बग्घी, कीमती विदेशी गाड़ियां और सोने के मुकुट को लेकर वे हमेशा चर्चा में रहते आए हैं। वहीं सोनपुर मेले में अनंत सिंह का घोड़ा सबसे अधिक आकर्षण का केंद्र रहा। वे अपने पालतू मवेशियों के गले में सोने की सिकरी पहनाते थे। सबसे खतरनाक बात यह कि उन्होंने अजगर पाल रखा था। घोड़े बादल और लाडला ने उन्हें खूब प्रसिद्धि दिलाई थी। 2022 फरवरी में जहानाबाद में घोड़ा रेस प्रतियोगिता में उनका घोड़ा लाडला ने बाजी मारी थी। वहीं, मार्च 2022 में बक्सर में हुई प्रतियोगिता में वह दूसरे स्थान पर रहा। वर्ष 2017 के सोनपुर मेले में अनंत सिंह की हथिनी पूरबी को देखने के लिए भी लोग काफी दूर से आए थे। अनंत सिंह के पास शानदार बग्घी भी है, जिसे उन्होंने दिल्ली से मंगवाया था। वे मर्सडीज कार में सफर करना ज्यादा पसंद करते हैं।



# अमरनाथ यात्रा 29 जून से होगी शुरू

**नई दिल्ली (ए.)।** बाबा बर्फानी की ये तीन तस्वीरें सामने आई हैं। अमरनाथ गुफा समुद्र तल से 17 हजार फीट की ऊंचाई पर है। कश्मीर के अनंतनाग जिले में अमरनाथ की पवित्र गुफा से बाबा बर्फानी की पहली तस्वीर सामने आ गई है। बर्फ का शिवलिंग करीब 8 फीट ऊंचा है। इस शिवलिंग के दर्शन-पूजन के लिए देशभर से लाखों श्रद्धालु अमरनाथ आते हैं। इस बार यात्रा 29 जून से शुरू होगी जो करीब 52 दिन चलेगी। 29 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन पूरी होगी। यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन 15 अप्रैल से शुरू हो गए हैं। जरूरी मेडिकल सर्टिफिकेट बनवाने की प्रक्रिया चल रही है। 13 से 70 साल की उम्र तक के भारतीय अमरनाथ यात्रा कर सकते हैं। यात्रा के लिए 15 अप्रैल से ऑन लाइन और ऑफ लाइन दोनों तरह से रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।



# प्राचार्य नियुक्ति में डिग्री और शोध पर 80 अंक निर्धारित

**निज संवाददाता | पटना**

राज्य के अंगीभूत कॉलेजों में प्राचार्य नियुक्ति की नियमावली की अधिसूचना राजभवन ने जारी कर दी है। प्राचार्य नियुक्ति के लिए प्रोफेसर या एसोसिएट प्रोफेसर आवेदन कर सकेंगे, जिन्हें न्यूनतम 15 वर्षों का विश्वविद्यालय, कॉलेज या उच्च शिक्षण संस्थानों में पढ़ाने का अनुभव हो। पीएचडी के साथ न्यूनतम 10 रिसर्च पब्लिकेशन रिव्यू या यूजीसी लिस्टेड जर्नल में होना चाहिए। किताब लिखने, रिसर्च प्रोजेक्ट, पेटेंट और इनोवेशन आदि के लिए न्यूनतम 110 स्कोर भी होना चाहिए। एकेडमिक और रिसर्च के लिए कुल 80 अंक और इंटरव्यू के लिए 20 अंक होंगे। आवेदन की अधिकतम आयु 60 वर्ष है। आरक्षण रोस्टर के आधार पर मेरिट लिस्ट तैयार होगा।

### बीपीएससी से चल रही 46000 प्रधानाध्यापक भर्ती

बीपीएससी की ओर से बिहार के विद्यालयों में प्रधानाध्यापक और प्रधान शिक्षकों के 46000 से ज्यादा पदों भर्ती निकली थी जिसके लिए 10 अप्रैल 2024 तक आवेदन की अंतिम तिथि है। बीपीएससी परीक्षा के जरिए शिक्षा विभाग तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग के अंतर्गत उच्च माध्यमिक विद्यालयों में प्रधानाध्यापक के 6061 पद और शिक्षा विभाग के प्राथमिक विद्यालयों में प्रधान शिक्षकों के 40247 पदों पर भर्ती होनी है। दोनों पदों में महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत सीटें आरक्षित हैं। प्रधान शिक्षकों की भर्ती के लिए पहले भी परीक्षा हुई थी पर इसमें ज्यादा शिक्षक सफल नहीं हो सके। सिर्फ 461 ही कामयाब हुए थे। ऐसे में फिर से ली जा रही परीक्षा के लिए आवेदन लिए गए हैं।

BAYC Institute
स्थापित : 1972

बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज

गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7



नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

डॉक्टर बनें
एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन

DIPLOMA COURSE
DAT Acupressure Theapy | DAYS Acupressure Yoga Science | DY Yoga अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th | DEMS अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th Electrohomeopathy Medicine Science

DEGREE COURSE
MBBA Bachelor of Magnet & Acupressure | BAYS अवधि : 03 वर्ष योग्यता : 10+2 Bachelor of Acupressure Yoga Science | BEMS Bachelor of Electrohomeopathy Medicine Science | MBAS अवधि : 4½ वर्ष योग्यता : 10+2 Bachelor of Medicine in ALT. Science
MD (Acu Yoga) | MD (TM) अवधि : 01 वर्ष योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | MD (EH) अवधि : 02 वर्ष योग्यता : BEMS
BA (Yoga) | MA (Yoga) | Yoga Teacher Course

PROFESSIONAL
BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL
BA | MA HINDI | POLITICAL SCIENCE SOCIOLOGY | HISTORY



Proposed Campus

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

Direct Admission | Regular Classes | Online Classes | Experienced Faculties

» एक्यूप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि |



डॉ. अजय प्रकाश
सचिव

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं|

Apply Online : www.bayc.in



डॉ. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

9572607696, 9304942855, 9334278279


परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारम्भ होने वाली है| सम्बंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में संपर्क करें|

Email : baycpatna@gmail.com | Website : www.indianacupressure.com

# संक्षिप्त समाचार

## कट्टा लहराने वाले दो शख्स को गया पुलिस ने दबोचा

**गया**। गया में डीजे की धुन पर देसी कट्टा लहराते हुए वायरल हुए वीडियो के मामले में एक युवक और एक नाबालिग को गया पुलिस ने पकड़ा है। यह कार्रवाई मोहनपुर थाना द्वारा की गई है। मोहनपुर थाना पुलिस ने पथुलवा गांव से एक युवक को गिरफ्तार किया है, जबकि दूसरे को मगध यूनिवर्सिटी थाना क्षेत्र से पकड़ा है। हथियार लहराने का वीडियो 3 अप्रैल को मोहनपुर पुलिस को किसी मुखबिर ने दिया था। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि डीजे पर बजाए जा रहे गाने पर देसी कट्टा लहराने का वीडियो मिला था। उसी के आधार पर वरीय पुलिस अधिकारी के निर्देश पर वायरल वीडियो का सत्यापन कराया गया। जांच में बातें सही निकली। इसके बाद कट्टा लहराने वाले दोनों लडकों की पहचान जुटाई गई। साथ ही वरीय अधिकारियों को सूचना दी गई और इस मामले में कार्रवाई करते हुए अरेस्टिंग के लिए छापेमारी की गई। पकड़े गए आरोपियों में से एक मोहनपुर थाना क्षेत्र के पाथुलवा का रहने वाला श्रवण कुमार है जबकि दूसरा आरोपी मगध विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के ग्राम छोटकी पड़रिया का रहने वाला है। वह नाबालिग है। बोधगया एसडीपीओ सौरभ जायसवाल ने बताया कि मोहनपुर पुलिस ने इस मामले में तेजी से कार्रवाई करते हुए आरोपियों को पकड़ा है। दो में से एक आरोपी नाबलिग है। उन्होंने बताया कि हथियार नाबलिग को ही घर मे छिपाने के लिए आरोपी श्रवण कुमार ने दिया था।



## लाल रंग हमारे जीवन में प्रेम का प्रतीक : विनीत कुमार



**गया**। शहर के सर्वे ऑफिस के निकट स्थित आरंभिक प्ले हाउस में रेड डे धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान सभी बच्चे लाल रंग की पोशाक में बहुत मनमोहक दिख रहे थे। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की शिक्षिकाओं ने भी बच्चों से विभिन्न प्रकार के फल-फूल और सब्जियों के नाम जैसे एप्पल ,स्ट्रॉबेरी, रोज, टमाटर आदि के कट आउट्स बनाकर बच्चों के गले में पहनाया और इस तरह से खेल-खेल में बच्चों ने फ्रूट्स, वेजिटेबल्स, कलर्स, ट्रैफिक लाइट आदि के बारे में जाना भी और बड़ी आसानी से उनके स्पेलिंग भी याद कर ली। बच्चों ने मिलकर थंब प्रिंटिंग और बहुत सारे अन्य एक्टिविटी लाल रंग से की। विद्यालय के निदेशक विनीत कुमार और सचिव रजनीश कुमार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि लाल रंग हमारे जीवन में प्रेम का प्रतीक है। इसलिए हमें आपसी मतभेद और नफरत को भूलकर समाज में मिलजुल कर प्रेम से रहना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य अलका सिंह और व्यवस्थापक मृगांक सिंह ने भी बच्चों को बताया कि लाल रंग अच्छे स्वास्थ्य और सेहत का भी प्रतीक है। अच्छी सेहत के लिए लाल रंग के रसीले फलों का सेवन बहुत आवश्यक होता है। खेल-खेल में ही अनुपम, ज्योति, स्नेह लता, आरती, वैष्णवी, गुलिस्ता सभी शिक्षिकाओं ने भी बच्चों को ट्रैफिक लाइट के बारे में भी बताया और कहा लाल रंग खतरे का प्रतीक है। जब ट्रैफिक लाइट में रेड लाइट आता है तो हमें सड़क पार नहीं करना चाहिए। मौके पर डांस टीचर गौतम के साथ विद्यालय के नन्हें-मुन्ने छात्र भी रेड डे पर बच्चों के साथ गाना जैसे आहा टमाटर और बहुत सारे गानों पर मस्ती करते नजर आए। ।

## इस वर्ष पितृपक्ष में बन जाएगा घुघड़ीटांड़-बाइपास से विष्णुपद तक अप्रोच पथ

**गया**। गया अप्रैल माह से ही मोक्षदायिनी फल्गु सूखी पड़ी है। नदियों के प्रमुख घाटों पर पानी की एक बूंद तक नहीं है। गयाजी रबड़ डैम भी सूख गया है, पर देश-विदेश से देवघाट पर पितरों की मुक्ति के लिए आने वाले तीर्थयात्रियों को कर्मकांड करने में पानी की दिक्कत न हो, इसके लिए जल संसाधन विभाग द्वारा लगातार मोटर पंप से फल्गु में पानी को भरा जा रहा है। इस जल से ही तीर्थयात्री अपने कर्मकांड को पूरा कर रहे हैं। विभाग के मुख्य अभियंता सुजीत कुमार ने बताया कि अभी कुछ तीर्थयात्री आ रहे है। वैशाख पूर्णिमा तक इनके आने-जाने का सिलसिला जारी रहेगा। तीर्थयात्रियों को कर्मकांड में दिक्कतें न हो, इस वजह से गयाजी डैम में मोटर पंप से पानी भरा जा रहा है। यहां पानी पर्याप्त मात्रा में है। तीर्थयात्री इस जल में स्नान-दान का भी कार्य कर रहे हैं। मुख्य अभियंता श्री कुमार ने बताया कि गयाजी में तीर्थयात्रियों का आगमन धीरे-धीरे कम हो रहा है। डैम की साफ-सफाई का यह उचित समय है। एक जून से गयाजी डैम की साफ-सफाई शुरू होगी। मोक्षदायिनी फल्गु में जमे गाद को तलहटी से हटाया जाएगा। डैम की सफाई के कार्य को पूरा करने के बाद ही मोक्षदायिनी फल्गु में पानी को भरा जाएगा। उन्होंने बताया कि गयाजी डैम की साफ-सफाई की विशेष निगरानी होगी। मोटर पंप के जरिए गयाजी डैम में भरा जा रहा पानी। इस पितृपक्ष शुरू हो जाएगा अप्रोच पथ शहर के घुघड़ीटांड़-बाइपास से मुक्तिधाम होते हुए विष्णुपद तक पहुंचने वाला अप्रोच पथ इस पितृपक्ष से पूर्व शुरू हो जाएगा। नए पथ के निर्माण से गयाजी आने वाले तीर्थयात्रियों को काफी सुविधा मिलेगी। मुख्य अभियंता ने बताया कि इस पथ की लंबाई करीब 450 मीटर और चौड़ाई करीब 10 से 12 मीटर है। इसके निर्माण में 21 करोड़ 60 लाख रुपए का खर्च पड़ा है। प्रत्येक दिन अधिकारियों की टीम निर्माण कार्य की जांच कर रहे हैं। पथ के नीचे 4 सौ मीटर ड्रेनेज सिस्टम जल संसाधन विभाग गया के मुख्य अभियंता ने बताया कि पथ के नीचे करीब 400 मीटर लंबा ड्रेनेज सिस्टम बनेगा, जो जरिए नाला को जोड़ेगा। इसके अलावे चहारदीवारी का निर्माण भी किया जाएगा। इस नए अप्रोच पथ का सीता पथ की तरह सौंदर्यीकरण होगा। नए अप्रोच पथ पर दो नए घाट भी बनेंगे। इन सभी कार्यो जल संसाधन विभाग के साथ डब्ल्यूआरडी, पुल निर्माण निगम, आरसीडी व पर्यटन विभाग मिलकर पूरा करेगा। पार्किंग की होगी यहां उमदा व्यवस्था श्री विष्णुपद तक बन रहे नए अप्रोच पथ में आने वाले पर्यटकों व श्रद्धालुओं को उमदा पार्किंग की व्यवस्था मिलेगी। यहां घुघड़ीटांड़ बाइपास के पास वाहनों की पार्किंग के लिए एक बड़ा एरिया को तैयार किया जा रहा है। इसके अलावे मंदिर तक लोग आसानी से पहुंच जाए, इसके लिए आने वाले दिनों में छोटे-छोटे ई-रिक्शा अप्रोच पथ पर चलाने पर भी विचार किया जा रहा है, इससे बुजुर्ग व लाचार श्रद्धालुओं को राहत मिलेगी।



## हेल्थ कैंप में स्कूली बच्चों के आंख और दांतों की हुई जांच

**गया**। नगर प्रखंड के डिहुरी मध्य विद्यालय में शुक्रवार को रोटरी क्लब ऑफ गया सिटी के बैनर तले बच्चों के स्वास्थ्य जांच के लिए हेल्थ कैंप लगा। इस हेल्थ कैंप में स्कूली बच्चों के दांत व आंख की जांच की गई। दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. संजीत प्रकाश व डॉ. समीर जैन ने सभी बच्चों के दांतों की जांच की। इस दौरान बच्चों को बताया कि वे अपने दांतों को कैसे साफ रखे? जिससे दांतों से जुड़ी बीमारी से बचा जा सके। नेत्र सहायक वसीम आरिफ अंसारी ने सभी बच्चों की आंखों की जांच की। अध्यक्ष विजय भलोठिया ने बताया कि हेल्थ कैंप में 145 बच्चों के आंख व दातों की जांच की गई। इस दौरान सभी को टूथपेस्ट व टूथब्रश दिया गया। वहीं आंख जांच के दौरान जिन बच्चों को चश्मे की जरूरत पड़ी, उन्हें रोटरी गया सिटी द्वारा चश्मा भी उपलब्ध कराया जा रहा है। इस मौके पर प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ रतन कुमार, राजकुमार दुबे, श्रीश प्रकाश, अंजुम, प्रदीप धानुका, रंजीत शाह, प्रदीप जैन, अरविंद सिन्हा व नौशाद आलम, विद्यालय के प्रधानाचार्य वीरेंद्र कुमार आदि मौजूद थे।

# नालंदा DM ने निमाकोल में बोरिंग कराने का दिया निर्देश

## टैंकरों से घरों तक की जाएगी पेयजल आपूर्ति

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने पीएचईडी विभाग को यथा शीघ्र गांव में बोरिंग करने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया है की बोरिंग कार्य पूर्ण होने तक तत्काल नगर निगम बिहार शरीफ के द्वारा प्रभावित घर तक टैंकर के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की जाए। इसके अलावा जिला एवं प्रखंड के अधिकारियों के द्वारा स्थल निरीक्षण भी किया गया है। जिलाधिकार ने कहा है कि हरनौत प्रखंड के सरथा पंचायत के निमाकोल एवं अन्य वार्ड में पेयजल आपूर्ति समस्या को यथा शीघ्र दूर किया जाए।

**दूर हो जाएगी समस्याः** दरअसल निमाकोल गांव के वार्ड संख्या 2 में नल जल योजना का लाभ ग्रामीणों को पिछले 6 महीने से नहीं मिल रहा था। ग्रामीण भीषण गर्मी में खेत खलिहान से पानी लाने के लिए विवश हो रहे थे। 100 घर की आबादी पानी को लेकर जद्दोजहद कर रही थी। खेत खलिहान में जहां बोरिंग चालू होती उधर ही ग्रामीण पानी के लिए बाल्टी, तसला लेकर दौड़ पड़ते थे। गांव के लोगों का कहना था कि घर-घर कनेक्शन तो मिल गया है लेकिन नल में जल नहीं आता है। जिसके कारण लोगों को पानी एकत्रित करने में ही सारा समय चला जाता था। चंडी प्रखंड एवं हरनौत प्रखंड में विभागों के काम को लेकर नीमाकोल के लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही थी। बोरिंग हो जाने के उपरांत अब गांव के लोगों की समस्या दूर हो जाएगी। नीमकोल वही गांव है जहां का रहने वाला सोनू मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सामने पढ़ाई को लेकर अर्जी लगाने के मामले में वायरल हुआ था।

# गया के सिंगरा स्थान पहाड़ी पर लगी आग

## दहशत में लोग, फायर ब्रिगेड ने झोंकी ताकत

निज संवाददाता। गया



गया जिले के रामपुर थाना क्षेत्र के सिंगरा स्थान स्थित पहाड़ी के ऊपर शनिवार देर शाम आग लग गई। इससे पूरे इलाके में हड़कम्प है। लोग भयभीत है कि कहीं आग पहाड़ी से नीचे की ओर ने आ जाए। आग तेजी से पहाड़ी के बड़े भूभाग में फैल गई है। आग की लपटे दूर-दूर से दिख रही हैं। पहाड़ी के आसपास रहने वाले दहशत में हैं। पहाड़ के पेड़ जलकर राख होने लगे हैं। पहाड़ी पर आग होने की वजह से फायर ब्रिगेड की टीम को चुनौतियां का सामना करना पड़ रहा है इसकी खास वजह पहाड़ की ऊंचाई तक पाइपलाइन का पहुंचाना संभव नहीं है।

**फिलहाल कोई हताहत नहींः** जानकारी के अनुसार स्थानीय लोगों ने 112 पर कॉल कर घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही आग पर काबू पाने के लिए 2 दमकल गाड़ियां अग्निशमन मुख्यालय से भेजी गई। पहाड़ी पर लगी आग काफी ऊंचाई पर होने के कारण दमकल गाडियां के लिए भी आग बूझाना काफी मुश्किल हो रहा था। उन्होंने तय किया कि आग यदि नीचे की ओर आती है उसे आसानी से रोका जाएगा। इसी प्लांनिग के तहत काम किया गया। कुछ ही देर में आग पहाड़ के निचले भागों में फैल गई। ऐसे में आस-पास रहने वाले लोगों में काफी डर का माहौल बन गया। देर रात तक दमकल गाड़ियां आग पर काबू पाने के लिए जुटी हुई है। पानी की बौछार फोर्स के साथ पहाड़ी पर किए जा रहे हैं। हालांकि इस अगलगी में अब तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। जिला पुलिस भी घटना स्थल पर तैनात है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहाड़ी पर असामाजिक गतिविधियों के कारण ही इन पहाड़ियों पर आग लग रही है।

# नालंदा में किशोरी के साथ छेड़खानी मामले में सात नामजद

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा के मानपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार की शाम मां के साथ शौच जा रही किशोरी के साथ मनचलों ने छेड़खानी और छिनतई की घटना को अंजाम दिया था। विरोध करने पर ननिहाल आई किशोरी के मामा और नानी के साथ दर्जन भर बदमाशों ने मारपीट भी की थी। इस घटना में मां बेटे को गंभीर चोट आई थी। जिन्हें इलाज के लिए परिजनों के द्वारा बिहार शरीफ सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। छेड़खानी,मारपीट एवं छिनतई के मामले में पीड़िता के द्वारा गांव के ही राजेश यादव, लालू यादव, सूरज यादव, सुनील यादव, मुन्ना कुमार, कुंदा कुमार समेत एक अन्य को आरोपित कर मामला दर्ज कराया गया है। मानपुर थाना अध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर पुलिस बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी में जुट गई है।

**सोने के जेवरात भी छीन लिएः** दरअसल शुक्रवार की शाम मां बेटी शौच के लिए घर से बाहर जा रही थी इसी बीच गांव के ही चार लड़कों ने आकर घेर लिया और किशोरी के साथ छेड़खानी करने लगा। जब उन लोगों ने शोर शराबा किया तो घर वाले वहां पहुंचे। घर वालों ने जब मनचलों की हरकतों का विरोध किया तो उन लोगों ने अपने साथियों को बुला लिया मारपीट कर दी। बदमाशों ने सोने के जेवरात की भी छिनतई कर लिया। किशोरी अपनी मां के साथ एक दिन पूर्व ही ननिहाल आई थी। इस घटना के बाद वह काफी डरी सहमी हुई है। मारपीट की घटना में घायल सदर अस्पताल में इलाजरत हैं।

# नामांकन को लेकर नालंदा में रूट किए गए डाइवर्ट, 7 से 14 मई तक जारी हुआ रूट

## बरबीघा/शेखपुरा जाने वाले वाहन मोगल कुंआ रहुई रोड होते हुए निकलेंगे

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा में लोकसभा का चुनाव एक जून को निर्धारित है। उक्त चुनाव का नामांकन 7 मई से लेकर 14 मई तक निर्धारित है। नाम निर्देशन कार्य नालंदा के समाहरणालय बिहार शरीफ स्थित जिला निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय प्रकोष्ट में की जाएगी। नामांकन के क्रम में विधि व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था संधारण के लिए समाहरणालय एवं आसपास महत्वपूर्ण स्थलों पर दंडाधिकारी,पुलिस पदाधिकारी, पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। सदर सीओ प्रभात रंजन एवं बिहार थाना अध्यक्ष को यह निर्देश दिया गया है कि प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी की उपस्थिति का समय-समय पर जांच कर जिलाधिकारी को इससे अवगत कराएंगे। नामांकन स्थल के 100 मीटर की परिधि में सरकारी वाहन, आपातकालीन सेवा वाले वाहनों को छोड़कर कोई भी वाहन प्रवेश न करें, यह सुनिश्चित की जाए। उक्त क्रम में समाहरणालय एवं आसपास व्यवस्था बनाए रखने हेतु आदेश जारी किया गया है। वहीं वाहनों को लेकर रूट को भी डायवर्ट किया गया है।

**7 से लेकर 14 मई तक रूट रहेगा डाइवर्टः** आलम क्लिनिक से अनुमण्डल कार्यालय उत्तर गेट के पास बनाये गये ड्रॉप गेट तक एवं डी०आर०डी०ए० कार्यालय से समाहरणालय के पुरानी गेट तक सभी प्रकार के वाहनों (सरकारी / आपातकालीन वाहनों को छोड़कर) का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। सरकारी वाहन / आपातकालीन सेवा वाले वाहनों को छोड़कर अन्य वाहनो को सोगरा उच्च विद्यालय के ग्राउण्ड में पार्किंग किया जायेगा। कचहरी चौक एवं अम्बेर तिनमुहानी की ओर से आलम क्लीनिक की ओर जाने वाली सभी वाहने कचहरी चौक से भैंसासूर चौक होते हुए जायेगी। एतवारी बाजार से समाहणालय होकर अम्बेर चौक / नईसराय की ओर जाने वाली सभी वाहन आलम क्लीनिक के पास से भैसासूर चौक होते हुए अम्बेर चौक की ओर जायेगी। एतवारी बाजार तिराहा से आलम क्लीनिक के रास्ते अम्बेर चौक होते हुए वरविगहा / शेखपुरा की ओर जाने वाली सभी प्रकार की बड़ी वाहने यथा-बस, ट्रक, ट्रैक्टर इत्यादि मोगलकुआं नई रहुई रोड से ईमादपुर होते हुए सोहसराय हॉल्ट से नकटपुरा वायपास होते हुए जायेगी एवं आयेगी। यातायात थाना अध्यक्ष को यह निर्देश दिया गया कि उपरोक्त निर्धारित रूट के अनुसार वाहनों का परिचालन सुनिश्चित करेंगे। अपने स्तर से यातायात पुलिस की प्रतिनियुक्ति करेंगे। साथ ही खुद भी उपस्थित रहकर यातायात व्यवस्था बनाए रखेंगे।

# मामूली विवाद में चाकूबाजी, सहोदर भाई समेत 4 जख्मी, दोस्त के साथ केला खरीदने गया था बाजार

## गाली देने से मना किया तो किया हमला

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा में शनिवार की देर शाम मामूली विवाद को लेकर बदमाशों ने चार लोगों को चाकू मार जख्मी कर दिया। मामला नगर थाना क्षेत्र के पक्की तालाब मोहल्ले की है। चाकू बाजी में बड़ी दरगाह निवासी मोहम्मद परवेज,मोहम्मद समीर, मोहम्मद तनवीर एवं मोहम्मद कैशर जख्मी हो गया है। घटना के संबंध में जख्मी मोहम्मद समीर ने बताया कि वह अपने दोस्त मोहम्मद परवेज के साथ पक्की तालाब कुछ खाने एवं केला खरीदने के लिए गया था। जहां कुछ लड़कों ने उन लोगों को देखकर गाली गलोज करना शुरू कर दिया। जब उन लोगों ने गाली देने से मना किया तो चाकू निकाल उन लोगों पर हमला कर दिया। बीच बचाव करने आए उसके घर वालों को भी चाकू से वार कर जख्मी कर दिया गया। मोहम्मद समीर का भाई मोहम्मद तनवीर ने बताया कि मामूली विवाद में उन्हें और उनके भाई को बदमाशों ने चाकू से हमला कर दिया। युवकों के घर वालों ने भी इस घटना में उन लोगों का सहयोग किया। मोहम्मद समीर ने बताया कि पूर्व से किसी प्रकार की कोई दुश्मनी नहीं है। अचानक गाली देने से जब मना किया तो चाकू निकाल हमला कर दिया। इसके बाद डायल 112 की पुलिस को घटना की जानकारी दी गई मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस की मदद से उन लोगों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। बिहार थाना अध्यक्ष रामाशंकर सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के उपरांत तत्काल मौके पर पहुंची और मामले में दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। फिलहाल पीड़ित के द्वारा आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। आवेदन प्राप्त होने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। मामूली विवाद को लेकर चाकू बाजी की घटना हुई है।

# महाबोधि मंदिर के दान पात्र से रुपए की चोरी, वीडियो

निज संवाददाता। गया



विश्वविख्यात विश्वधरोहर महाबोधि मंदिर के गर्भ गृह के दान पात्र से रुपए की चोरी का एक वीडियो सामने आया है। इसमें भिक्षु पर ही चोरी का आरोप लगा है। वीडियो में दिख रहा है कि भिक्षु दान पेटी से रुपए निकालता है। फिर उसे गिनकर अपनी जेब में रख लेता है। इधर, भिक्षु बोधगया मंदिर प्रबंधकारिणी समिति (बीटीएमसी) की सचिव महाश्वेता महारथी का कहना है कि मामले की जांच कराई जाएगी और दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई भी की जाएगी। वायरल वीडियो को मंगवाया गया है। वीडियो में दान पेटी से रुपए निकालने वाला भिक्षु चीवर धारण किए हुए है। आरोपी बीटीएमसी द्वारा नियुक्त बौद्ध है। उसकी पहचान बीटीएमसी के लिस्टेड भिक्षु धम्मिका के रूप में की गई है। बीटीएमसी के 10 भिक्षुओं की लिस्ट में शुमार है। लिस्ट में उनका स्थान ऊपर से 5वें नम्बर पर है। वायरल वीडियो महज 25 सेकंड का है।

**क्या है वीडियो मेंः** गौतम बुद्ध की प्रतिमा के निकट रखे गए दानपात्र के बॉक्स से भिक्षु रुपए तेजी से निकालता है और उन रुपए को सहेज कर अपने चीवर की जेब में रख लेता है। यही नहीं इसके बाद वह भगवान बुद्ध की प्रतिमा के पैर छू कर वापस लौट जाता है।

# गया में बस मालिकों पर कसा नकेल

निज संवाददाता। गया



गया। यातायात पुलिस जिले में पहली बार नए तेवर में दिख रही है। अब तक वाहन चेकिंग और बगैर हेलमेट वालों का फाइन करने वाली ट्रैफिक पुलिस अब बड़ी मछली की गर्दन पकड़ने में जुट गई है। बगैर परमिट के बसों का संचालन और सड़कों पर घण्टों बस खड़ी करने वालों के खिलाफ अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत पहले दिन एक दर्जन बस का करीब 3 लाख का चालान काटा गया है। खास बात यह है कि चालान उन्हीं बस मालिकों का काटा गया है जो पूरी दबंगई से सड़कों पर बसें खड़ी करते हैं और बगैर परमिट का भी सवारी ढोते हैं। यही नहीं उन बस मालिकों के खिलाफ कोई बोलने की भी हिम्मत नहीं जुटा पाता है। लेकिन इस बार पुलिस ने उनके ऊपर भी नकेल कसा है। ट्रैफिक डीएसपी निशु मलिक ने बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक गया के निर्देशानुसार सुचारू यातायात और जाम से शहरवासियों को राहत एवं यातायात नियमों के उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए DSP ट्रैफिक, DTO और ESI के संयुक्त नेतृत्व में एक विशेष अभियान चलाया गया। जिसमे गया शहर के सिकरिया मोड़, गेवाल बिगहा मोड़ और महारानी पेट्रोल पंप के निकट यातायात नियमों के उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। कार्रवाई अवैध पार्किंग,बिना परमिट के चलाए जा रहे वाहन, बिना इंश्योरेंस के वाहन, यातायात में बाधा उत्पन्न करने वाले वाहन,बिना फिटनेस के वाहनो की जांच की और गलत पाए जाने वालों के खिलाफ चालान काटा गया।

# होल्डिंग टैक्स में इजाफे से खफा हैं गया के लोग

निज संवाददाता। गया



**शहर के 70 सड़के ए श्रेणी में, गली कूचे भी शामिल**

गया नगर निगम के तहत आने वाले वाशिंदे इन दिनों नगर सरकार और राज्य सरकार दोनों से खफा चल रहे हैं। इसका कारण मनमाने तरीके से सड़कों व गली कूचों का वर्गीकरण के साथ ही होल्डिंग टैक्स में भारी वृद्धि किया जाना है। शहर के सभी प्रमुख सन्गठन नगर निगम की इस हरकत से खासे नाराज हैं। आलम यह है कि शहर के सभी संगठन एकजुट होकर अपनी आवाज उठा रहे हैं। साथ ही वे शासन से लेकर प्रशासन तक अपना मेमोरेंडम भेज कर टैक्स वृद्धि में वाजिब सुधार की मांग की जा रही है। चैम्बर आफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष अनूप केडिया कहना है कि यह मसला केवल शहर के व्यवसायियों का नहीं है बल्कि हर उस सड़क और उस गली से जुड़े घर का है जिनका वर्गीकरण कर ए श्रेणी में लाया गया है। यह गलत है। टैक्स मनमाने तरीके से नहीं बढ़ाया जा सकता। इसके लिए हमलोगों ने एकजुट हो कर मुहिम छेड़ दी है। अपनी मांग को लेकर शासन से लेकर प्रशासन तक मेमोरेंडम भेजे जा रहे हैं। वहीं चैम्बर आफ कॉमर्स के अध्यक्ष विपेंद्र अग्रवाल का कहना है कि वर्गीकरण मनमाने ढंग से किया नगर निगम द्वारा किया गया। वर्गीकरण की वैधानिक प्रक्रिया भी पूरी नहीं की और सरकार ने टैक्स में 9 गुना वृद्धि कर दी। जिसका सालाना 80 हजार था। उसका अब 2 लाख बीस हजार हो गया। यह पूरी तरह मनमानी है। वहीं आलोक नन्दन, विजय भदानी सेंट्रल बिहार चैम्बर आफ कॉमर्स के सचिव सुनील कुमार ने कहा कि कल तक 24 सड़कें मुख्य सड़क यानी ए श्रेणी में शुमार थी अब 74 कर दी गईं । यही नही उसमें उन छोटी छोटी गलियों को भी शामिल कर दिया गया जिनमें ऑटो तक नहीं जा सकते। आलोक नन्दन ने कहा कि बेशक हम गया में हैं लेकिन अब हमें पटना के बुद्ध मार्ग वाला टैक्स देना है।

# तनाव में आकर युवक ने जहर खाकर की खुदकुशी

- परिजनों द्वारा नगर थाना को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया।

**निज संवाददाता**

**सासाराम (रोहतास)।** सासाराम नगर थाना क्षेत्र के गोपालगंज मोहल्ले में गुरुवार की शाम जहर खाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक व्यक्ति सासाराम नगर थाना क्षेत्र के गोपालगंज के मुरली सेठ का पुत्र रामदुलार सेठ बताया गया है। बताया कि रामदुलार ने घर में ही रखा जहर खा लिया, परिजनों को जैसे ही जानकारी हुई वो उसे चिकित्सक के पास ले गए, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। मौत की सूचना में मुरली सेठ के घर में कोहराम मच गया। परिजनों द्वारा नगर थाना को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। सदर अस्पताल के चिकित्सक डॉक्टर बी के पुष्कर ने बताया कि रामदुलार सेठ की मौत जहर से हुई है। उसके शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। परिजनों ने बताया कि डिप्रेशन में आकर व्यक्ति ने जहर खा लिया जिससे उसकी मौत हो गई। नगर थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। सदर अस्पताल सासाराम में पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस का अगली कार्रवाई भी जारी है।



## 2 घंटे का पावर कट, गौरक्षणी फीडर में सुबह 7 से 9 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी



**रोहतास (सासाराम) (नि.सं.)।** में शनिवार 4 मई को पावर कट किया जाना है। विद्युत आपूर्ति प्रशाखा, तकिया अंतर्गत ग्रीष्मकालीन तकनीकी गड़बड़ी सुधारने और अतिरिक्त ट्रांसमॉर्मर लगाने को लेकर बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। 11 के.वी. गौरक्षिणी फीडर का लाइन सुबह 7 बजे से 9 बजे तक बंद रहेगा। यह जानकारी विद्युत आपूर्ति प्रशाखा, गौरक्षीणी के कनीय अभियंता सौरभ गुप्ता ने दी है। कनीय अभियंता ने कहा कि उपभोक्ताओं को आग्रह है कि विद्युत आपूर्ति बंद होने से पहले ही बिजली संबंधित जरूरी काम निपटा लेंगे। इस बिजली कटौती के कारण गोरक्षणी के गजराढ़ मोहल्ला, यादव मोहल्ला, पांजर कॉलोनी पंजाबी मोहल्ला, प्रेमचंद पथ, गोपालगंज समेत दर्जन भर मोहल्लों की बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। उन्होंने बताया कि गर्मी के कारण लोड बढ़ा है। इसे लेकर कई स्थानों पर शहर में नए ट्रांसफॉर्मर लगाए गए हैं। कई जगह लगाए जाने हैं। इसी क्रम में शनिवार को गौरक्षणी में नए ट्रांसफॉर्मर लगाए जाएंगे।

# चने से भरा ट्रक पलटा, दूसरे ट्रक चालक की गई जान

- घायल स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल भभुआ रेफर कर दिया।

**निज संवाददाता**

**कैमूर (भभुआ)।** के दुर्गावती थाना क्षेत्र में कुलहडीया मोड़ के पास डीजल चेक कर रहे चालक के ऊपरपीछे से आ रहे दूसरे ट्रक का सामान गिर गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दुर्गावती में भर्ती कराया। जहां पर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल भभुआ रेफर कर दिया। वहां जाने के दौरान उसकी जान चली गई। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भभुआ भेज दिया। वहीं गाड़ी में रखे कागजात के आधार पर मृत ट्रक चालक की पहचान की गई। मृतक उत्तर प्रदेश के सिकंदराबाद थाना के अजय पाल चौहान का बेटा राहुल कुमार बताया गया है। जानकारी देते हुए मृतक के भाई राहुल कुमार ने बताया कि कुलहड़िया मोड़ के पास वह ट्रक का डीजल देख रहा था। इस दौरान पीछे से आ रहा दूसरा ट्रक पलट गया और उस पर लदा चना इसके ऊपर गिर गया। इससे वह घायल हो गया। मामले को लेकर दुर्गावती थाना अध्यक्ष राजीव रंजन कुमार ने बताया कि फिलहाल शव का पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है। मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया गया था। वह लोग आ भी गए है। इसके बाद आवेदन मिलने पर जांच की जाएगी।



# गैस सिलेंडर से रिसाव, दंपती सहित तीन झुलसे, खाना बनाने के दौरान हुआ हादसा

**निज संवाददाता**

**भभुआ (कैमूर)।** जिले के भभुआ शहर के वार्ड नंबर एक हनुमान नगर में खाना बनाने के दौरान गैस सिलेंडर से अचानक आग लग गई। खाना बना रही महिला झूलसने लगी। चिखने की आवाज सुनकर उसे बचाने के लिए पहुंचे पति और बेटे भी बुरी तरह झुलस गए। आसपास के ग्रामीणों ने किसी तरह आग बुझा कर तीनों घायलों को उपचार के लिए सदर अस्पताल भभुआ लाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। घायल भभुआ थाना क्षेत्र के अखलासपुर गांव के रहने वाले हैं। जो भभुआ शहर के वार्ड नंबर-1 में अपना मकान बनाकर रह रहे हैं। घायलों में सुशील कुमार सिंह, पत्नी किरण देवी और 13 वर्षीय पुत्र जयपति कुमार है। वार्ड नंबर-1 के पूर्व पार्षद दाऊ सिंह ने बताया सुशील कुमार सिंह वार्ड नंबर-1 में काफी दिनों से घर बनाकर पत्नी और बेटे के साथ रह रहे हैं। आज सुबह खाना बनाने के दौरान गैस सिलेंडर से रिसाव होने के कारण आग लग गई। जिसमें पति-पत्नी और बेटा तीनों बुरी तरह झुलस गए हैं। हम लोग चाहते हैं कि प्रशासन इलाज में उन्हें मदद करें और जो भी आर्थिक सहायता परिवार को मिलने वाली है दिलाई जाए। सदर अस्पताल भभुआ के चिकित्सक डॉ. अविनाश सिंह ने जानकारी देते हुए बताया सदर अस्पताल में एक ही परिवार के तीन लोग झुलसकर आए थे। सभी लोगों का प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। उनके शरीर का 30 से 40% हिस्सा जल चुका है, फिलहाल स्थिति खतरे से बाहर है। उपचार जारी है।



## विवाहिता का फंदे से झूलता मिला शव

**भभुआ (कैमूर) (नि.सं.)।** जिले के चांद थाना क्षेत्र के चंदोस गांव में एक विवाहिता का फंदे से झूलता हुआ शव मिला। घटनास्थल पर पहुंची पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। विवाहिता की शादी 11 जून 2023 को हुई थी। घटना की जानकारी मिलते ही मायके वाले ससुराल पहुंचे। पुलिस ने कागजी कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भभुआ भेजवा दिया। गले में फंदे के निशान पाए गए हैं। मृत विवाहिता चांद थाना क्षेत्र के चंदोस गांव के विनय कुमार की पत्नी मिर्ती कुमारी है। विवाहिता के पिता महेंद्र बिंद ने बताया कि मुझे जानकारी मिली कि मेरी बेटी की मौत हो गई है। सूचना मिलते ही मैं उसके ससुराल पहुंचा, तो देखा उसके शव को घर के ही आंगन में रखा गया है। पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच चुकी थी।

# कोड के सहारे टोल-प्लाजा पार होती है ओवरलोड बालू गाड़ियां

- ट्रक चालक ने स्टिंग में बताया कि हमारी गाड़ी ओवरलोड में चलती है। जब डेहरी से बालू लोड कर हम आते हैं, तो मोहनिया टोल प्लाजा पर पुलिस और मजिस्ट्रेट गाड़ियों को पकड़ने के लिए लगाया गया है। लेकिन वहां पर हम लोग कोड के रूप में मनीष बताते हैं।

**निज संवाददाता**

**भभुआ (कैमूर)।** मोहनिया टोल प्लाजा पर बालू गाड़ी को पकड़ने के लिए 24 घंटा 3 सीफ्टों में मजिस्ट्रेट और पुलिस की तैनाती होती है। लेकिन पिछले 6 महीने में इस टोल प्लाजा पर एक भी बालू की ओवरलोड गाड़ियां नहीं पकड़ी गई है। यानी इन पदाधिकारी के अनुसार कैमूर में एक भी बालू की गाड़ी ओवरलोड या अवैध चलान की नहीं गुजर रही। लेकिन ठीक इसके विपरीत माइनिंग और थाना द्वारा गाड़ियां पकड़ ली जाती है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि टोल प्लाजा पर तैनात होने वाले पुलिस और पदाधिकारी ओवरलोड और अवैध बालू की गाड़ियों के प्रति आखिर नरम रुख क्यों रखते हैं। ट्रक चालक ने स्टिंग में बताया कि हमारी गाड़ी ओवरलोड में चलती है। जब डेहरी से बालू लोड कर हम आते हैं, तो मोहनिया टोल प्लाजा पर पुलिस और मजिस्ट्रेट गाड़ियों को पकड़ने के लिए लगाया गया है। लेकिन वहां पर हम लोग कोड के रूप में मनीष बताते हैं। जिनके नाम पर गाड़ियां पार हो जाती है। फिर मालिक वहां के पदाधिकारी को क्या देते हैं यह मुझे नहीं पता। बस उनके द्वारा जो कोड बताया जाता है, वही कोड हम टोल प्लाजा पर बोलते हैं फिर मेरी गाड़ी कितना भी ओवरलोड हो या बिना कागजात की हो आसानी से चली जाती है। अगर यह कोड न बताया जाए तो गाड़ियां पकड़ा जाए तो लगभग 4 लाख रुपए एक गाड़ी पर जुर्माना लगता है। मनीष नाम के मजिस्ट्रेट की तैनाती टोल प्लाजा मोहनिया पर बालू गाड़ियों को पकड़ने के लिए अक्सर लगाई जाती है। उन्हीं से सांठ गांठ करके एंट्री माफिया और बालू माफिया वाहनों को पार करते हैं। अगर पूरे मामले का जांच अच्छे तरीके से किया जाए तो बहुत बड़े बालू के रैकेट का भंडाफोड़ हो जाएगा। इन सारी बातों पर प्रशासनिक पदाधिकारी बोलने से कतरा रहे हैं।




## डीएम को पत्र लिख भारी वाहनों पर रोक लगाने की मांग

**डालमियानगर (सासाराम) (नि.सं.)।** डालमियानग र आवासीय कॉलोनी के निवासियों ने जिला पदाधिकारी, डीजीपी, रोहतास उद्योग समूह के शासकीय समापक, स्टेट पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड पटना के अध्यक्ष, एसपी एवं एसडीएम को पत्र लिखकर छाई रोड से डालमियानगर आवासीय कॉलोनी होकर जा रहे ओवरलोड वाहनों पर रोक लगाने की मांग की है। आवासीय कॉलोनी एवं आसपास की रहने वाले ग्रामीणों ने दिए गए पत्र में बताया है कि औद्योगिक नगरी में भारी वाहनों का आवाजाही होने के कारण इसके डस्ट से लोगों को विभिन्न प्रकार की बीमारियां हो रही है एवं परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मांग करने वालों में सत्य रंजन प्रसाद सिंह, ओम प्रकाश सिंह, मनीष गुप्ता, अमरेश कुमार के अलावे अन्य लोग शामिल हैं।

# पवन सिंह का साथ देना जदयू पदाधिकारियों को पड़ा भारी

- झुना सिंह और पार्टी के जिला महासचिव सूरज पासी एवं सूर्यवंश कुशवाहा को पार्टी की प्रारंभिक सदस्यता से निलंबित करते हुए पार्टी से निष्कासित किया है।



महाशय
आपको सूचित किया जाता है कि राजपुर प्रखण्ड अध्यक्ष श्री झुन्ना सिंह, जिला महासचिव सूरज पासी ए[illegible]
सूर्यवंश सिंह को निर्दलीय प्रत्याशी पवन सिंह के [illegible]
देखा गया है। ये सभी लोग निर्दलीय प्रत्याशी का
समर्थन करते दिखे हैं यह पार्टी विरोधी गतिविधि[illegible]
अतः इस तरह के पार्टी विरोधी गतिविधि [illegible]
चलते तीनों लोगों को पार्टी से निष्कासित
किया जाता है।
आपका विश्वासी
अजय सिंह कुशवाहा
जिला अध्यक्ष जदयू (रो[illegible]

**निज संवाददाता**

**सासाराम (रोहतास)।** काराकाट से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे भोजपुरी अभिनेता और गायक पवन सिंह का साथ देने का अन्य राजनीतिक दलों में हलचल शुरू हो गई है। एनडीए के घटक जदयू के रोहतास जिला इकाई ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तीन पार्टी पदाधिकारियों को निलंबित कर दिया है। रोहतास जिला जनता दल यूनाइटेड के जिला अध्यक्ष अजय सिंह कुशवाहा ने अपने विशेषाधिकार का प्रयोग करते हुए राजपुर के प्रखंड अध्यक्ष झुना सिंह और पार्टी के जिला महासचिव सूरज पासी एवं सूर्यवंश कुशवाहा को पार्टी की प्रारंभिक सदस्यता से निलंबित करते हुए पार्टी से निष्कासित किया है। प्रदेश अध्यक्ष को भेजे गए पत्र में जिलाध्यक्ष ने लिखा है कि तीनों पार्टी के पदाधिकारी निर्दलीय प्रत्याशी पवन सिंह के साथ देखे जा रहे हैं। इस कारण तीनों लोगों को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। कुशवाहा ने बताया कि झुन्ना सिंह, सूरज पासी और सूर्यवंश कुशवाहा के बारे में लगातार पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त रहने के ठोस और पुख्ता सबूत मिले हैं। कई बार निर्देश और चेतावनी दिए जाने के बावजूद इन लोगों ने अपने आचरण और रवैया में कोई सुधार नहीं किया। उनके द्वारा लगातार किए जा रहे अनुशासनहीनता से क्षुब्ध होकर यह कदम उठाया गया है। अगर भविष्य में भी कोई पार्टी कार्यकर्ता इस प्रकार पार्टी विरोधी कार्यो में संलिप्त पाया जाएगा तो इसी प्रकार की कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिलाध्यक्ष अजय सिंह कुशवाहा के द्वारा नवनीत राय को राजपूर प्रखंड के कार्यकारी प्रखंड अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

बिहार सरकार
**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**
आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-१४.
विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(आई.टी.आई.सी.ए.टी.)-2024/03 दिनांक- 05.05.2024
**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा (ITICAT)-2024**
**Industrial Training Institute Competitive Admission Test (I.T.I.C.A.T.)-2024**
**आवश्यक सूचना**
सर्व साधारण एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा-2024 से सम्बन्धित सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(आई.टी.आई.सी.ए.टी.)- 2024/01 एवं 2024/02 दिनांक- 06.04.2024 के अनुसार ITICAT-2024 की परीक्षा में सम्मिलित होने के लिये Online आवेदन प्राप्त करने हेतु Registration करने की अंतिम तिथि 05.05.2024 निर्धारित है। **छात्रहित में ITICAT-2024 से सम्बन्धित महत्वपूर्ण तिथियाँ निम्नवत् विस्तारित किया जाता है;**
(i) Online Registration Closing Date : **15.05.2024**
(ii) Last date of payment through Net Banking/ Debit Card/ Credit Card/ UPI after submission of the Online Application Form of Registered Candidate : **16.05.2024**
(iii) Online Editing of Application Form : **17.05.2024 to 18.05.2024**
(iv) Uploading of Online Admit Card : **28.05.2024**
(v) Proposed Date of Examination : **09.06.2024**
(2) दिनांक 15.05.2024 तक पूर्णरूपेण भरे गये आवेदन में यदि किसी अभ्यर्थी के आवेदन के डाटा में कोई त्रुटि रह जाती है तो वे अपने भरे हुए Data को दिये गये उपरोक्त कार्यक्रम अनुसार Edit कर त्रुटि सुधार कर सकते हैं। इसके बाद त्रुटि सुधार का मौका नहीं दिया जायेगा।
(3) उपरोक्त के अतिरिक्त पूर्व प्रकाशित विज्ञापन की अन्य सभी सूचनाएँ / शर्त्तें यथावत रहेंगी।
(4) सभी सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि परीक्षा से सम्बन्धित अद्यतन जानकारी हेतु पर्षद के website **bceceboard.bihar.gov.in** के सम्पर्क में रहें।
परीक्षा नियंत्रक

# सदर अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड में हुआ शॉर्ट-सर्किट

**निज संवाददाता**

**सासाराम (रोहतास)।** जिला मुख्यालय स्थित सदर अस्पताल के नवजात बच्चों के एसएनसीयू वार्ड में रविवार को शॉर्ट-सर्किट हो गया। जिससे पूरे वार्ड में अचानक धुआं भर गया। आग लगने की आशंका से एसएनसीयू वार्ड में अफरा-तफरी की स्थिति हो गई। वार्ड में भर्ती सभी 12 बच्चों को स्वास्थ्य कर्मियों की मदद से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। प्रभारी सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार सिंह ने कहा कि वार्ड में शॉर्ट-सर्किट से धुंआ भर गया था। जिसके बाद तत्काल लाइन काट दी गई। स्वास्थ्य कर्मियों की तत्परता से सभी बच्चों सुरक्षति कर लिया गया। विद्युत व्यवस्था ठीक करा ली गई है। कोई जान और माल की क्षति नहीं हुई है। पिछले महीने भी सदर अस्पताल के ट्रामा सेंटर में शॉर्ट सर्किट हुई थी। पर स्थिति काबू में कर लिया गया था। एक महीने के अंदर यह दूसरी शॉर्ट-सर्किट की घटना है। इससे कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन एक बड़ा हादसा होते-होते बच गया।



## खेलते वक्त पानी भरे गड्ढे में डूबा बच्चा, मौत

**भभुआ (कैमूर) (नि. सं.)।** के कुदरा थाना क्षेत्र के झलखोरिया गांव में पानी भरे गड्ढे में डूब जाने से 6 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। परिजनों द्वारा दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पोस्टमार्टम करने के लिए शव को सदर अस्पताल भभुआ भिजवा दिया है। मृतक की पहचान कुदरा थाना क्षेत्र के झलखोरिया गांव के मुकेश शाह के पुत्र अंकुश कुमार के रूप में हुई है।

## लाइट रेलवे कंपनी के पूर्व कर्मचारियों को मिलेगा सूद समेत बकाया रकम

**निज संवाददाता**

**सासाराम (रोहतास)।** समापन में चले गए रोहतास उद्योग समूह के लाइट रेलवे कंपनी लि. के पूर्व कर्मचारियों अथवा उनके आश्रितों को उच्च न्यायालय पटना के आदेश दिनांक 3/ 8 /2023 कंपनी पिटीशन नंबर 1/ 1996 में पारित निर्देश के आलोक में शासकीय समापक को इन पूर्व कर्मचारियों के भुगतान किए गए रकम पर 04 प्रतिशत सूद के साथ 1996 से 2013 तक का भुगतान करने का आदेश दिया गया है। न्यायालय के आदेश से 700 से ज्यादा पूर्व कर्मचारियों को लाभ प्राप्त होगा एवं चार करोड़ से ज्यादा रुपए का भुगतान इनके बीच की जाएगी। दिए गए पत्रांक संख्या आर आई /आई सी /2024 के अनुसार बकाया रकम पर सूद का पैसा समापन अवधि दिनांक 5/1/1996 से दिनांक 22/ 11/ 2013 तक का भुगतान करने के लिए उप शासकीय समापक द्वारा हर एक दवाकर्ता को उनके स्थाई निवास के पत्ते पर भेजा जा रहा है। जो बकाया रकम के भुगतान के समय स्थाई पता दिया गया था। दावाकर्ता उप शासकीय समापक, उच्च न्यायालय पटना के पते पर अपना-अपना बैंक खाता नंबर आईएफएससी कोड के साथ सूचना भरकर भेज देंगे। साथ ही सूचना की मूल प्रति बैंक डिटेल के साथ भर के सूचना में मूल कॉपी के साथ स्वहस्ताक्षरित कर भेजना है।

बिहार सरकार
**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**
आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-१४.
विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(डी.ई.सी.ई.[LE])-2024/03 दिनांक- 05.05.2024
**डिप्लोमा प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा [पार्श्विक प्रवेश] – 2024**
**[D.E.C.E. (L.E.)-2024]**
**आवश्यक सूचना**
सर्व साधारण एवं डिप्लोमा प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (पार्श्विक प्रवेश) [DECE(LE)]-2024 से सम्बन्धित सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(डी.ई.सी.ई.(एल.ई.)- 2024/01 एवं 2024/02 दिनांक-07.04.2024 के अनुसार DECE(LE)-2024 की परीक्षा में सम्मिलित होने के लिये Online आवेदन प्राप्त करने हेतु Registration करने की अंतिम तिथि 07.05.2024 निर्धारित है। **छात्रहित में DECE(LE)-2024 से सम्बन्धित महत्वपूर्ण तिथियाँ निम्नवत् विस्तारित किया जाता है;**
(i) Online Registration Closing Date : **16.05.2024**
(ii) Last date of payment through Net Banking/ Debit Card/ Credit Card/ UPI after submission of the Online Application Form of Registered Candidate : **17.05.2024**
(iii) Online Editing of Application Form : **18.05.2024 to 19.05.2024**
(iv) Uploading of Online Admit Card : **29.05.2024**
(v) Proposed Date of Examination : **09.06.2024**
(2) दिनांक 16.05.2024 तक पूर्णरूपेण भरे गये आवेदन में यदि किसी अभ्यर्थी के आवेदन के डाटा में कोई त्रुटि रह जाती है तो वे अपने भरे हुए Data को दिये गये उपरोक्त कार्यक्रम अनुसार Edit कर त्रुटि सुधार कर सकते हैं। इसके बाद त्रुटि सुधार का मौका नहीं दिया जायेगा।
(3) उपरोक्त के अतिरिक्त पूर्व प्रकाशित विज्ञापन की अन्य सभी सूचनाएँ / शर्त्तें यथावत रहेंगी।
(4) सभी सम्बन्धित को निदेश दिया जाता है कि परीक्षा से सम्बन्धित अद्यतन जानकारी हेतु पर्षद के website **bceceboard.bihar.gov.in** के सम्पर्क में रहें।
परीक्षा नियंत्रक

विज्ञापन सं० : IPPB/CO/HR/RECT./2024-25/01
इंडिया पोस्ट पेमेन्ट्स बैंक | India Post Payments Bank
(भारत सरकार का उपक्रम)
कॉर्पोरेट कार्यालय, स्पीड पोस्ट सेंटर बिल्डिंग, भाई वीर सिंह मार्ग, नई दिल्ली -110001
अनुबंध के आधार पर 54 सूचना प्रौद्योगिकी अधिकारियों की भर्ती
निम्नलिखित पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं:

| डोमेन | पद | आरक्षित रिक्तियां | | | | | कुल | तैनाती स्थल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अनारक्षित | ईडब्ल्यूएस | अ.पि.व. | अनु.ज. | अनु.जन.ज. | | |
| भुगतान एप्लीकेशन सपोर्ट | एग्जीक्यूटिव (एसोसिएट सलाहकार-भुगतान एप्लीकेशन सपोर्ट) | 4 | 0 | 1 | 0 | 0 | 5 | नई दिल्ली |
| | एग्जीक्यूटिव (सलाहकार-भुगतान एप्लीकेशन सपोर्ट) | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 2 | नई दिल्ली |
| | एग्जीक्यूटिव (वरिष्ठ सलाहकार - भुगतान एप्लीकेशन सपोर्ट) | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | नई दिल्ली |
| आईटी सपोर्ट | एग्जीक्यूटिव (सहयोगी सलाहकार - आईटी सहायता) | 9 | 2 | 6 | 4 | 2 | 23 | दिल्ली/ मुम्बई/ चैन्नई |
| | एग्जीक्यूटिव (सलाहकार - आईटी सपोर्ट) | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 19 | दिल्ली/ मुम्बई/ चैन्नई |
| कोर बीमा समाधान | एग्जीक्यूटिव (वरिष्ठ सलाहकार- कोर बीमा समाधान) | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | चैन्नई |
| डेटा गवर्नेंस | एग्जीक्यूटिव (वरिष्ठ सलाहकार- डेटा गवर्नेंस/डेटा बेस गतिविधि निगरानी) | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | नई दिल्ली |
| डीसी प्रबंधक | एग्जीक्यूटिव (वरिष्ठ सलाहकार - डीसी प्रबंधक) | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | मुम्बई/ दिल्ली |
| चैनल लीड | एग्जीक्यूटिव (वरिष्ठ सलाहकार - चैनल लीड) | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | नई दिल्ली |
| | **कुल** | **27** | **4** | **13** | **7** | **3** | **54** | **0** |

**क्षैतिज आरक्षण भारत सरकार के मानदंडों के अनुसार विकलांग व्यक्तियों (न्यूनतम 40% विकलांगता) के लिए लागू है।**

महत्वपूर्ण तिथियाँ:

| | | |
|---|---|---|
| (i) | आवेदनों के ऑन-लाइन पंजीकरण आरंभ होने की तिथि | 04.05.2024: प्रात: 10.00 बजे से |
| (ii) | शुल्क के साथ ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | 24.05.2024: रात 11.59 बजे तक |

विस्तृत विज्ञापन के लिए कृपया हमारी आधिकारिक वेबसाइट https://ippbonline.com/web/ippb/current- openings पर जाएं।

**स्थान : नई दिल्ली**
**दिनांक : 04.05.2024**
ह०/-
**मुख्य मानव संसाधन अधिकारी**
CBC 06346/12/0002/2425

## संक्षिप्त समाचार

### प्रशिक्षण से लौट रहे सफाई कर्मी की हादसे में मौत

**कन्नौज , एजेंसी।** औरैया में लोकसभा चुनाव ड्यूटी के प्रशिक्षण से लौट रहे सफाई कर्मी की बाइक में किसी वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में घायल सफाई कर्मी को सीएचसी पहुंचने पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया।

मैनपुरी जनपद के गांव नगला बील पोस्ट कैथोली निवासी राकेश चंद्र (50) औरैया के थाना एरवा कटरा के गांव बढ़िन में सफाई कर्मी के पद पर तैनात था। शनिवार को तृतीय मतदान अधिकारी का प्रशिक्षण औरैया से करके अपने गांव लौट रहा था। थाना क्षेत्र सौरिख में बिधूना रोड पर महेंद्र सिंह निम की बगिया के सामने अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी।

हादसे में सफाई कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने राकेश चंद्र को सीएचसी सौरिख ले गए, जहां चिकित्सकों ने राकेश चंद्र को मृत घोषित कर दिया। मृतक के तीन बेटे व तीन बेटियां हैं। घटना से बेटे दीपक, रामू, नितिन, बेटी मधु व पत्नी आशा देवी का रो-रो कर बुरा हाल रहा। परिजनों ने बताया राकेश की औरैया विधानसभा क्षेत्र 203 दिबियापुर में चुनाव ड्यूटी लगी थी, जिसका वह प्रशिक्षण लेने गया था।

### प्रैक्टिकल के दौरान लैब में लगी आग, पांच छात्राओं की हालत बिगड़ी

**कन्नौज , एजेंसी।** इलाके के एक निजी विद्यालय में केमिस्ट्री के प्रैक्टिकल के दौरान लैब में गलत केमिकल के प्रयोग से आग लग गई। लैब में धुआं भरने से पांच छात्राएं बेहोश हो गईं। कॉलेज प्रशासन ने छात्राओं को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। तीन छात्राओं के परिजन उन्हें हालत अधिक बिगड़ते देख तिर्वा मेडिकल कॉलेज ले गए। जबकि दो छात्राओं का इलाज अलग-अलग निजी अस्पताल में चल रहा है। सौरिख के किसई जगदीशपुर स्थिति एलएस इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में शनिवार को कक्षा 10 के छात्रों का लैब में केमिस्ट्री का प्रैक्टिकल चल रहा था। इस दौरान लैब में 23 छात्र व 15 छात्राएं थीं। अध्यापक पीएस चोपड़ा लैब में केमिस्ट्री का प्रैक्टिकल करवा रहे थे। इसी दौरान अचानक आग लग गई और लैब में धुंआ छा गया। इससे लैब में अफरा-तफरी मच गई। धुएं के कारण सांस लेने में परेशानी होने से पांच छात्राओं की हालत बिगड़ गई। वह बेहोश होकर गिर पड़ीं। घटना की जानकारी पर बड़ी संख्या में परिजन मौके पर पहुंचे। कॉलेज प्रशासन ने छात्राओं को नादेमऊ के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। गंभीर हालत में छात्रा सिमरन, निशा पाल, सना बानो को परिजन इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज तिर्वा ले गए।

### चेकिंग के लिए रोका तो होमगार्ड पर चढ़ाया ट्रैक्टर, कल्टीवेटर में फंसा...काफी दूर घसीटता गया

**आगरा , एजेंसी।** आगरा के इरादत नगर में लुहेटा रोड पर वाहनों को चेकिंग के लिए रोकने पर चालक ने ट्रैक्टर होमगार्डों पर चढ़ा दिया। चार होमगार्ड चपेट में आ गए। होमगार्ड उमेश मिश्रा ट्रैक्टर में फंस गए, चालक उन्हें काफी दूर तक घसीटता ले गया। कुछ देर बाद उमेश की मौत हो गई। हादसे में तीन होमगार्ड घायल हैं। अस्पताल में एक की हालत गंभीर बनी है। हादसे के बाद गुस्साए होमगार्डों ने जाम भी लगाया। उनका आरोप है कि वे श्रावस्ती से चुनाव ड्यूटी में आए थे लेकिन उनसे वाहन चेकिंग कराया जा रहा था।हादसा इरादत नगर में लुहेटा रोड पर शनिवार देर रात हुआ। पुलिस यहां चुनाव ड्यूटी में श्रावस्ती से आए 10 होमगार्डों के साथ वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान तेज गति से आते ट्रैक्टर चालक ने पुलिस को देखकर भागने की कोशिश की। इससे बोलेरो की चेकिंग कर रहे होमगार्ड ट्रैक्टर की चपेट में आ गए। एक होमगार्ड ट्रैक्टर के कल्टीवेटर में फंस गया। वह काफी दूर तक घसीटता चला गया। होमगार्ड लक्षाराम वर्मा, उमेश मिश्रा और कौशल कुमार घायल हो गए। कुछ ही देर में उमेश मिश्रा ने दम तोड़ दिया। उमेश श्रावस्ती जिले के गांव लालपुर थाना जावाली निवासी थे। हादसे के बाद चीख पुकार मच गई। गंभीर रूप से घायल होमागार्डों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# डायलिसिस मशीन खराब, मरीजों को भेजा उन्नाव



**अमेठी , एजेंसी।** किडनी मरीजों के लिए परेशानी भरी खबर है। असैदापुर स्थित जिला अस्पताल में डायलिसिस यूनिट की मशीन में अचानक खराबी आ गई। जिससे डायलिसिस बंद हो गई है। बीते दो दिनों में करीब 30 मरीजों की डायलिसिस नहीं हो सकी। अति आवश्यकता वाले पांच डायलिसिस के मरीजों को उन्नाव भेजा गया है। कंपनी के इंजीनियरों की टीम मशीन में आई दिक्कत को सही करने में लगी हुई है। हालांकि, अभी तक मशीन ठीक नहीं हो सकी थी।

जिला अस्पताल में स्थापित डायलिसिस यूनिट में छह बेड पर हैं। इनके माध्यम से प्रतिदिन 15 से 20 मरीजों की डायलिसिस की जाती है। यूनिट का संचालन सुबह 5.30 बजे से रात्रि 11.30 तक चार शिफ्टों में होता है। एक मरीज के रक्त शोधन प्रक्रिया में चार घंटे का समय लगता है।

डायलिसिस यूनिट में बृहस्पतिवार की शाम एकाएक खराबी आ गई। जिससे मशीन चलते-चलते बंद हो गई। ऑन करने पर वह नहीं चल रही है। इस पर कर्मियों ने तत्काल कंपनी को सूचना दी। इसके बाद पहुंचे इंजीनियर ने मशीन में आई खराबी को खोजने में लगे हुए हैं। मशीन के कनेक्शन के साथ ही पानी की टेस्टिंग व अन्य प्रक्रिया की जा रही है लेकिन, अभी तक शुरू नहीं हो सकी है। शुक्रवार और शनिवार को 30 मरीजों की डायलिसिस नहीं हो सकी।

**उन्नाव भेजे गए गंभीर मरीज:** डायलिसिस यूनिट से हर दिन करीब 15 से बीस मरीजों की डायलिसिस की जाती है। दो दिनों से डायलिसिस ठप है। शनिवार को अति आवश्यकता वाले पांच डायलिसिस मरीजों को उन्नाव भेजा गया।

कंपनी इन मरीजों को अपने खर्चे पर ले जाने की बात कह रही है। लेकिन, इसमें भी दिक्कत आ रही है। तीमारदारों का कहना है कि अगर रात को 11 बजे उन्नाव से मरीज वापस जिला अस्पताल पहुंचता है, और उसे 30 किलोमीटर दूर घर जाना पड़ेगा तो वह कैसे जाएगा।

**मरीजों ने कहा, सुबह से कर रहे इंतजार:** अमेठी के अगहर निवासी रवींद्र पांडेय का कहना है कि सप्ताह में तीन दिन डायलिसिस होती है। शनिवार को बुलाया गया था, सुबह से इंतजार कर रहे हैं। अमेठी के बड़गांव निवासी रविंद्र प्रताप सिंह का कहना है कि सुबह से बैठा हूं। उन्नाव ले जाएंगे लेकिन, अभी तक कुछ पता नहीं है। संजय वर्मा का कहना है कि कम से कम वैकल्पिक प्रबंध करना चाहिए।

**किन मरीजों की होती है डायलिसिस:** डायलिसिस के दौरान मरीज के ब्लड को साफ करने की कोशिश की जाती है। किडनी खराब होने के बाद इंसान का ब्लड साफ नहीं हो पाता तो ऐसे में डायलिसिस के जरिए उसे साफ करने की कोशिश की जाती है। इस पूरी प्रक्रिया के दौरान खून में जमी गंदगी को बाहर निकाला जाता है।

किसी व्यक्ति को डायलिसिस की जरूरत तब पड़ती है जब उसकी दोनों किडनी सही से काम नहीं करती है। किडनी फेल होने का जोखिम खासकर उन लोगों पर ज्यादा बढ़ जाता है जो डायबिटीज के मरीज या बीपी के मरीज है। उन्हें किडनी फेल होने की समस्या हो सकती है।

**जल्द ही मशीन ठीक करा दी जाएगी:** जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. बीपी अग्रवाल का कहना है कि डायलिसिस मशीन में खराबी आई है। इंजीनियरों की टीम उसे सही कर रही है। जल्द ही मशीन सही करा दी जाएगी। वहीं, अति गंभीर मरीजों को उन्नाव भेजने को कहा गया है।

## इंडिया उम्मीदवार ललितेश के पास पत्नी से कम सकल सम्पत्ति, जानें- अन्य प्रत्याशियों का हाल



**भदोही , एजेंसी।** नामांकन पर्च के साथ दिए हलफनामे के अनुसार ललितेश के पास सकल सम्पत्ति इनकी पत्नी से भी कम है। नामांकन फार्म के साथ दिए हलफनामे के अनुसार बसपा उम्मीदवार हरिशंकर चौहान के पास नगद पांच हजार के अलावा विभिन्न बैंक खातों और 10 ग्राम सोना, एक रिवाल्वर, एक बुलेट, एक जेसीबी, एक स्कार्पियो, हैवा ट्रक, मिनी बस इत्यादि मिलाकर कुल दो करोड़ 26 लाख 52 हजार 435 रुपये की सकल संपत्ति है।

इसी तरह इनके पत्नी के पास नगद 15 हजार मिलाकर कुल तीन लाख 86 हजार 789 रुपये की संपत्ति है। वहीं भाजपा प्रत्याशी डॉ. विनोद बिंद के पास कुल सकल संपत्ति एक करोड़ 89 लाख 62 हजार 951 रुपये हैं। जिसमें इनके हाथ में 58 हजार 355 रुपये नगद है। वहीं उनके इंडियन बैंक खाते में 360 रुपये, एचडीएफसी बैंक के एमजीएस एकाउंट में दो हजार 750 और चालू खाते में 8 लाख 22 हजार 330 रुपये हैं।

इसके अलावा केनरा बैंक खाते में सात हजार 557 और पंजाब बैंक में 55 लाख 75 हजार तीन रुपये और एचडीएचडीएफ खाते में पांच लाख 25 हजार 267 रुपये हैं। इसके साथ ही एक स्कार्पियो और 20 ग्राम सोने का आभूषण इनके पास है। वहीं इनकी पत्नी के हाथ में 50 हजार नगद के अलावा विभिन्न बैंक खाता, एक फाच्युनर और 200 ग्राम सोने के आभूषण और एक किलो चांदी को मिलाकर कुल एक करोड़ 77 लाख नौ हजार 251 रुपये की संपत्ति है।

वहीं, इंडिया गठबंधन उम्मीदवार ललितेश पति त्रिपाठी के पास हाथ में नगदी 50 हजार और विभिन्न बैंक खातों के साथ वाहन के साथ अन्य संपत्तियों को मिलाकर कुल 12 लाख 7 हजार 593 रुपये की सकल सम्पत्ति है। वहीं इनकी पत्नी के पास 40 हजार रुपये नगद के साथ 16 लाख 96 हजार 793 रुपये की सकल सम्पत्ति है।

## राहुल गांधी के खिलाफ मामले की सुनवाई 27 मई को, सावरकर पर टिप्पणी का मामला



**लखनऊ, एजेंसी।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खि़लाफ़ दाखिल परिवाद को खारिज किए जाने के मामले में दाखिल की गई निगरानी याचिका में राहुल गांधी की ओर से उनका जवाब दाखिल किया गया । एमपी एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश हरबंश नारायण ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 27 मई की तारीख़ तय की है।

बताते चले याचिका दायर करके निगरानीकर्ता ने बताया था कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भारत जोड़ो पदयात्रा के दौरान वीर विनायक दामोदर सावरकर के खि़लाफ़ जानबूझकर अपमानजनक बातें कही थी।जिसके बाद कोर्ट में राहुल गांधी के खि़लाफ़ रिपोर्ट दर्ज किए जाने की माँग वाली अर्ज़ी देकर आरोप लगाया था कि पदयात्रा के दौरान जानबूझकर एक सोची-समझी रणनीति एवं षड्यंत्र के तहत राहुलगांधी ने 17 नवंबर 2022 को अकोला महाराष्ट्र में वैमनस्यता पैदा करने के लिए भारतीय इतिहास के नायक सावरकर की सार्वजनिक मंच से निरंतर अमर्यादित आलोचना की। कहा गया कि राहुल गांधीने देश के समस्त स्वतंत्रता सेनानियों का अपमान किया है। अर्जी में यह भी कहा गया है कि राष्ट्रीय विचारधारा के महानायक क्रांति वीर विनायक दामोदर सावरकर को राहुल गांधी ने निरंतर अंग्रेजों का पेंशनर, अंग्रेजों का नौकर, मददगार, अपनी रिहाई के लिए माफी मांगने वाला बताकर अनेकों दोषारोपण किया है।निचली अदालत ने पहले इस अर्ज़ी को परिवाद के रूप में दर्ज करने का आदेश दिया था तथा बाद में उस परिवाद को क्षेत्राधिकार के बाहर बताते हुए ख़ारिज कर दिया था।निचली कोर्ट के इसी आदेश को निगरानी याचिका के ज़रिए चुनौती दी गई है।

## दुष्कर्म के आरोप से मुकरी युवती... अब जितने दिन जेल में रहा आरोपी उतनी सजा काटेगी, भेजा गया कारागार

**बरेली , एजेंसी।** दुष्कर्म के मुकदमे में गवाही के दौरान बयान से मुकरने पर कोर्ट ने युवती को उतने ही दिन कैद की सजा सुनाई, जितने दिन आरोपी जेल में रहा था। चार साल, छह माह, आठ दिन यानी 1,653 दिनों की कैद की सजा के साथ 5,88,822 रुपये अर्थदंड भी लगाया है। युवती को कोर्ट ने न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया।



कोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा, इस तरह की महिलाओं के कृत्य से वास्तविक पीड़िताओं को नुकसान उठाना पड़ता है। दुर्गानगर की महिला ने दो सितंबर, 2019 को बारादरी थाने में अजय नामक युवक पर बेटी के अपहरण व दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने अजय को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। युवती ने अजय पर नशीला प्रसाद खिलाने और दिल्ली ले जाकर कमरे में बंद कर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। लेकिन, अदालत में गवाही के दौरान युवती मुकर गई। अदालत ने अजय को दोषमुक्त करार दिया, वहीं झूठी गवाही देने के लिए युवती पर मुकदमा चलाया। अपर सत्र न्यायाधीश ज्ञानेंद्र त्रिपाठी की अदालत ने उसे दोषी पाते हुए सजा सुनाई।

**पुरुषों के हितों पर आघात की छूट नहीं दी जा सकती:** अदालत ने कहा कि यह समाज के लिए बेहद गंभीर स्थिति है। अपने मकसद की पूर्ति के लिए पुलिस व कोर्ट को माध्यम बनाना आपत्तिजनक है। अनुचित लाभ के लिए महिलाओं को पुरुषों के हितों पर आघात करने की छूट नहीं दी जा सकती। यह मुकदमा उन महिलाओं के लिए नजीर बनेगा, जो पुरुषों से वसूली के लिए झूठे मुकदमे लिखाती हैं।

**इसलिए लगाया अर्थदंड:** अदालत ने युवती पर अर्थदंड भी लगाया है, जो न्यूनतम पारिश्रमिक दर के आधार पर तय किया गया। अदालत ने माना कि अजय ने जितने दिन जेल में बिताए, इतने दिन अगर वह मजदूरी करता तो कम से कम 5,88,822.47 रुपये कमा लेता। युवती से इतना जुर्माना वसूलकर अजय को दिया जाएगा। युवती जुर्माना नहीं दे पाती है तो उसे छह माह अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

## संभल लोकसभा के लिए मुरादाबाद के नौ थाना क्षेत्रों में होगा मतदान, 425 केंद्र और 783 बूथ बनाए गए



**मुरादाबाद , एजेंसी।** मुरादाबाद पहले चरण में मुरादाबाद लोकसभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान कराने के बाद पुलिस व प्रशासनिक अफसर अब संभल लोकसभा क्षेत्र में चुनाव कराने में जुट गए हैं। इस लोकसभा के लिए भी मुरादाबाद जनपद के नौ थाना क्षेत्र में मतदान होगा। 425 मतदान केंद्र और 783 बूथ को 8 जोन और 129 सेक्टर में बांटा गया है। मतदान केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी। इसके अलावा पुलिस, पीएसी और पैरामिलिट्री फोर्स के जवान भी तैनात किए गए हैं। संभल लोकसभा क्षेत्र में तीसरे चरण में सात मई को मतदान होगा। इस लोकसभा में मुरादाबाद जनपद की दो विधानसभा बिलारी और कुंदरकी शामिल हैं। मतदान शांति पूर्ण व निष्पक्ष हो। इसके लिए पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने सभी मतदान केंद्रों का निरीक्षण करने के साथ ही गांवों और कस्बों में फोर्स के साथ पैदल मार्च किया।

लोगों को एहसास दिलाया कि वह भयमुक्त होकर मतदान करने जाएं। किसी के दबाव व प्रभाव में न आएं। सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। संभल लोकसभा के लिए मुरादाबाद जनपद के नौ थाना क्षेत्र में 425 मतदान केंद्र और 783 बूथ बनाए गए हैं।

जिन्हें आठ जोन 129 सेक्टर में बांटा गया है। एसएसपी हेमराज मीना ने बताया कि जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। इसके अलावा एसपी, एएसपी और सीओ, इंस्पेक्टर व सब इंस्पेक्क्टर, सिपाही, होमगार्ड, पीएसी जवान और पैरामिलिट्री फोर्स के जवान तैनात किए गए हैं। मतदान केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। संवेदनशील और अति संवेदनशील बूथों पर अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात रहेगा। गड़बड़ी व बवाल करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा।



## बीएचयू में बवाल मामले में तीन छात्रों को मिली अग्रिम जमानत, छात्र की मौत के अफवाह पर की थी तोड़फोड़

**वाराणसी , एजेंसी।** सड़क हादसे में बीएचयू के छात्र की मौत की अफवाह पर बीएचयू वीसी आवास और चीफ प्रॉक्टर कार्यालय में तोड़फोड़, मारपीट व बवाल के मामले में तीन छात्रों को कोर्ट ने राहत दी है।

विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी एक्ट) अनिल कुमार पंचम की अदालत ने आरोपी छात्रों की अग्रिम जमानत मंजूर कर ली है। गाजीपुर के घरिहा निवासी अंकित पाल, बिहार के रोहतास निवासी क्षितिज कुमार व बड़ागांव क्षेत्र के अहरक निवासी दर्शित पांडेय को पुलिस द्वारा गिरफ्तार करने की दशा में 50-50 हजार रुपये की दो जमानत और बंधपत्र देने पर रिहा करने का आदेश दिया।

अभियोजन पक्ष के अनुसार, बीएचयू चीफ प्रॉक्टर कार्यालय के सहायक सुरक्षा अधिकारी राकेश गुप्ता ने 18 फरवरी 2024 को लंका थाने में मुकदमा दर्ज कराया था।

## सपा जिलाध्यक्ष की कार की टक्कर से अधिवक्ता की मौत, सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हुई घटना

**बरेली , एजेंसी।** बदायूं के सहसवान मार्ग पर कौल्हाई के नजदीक सपा जिलाध्यक्ष आशीष यादव की कार की टक्कर से बाइक सवार अधिवक्ता राकेश कुमार (52) की मौत हो गई। हादसा शनिवार को उस वक्त हुआ, जब कार सवार नाधा से पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की चुनावी जनसभा से लौट रहे थे। उसमें कौन-कौन बैठे थे और कौन चला रहा था, पुलिस इसकी जांच कर रही है। अधिवक्ता राकेश गांव दहेमी के रहने वाले थे। वह शनिवार सुबह बाइक से सहसवान गए थे। शाम को घर लौटते समय वह मुजरिया क्षेत्र में कौल्हाई के पेट्रोल पंप के नजदीक दाहिनी ओर मुड़ रहे थे तभी हादसे का शिकार हो गए। हादसा सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गया। सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड फुटेज के मुताबिक एक साथ दो गाड़ियां आ रही थीं।

आगे चल रही गाड़ी ने सड़क पर राकेश कुमार को टक्कर मार दी। इससे वह उछलकर दूर गिरे। जिस गाड़ी से टक्कर हुई, उससे तो कोई नहीं उतरा, मगर दूसरी कार से एक व्यक्ति उतरा, मगर उसने भी पल भर बाद ही अपनी गाड़ी दौड़ा दी। बाद में राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने अधिवक्ता को सहसवान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। हादसे के बाद कार की नंबर प्लेट टूटकर गिर गई थी। उस पर लिखे नंबर यूपी 24 वाई 0008 से पता चला कि वह कार सपा जिलाध्यक्ष आशीष यादव के नाम पर रजिस्टर्ड है। तहरीर में यही नंबर लिखकर अधिवक्ता के भाई उमेश ने रिपोर्ट लिखाई है। सहसवान के सीओ कर्मवीर सिंह ने बताया कि टक्कर मारने वाली कार तो सपा नेता की ही है। विवेचना में चालक का नाम सामने आएगा।

## 17 करोड़ से बने ऑडिटोरियम में बनेगा रिकॉर्डिंग स्टूडियो, नया कोर्स शुरू करने की भी तैयारी

**वाराणसी , एजेंसी।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय के संगीत कला विभाग के छात्र-छात्राएं अब अपनी गायन की कला को विश्वविद्यालय में ही रिकॉर्ड कर सहेज सकेंगे। उन्हें कहीं और जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसके लिए विभाग में रिकॉर्डिंग स्टूडियो बनाया जाएगा। इसमें गायन, वादन से जुड़े छात्र-छात्राएं अपनी कला को रिकॉर्ड करेंगे। इस बीच विभाग की ओर से रिकॉर्डिंग कोर्स शुरू करने तैयारी है। बीएचयू के संगीत कला विभाग को पिछले महीने मिले आधुनिक पं. ओमकार नाथ ठाकुर ऑडिटोरियम में रिकॉर्डिंग स्टूडियो बनाया जाएगा। 17 करोड़ की लागत से बनकर तैयार 450 सीटों वाला ऑडिटोरियम पूरी तरह वातानुकूलित है। पहले यहां जमीन पर बैठकर लोग कार्यक्रम देखते थे। अब हॉल में पुशबैक सीटें लगाई गई हैं।



वुडेन फ्लोरिंग और एंटी फायर कर्टेंस से सजे ऑडिटोरियम में साइक्लोरेमा प्रोजेक्शन सिस्टम लगाया गया है। इसमें डिजिटलाइज्ड साउंड सिस्टम पहले से ही लगा है। अब इसमें रिकॉर्डिंग स्टूडियो भी होगा। इसमें ऑडियो की रिकॉर्डिंग की जाएगी। विभाग में यहां शीघ्र ही रिकॉर्डिंग में नया पाठ्यक्रम शुरू करने की चर्चा है। इसी से लगा हुआ मेकअप के लिए एक ग्रीन रूम बनाया जाएगा, जिसमें कलाकार साज-सज्जा कर सकेंगे। विभाग के डीन प्रो. के शशि कुमार के मुताबिक स्टूडियो पर तेजी से काम किया जा रहा है। इससे छात्र-छात्राओं को अपनी आवाज रिकॉर्ड करने के लिए कहीं और जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### 25 मई को आएंगे भारत स्वाभिमान के मुख्य केंद्रीय प्रभारी, हुई बैठक

**बक्सर।** 25 मई को भारत स्वाभिमान के मुख्य केंद्रीय प्रभारी राकेश मित्तल बक्सर पहुंचेंगे। इस दौरान पतंजलि योग समिति, युवा भारत तथा भारत स्वाभिमान के सदस्यों ने बक्सर गोलंबर स्थित कार्यालय में बैठक की । बैठक की अध्यक्षता पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी अरविंद सिंह ने की। बैठक में दक्षिण बिहार के भारत स्वाभिमान के अध्यक्ष सुनील स्वाभिमानी, पतंजलि योग समिति दक्षिण बिहार के राज्य सह प्रभारी अवध नारायण चौबे, सोशल मीडिया प्रभारी बजरंगी लाल, पतंजलि योग समिति के जिला सह प्रभारी अजय कुमार, भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी राजेश मिश्रा समेत अन्य लोग मौजूद रहे। इस दौरान बैठक में मौजूद समिति दक्षिण बिहार के राज्य प्रभारी अवध नारायण चौबे ने हरिद्वार से पहुंच रहे भारत स्वाभिमान के मुख्य केंद्रीय प्रभारी राकेश मित्तल के कार्यक्रम को लेकर विस्तृत कार्य योजना को बताया। उन्होंने कहा कि बक्सर जिला के साथ इस बैठक में बिहार दक्षिण के अन्य जिले कैमूर, रोहतास, तथा पटना के संगठन के लोग भी शामिल होंगे। इस दौरान उन्होंने कहा कि पहले से तैयारी पूरी की जानी है। वही मौके पर मौजूद भारत स्वाभिमान के दक्षिण बिहार के अध्यक्ष सुनील स्वाभिमानी ने कहा कि इससे पहले नियमित योग कक्षा गांव गांव में लगानी है। वही कार्यक्रम का संचालन कर रहे भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी राजेश मिश्रा ने कहा कि बक्सर जिला मुख्यालय में गोलंबर के पास 18 मई से नियमित योग कक्षा का आयोजन भी किया जाएगा। जिसमें कई प्रकार की बीमारी हो से संबंधित योग कराया जाएगा। चरपोखरी| थाना क्षेत्र के खरांटी गांव में अज्ञात चोरों ने खिड़की तोड़कर घर में रखे गहने का बक्सा लेकर फरार हो गए। इसके बाद भुक्तभोगी कैलाश सिंह के पुत्र संजीव कुमार के द्वारा चरपोखरी थाने में लिखित आवेदन देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिक की दर्ज कराई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि रात्रि के समय अज्ञात चोरों के द्वारा खिड़की तोड़कर घर के अंदर प्रवेश कर गए।

### स्वास्थ्य जांचः चिकित्सक दल का गठन

**बक्सर।** लोकसभा चुनाव के लिए निर्वाचन कार्य में केन्द्र एवं राज्य सरकार के विभिन्न कार्यालयों, उपक्रमों के पदाधिकारियों, कर्मियों की नियुक्ति की गई है। विभिन्न कार्यालयो के पदाधिकारियों, कर्मियों द्वारा स्वास्थ्य कारणों का उल्लेख करते हुए निर्वाचन कार्य से मुक्त करने हेतु आवेदन उपलब्ध कराया जा रहा है। निर्वाचन कार्य की महत्ता एवं पदाधिकारी, कर्मियों के हित को देखते हुए अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, बक्सर की अध्यक्षता में स्वास्थ्य जांच के लिए 02 चिकित्सा जांच दल का गठन किया गया है। प्रथम चिकित्सा जाँच दल के पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार, सर्जन, सदर अस्पताल बक्सर, डॉ. योगेन्द्र कुमार (हडडी रोग) चिकित्सा पदाधिकारी सदर अस्पातल, डॉ स्वाति भारती, महिला चिकित्सा पदाधिकारी अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र महदह सदर प्रखंड, रीता कुमारी, एएनएम स्वास्थ्य केन्द्र सोन्धिला सदर प्रखंड, जबकि द्वितीय चिकित्सा जाँच दल के पदाधिकारी डॉ संजय कुमार चिकित्सा पदाधिकारी सदर अस्पातल, डॉ राहुल राज, हड्डी रोग विशेषज्ञ सदर अस्पताल, डॉ श्रुति प्रकाश, महिला चिकित्सा पदाधिकारी, अनुमंडलीय अस्पताल, उपेंद्र यादव, जीएनएम सदर अस्पताल का किया गया है।

### साहित्य से लगाव था डॉ. अशोकवर्धन का

**बक्सर।** बिहार कैडर के अवकाश प्राप्त आईएएस अधिकारी डॉ चंद्रगुप्त अशोकवर्धन के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए अखिल भारतीय जनसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य भारतभूषण पाण्डेय ने कहा कि वे शिक्षा, साहित्य और प्रशासन के क्षेत्र में बहुआयामी प्रतिभासंपन्न व्यक्तित्व थे। प्रशासनिक अधिकारी बनने से पहले वे प्रोफेसर थे और प्रशासनिक अधिकारी बनने के बाद भी उन्होंने साहित्य की साधना और सृजन जारी रखा। वे बहुभाषाविद् थे तथा अंग्रेजी-हिंदी में सुंदर कविताएं लिखते थे। संस्कृत साहित्य में भी उनकी गहरी पैठ थी। आचार्य भारतभूषण ने कहा कि वे आरा जैन कालेज के अध्यापक और प्रसिद्ध साहित्यकार प्रो रामेश्वरनाथ तिवारी जी के ज्येष्ठ सुपुत्र थे।

### कमेटी को साक्ष्य देकर ले सकते हैं जब्त रुपए



**बक्सर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- डीएम अंशुल अग्रवाल ने स्टैटिक निगरानी दल (SST) के द्वारा किए जाने वाले कार्यों को लेकर समिक्षा बैठक किया। डीएम ने बताया कि स्टैटिक निगरानी दल को वाहन चेकिंग के दौरान कैश, शराब, ड्रग्स इत्यादि का सघन जाँच करते हुए जप्ती करें। साथ ही बताया गया कि वैसे व्यक्ति डीडीसी डॉ महेन्द्र पाल की अध्यक्षता में ग्रीबेंन्स रीड्रेसल कमेटी कमिटी बनाई है, जिसके समक्ष साक्ष्य उपलब्ध कराकर अपना जप्त कैश वापस ले सकते है। उन्होने निर्देश दिए कि स्टैटिक निगरानी दल अधिसूचना की तिथि 07 मई से क्रियाशील हो जायेंगे। एसएसटी में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि एसओपी से संबंधित जानकारी प्राप्त कर अपने-अपने चेक पोस्टों पर भी भ्रमण करें। स्टैटिक निगरानी दल को निर्देश दिया गया कि वाहन चेकिंग अभियान के समय यह सुनिश्चित करें कि राजनीतिक दलों अभ्यर्थियो, कार्यकर्ताओं द्वारा निर्वाचन व्यय से संबंधित दिशा निर्देशों एवं आदर्श आचार संहिता का अनुपालन किया जा रहा है अथवा नहीं। डीएम ने नोडल पदाधिकारी, अभ्यर्थी व्यय कोषांग को निर्देश दिया गया कि स्टैटिक निगरानी दल में प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को इएसएमएस के बारे में विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई जाए, ताकि सुखमतापूर्वक कार्य किया जा सके। एसपी ने निर्देश दिया कि स्टैटिक निगरानी दल की पालीवार प्रतिनियुक्ति की गई है। दूसरे पाली वाले पदाधिकारी के आने के बाद हीं प्रथम पाली वाले पदाधिकारी अपना चेक पोस्ट (प्रतिनियुक्ति स्थल) छोड़ना सुनिश्चित करेंगे।

### बस पर चढ़ते वक्त युवक का पैर फिसला, हाथ टूटे, पहिये के नीचे आया हाथ, चालक वाहन लेकर फरार

**बक्सर।** बक्सर-रोहतास स्टेट हाइवे स्थित चौसा यादव मोड़ के पास सड़क दुर्घटना में एक युवक की हालत काफी गंभीर हो गई है। स्थानीय लोगों ने पहले चौसा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उसके बाद वहां से रेफर करने पर बक्सर सदर अस्पताल में पहुंचाया गया है। प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है। युवक के दाहिने हाथ की कई हड्डियां टूट गई है। हांथ का कचूमर निकल गया है। बताया जाता है कि सिकरौल निवासी श्रीकांत कमकर का 28 वर्षीय पुत्र चंदन कुमार किसी काम से चौसा यादव मोड़ पर आया था। यादव मोड़ के पास यात्री बस पकड़ कर कही जाना चाहता था। बक्सर जाने के लिए एक यात्री बस यादव मोड़ पहुंची थी। वह अन्य यात्रियों के भीड़ के साथ चलती बस में चढ़ने लगा। इसके कारण वह फिसलकर नीचे गिर पड़ा। इसी क्रम में बस के पहिये के नीचे उसका हाथ आ गया। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। उधर बस चालक घटना के बाद बस को लेकर भाग खड़ा हुआ। वही ग्रामीणों ने घटना देखा तो वहा भीड़ लग गई। घायल को उठाकर ग्रामीणों द्वारा इलाज के लिए चौसा पीएचसी ले जाया गया। गंभीर स्थिति को देख चिकित्सकों ने बेहतर उपचार के लिए सदर अस्पताल रेफर किया गया। उसका इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया है।



# मोटे अनाज को मिलेगा बढ़ावा, बीज वितरण का लक्ष्य तय

## जैविक विधि से खेती की दी जा रही सलाह, किसानों को समय पर बीज होगा उपलब्ध

निज संवाददाता। बक्सर

जिला कृषि विभाग खरीफ सीजन 2024-25 की तैयारी में जुट गया है। कृषि विभाग इस बार दावा कर रहा है कि किसानों को समय से बीज उपलब्ध कराया जाएगा। जिसको लेकर प्लानिंग कर ली गई है।जिला कृषि पदाधिकारी शत्रुघ्न साहू ने कहा कि जिले में इस बार खरीफ फसलों की बुवाई के लिए बीज का लक्ष्य जिला कृषि विभाग को प्राप्त हो चुका है। खरीफ फसलों के लिए कुल 1689.28 क्विंटल बीज की व्यवस्था कृषि विभाग कर रहा है।




**योजना के तहत वितरण किया जाएगाः** बता दे की खरीफ सीजन में मोटा अनाज को बढ़ावा देने के लिए कृषि विभाग की ओर से बीज वितरण का लक्ष्य तय किया गया है। मोटा अनाज के प्रत्यक्षण के लिए बाजरा का बीज 242.2 क्विंटल, जवार 18 क्विंटल, अन्य मिलेट 3 क्विंटल और रागी यानी मडुआ फसल के लिए 4.8 क्विंटल बीज का वितरण राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत किसानों के बीच किया जाएगा। वहीं, एनएसएफ के तहत बहुफसलीय प्रत्यक्षण के लिए अरहर का 2 क्विंटल बीज, बाजरा का 0.5 क्विंटल, ज्वार का 0.5 क्विंटल, दस साल से कम प्रभेद वाले अरहर का 48 क्विंटल, दस साल से अधिक प्रभेद वाले अरहर का 10 क्विंटल बीज निर्धारित अनुदान पर वितरण करने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है।

**मोटे अनाज की खेती के लिए जागरूकताः** वहीं धान में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, एसएमएसपीएम और स्टेट योजना के तहत 1355.28 क्विंटल बीज वितरण का लक्ष्य जिला कृषि विभाग को प्राप्त हुआ है। जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि किसानों को मोटे अनाज की खेती करने के लिए लगातार जागरूक किया जा रहा है। अनुदान पर बीज उपलब्ध करा जैविक विधि से खेती करने की सलाह दी जा रही है।

## रोडरेज में चार सगे भाइयों की पिटाई

# ट्रैक्टर से बोझा लेकर जा रहा था घर, साइड नहीं देने पर हुआ विवाद

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जमीरा गांव में शनिवार को रोडरेज के विवाद को लेकर गांव के दबंगों ने चार सगे भाइयों की लाठी-डंडे और पिस्टल के बट से मारकर जख्मी कर दिया। इसके बाद ग्रामीणों के बीच बचाव के बाद मामले को शांत हुआ। सभी जख्मियों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया । जख्मियों में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जमीरा गांव वार्ड नंबर 12 निवासी हरेराम सिंह के चार पुत्र संजय कुमार(36),राम कुमार(27),अभिषेक कुमार(19) एवं रोहन कुमार(17) शामिल हैं। इधर जख्मी राम कुमार ने बताया कि उसके छोटे भाई अभिषेक कुमार ट्रैक्टर पर बोझा लेकर बधार से घर जा रहा था। इसी बीच रास्ते में गांव के लोग बाइक से उसी रास्ते जा रहे थे। जाने के दौरान बाइक सवार ने हॉर्न दिया ,लेकिन मेरे भाई को हॉर्न सुनाई नहीं दिया। इसके बाद बाइक सवार ने ओवरटेक कर ट्रैक्टर के रुकवाया और उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। उसके बाद मेरे भाई ने फोन कर जानकारी। मारपीट की बात सुनकर जब हम तीनों भाई पहुंचे तभी बाइक सवार ने अपने अन्य लोगों को बुलाकर हम सभी भाइयों की लाठी डंडे से जमकर पिटाई कर दी। मारपीट के दौरान उक्त लोगों में एक ने मेरे बड़े भाई संजय कुमार को पिस्टल के बट से मारकर सिर फोड़ दिया । ग्रामीणों के बीच बचाव के बाद सभी जख्मियों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया।मामला शांत होने के बाद पीड़ित परिवारों ने इसकी शिकायत स्थानीय थाना पुलिस से की है।

# 2500 रुपये का इनामी अपराधी गिरफ्तार

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर के पवना थाना क्षेत्र के पवार गांव में पुलिस ने हत्या समेत तीन कांडों में फरार चल रहे एक इनामी वांछित को गिरफ्तार किया है। पुलिस के हत्थे चढ़ा वांछित की तालाश भोजपुर पुलिस को थी। पकड़ा गया भीम यादव पवना के पवार गांव का निवासी है। इसकी जानकारी आरा सदर एएसपी परिचय कुमार ने दी। बताया कि पकड़े गए वांछित के विरुद्ध पवना थाना में दो एवं आरा के एससी-एसटी थाना में भी एक केस है।

**लंबे वक्त से थी पुलिस को तलाशः** इसमें एक हत्या व दो एससी-एसटी अधिनियम से जुड़ा केस है। उस पर ढाई हजार रुपये का इनाम भी घोषित था। करीब दो सालों से पुलिस को उसकी तलाश थी। इस दौरान गुप्त सूचना के आधार पर थानाध्यक्ष सुरेश सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने पवार गांव छापेमारी की। लेकिन, उसने भागने का प्रयास किया। इस दौरान टीम ने पवार गांव के बधार घेराबंदी कर वांछित बदमाश भीम यादव को धर दबोचा। टीम में दारोगा देवेन्द्र पासवान व डीआईयू के पदाधिकारी शामिल थे। मालूम हो कि एक मई 2022 को पवना थाना के पवार गांव में रास्ते पर भैंस बांधने को लेकर उपजे विवाद में एक बुजुर्ग महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जबकि, लाठी-डंडे से मारकर मृतका के पोते को भी घायल कर दिया गया था।



रास्ते में भैंस बांधने को लेकर बुजुर्ग महिला की गोली मारकर की थी हत्या

## स्टेटिक निगरानी दल का प्रशिक्षण, 17 जगह पर बनाया चेकपोस्ट

# आचार संहिता उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की समीक्षा की, कई निर्देश दिए

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर में लोकसभा चुनाव को लेकर एक तरफ जहां नेताओं ने जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है वहीं दूसरी तरफ जिला प्रशासन शांति पूर्ण चुनाव को सम्पन्न कराने को लेकर कमर कस चुकी है।शनिवार को अंशुल अग्रवाल, जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-डीएम की अध्यक्षता में स्टेटिक निगरानी दल द्वारा किए जाने वाले कार्यों के संबंध में प्रशिक्षण एवं समीक्षा बैठक समाहरणालय परिसर स्थित सभाकक्ष में की गई। डीएम द्वारा अवगत कराया गया कि स्टेटिक निगरानी दल 7 मई से क्रियाशील हो जायेंगे। निर्देशित किया गया कि एसएसटी में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एसओपी से संबंधित जानकारी प्राप्त कर लें तथा अपने-अपने चेक पोस्टों पर भी भ्रमण करना प्रारंभ कर दे।

**17 स्थलों पर चेक पोस्ट बनाया गया हैः** बता दें कि लोकसभा चुनाव को लेकर जिले में कुल 17 स्थलों पर चेक पोस्ट बनाया गया है। इसमें महाराजगंज, डेंगाबाबा का डेरा, जवही




दियर बांध, गंगौली बांध, वीर कुंवर सिंह सेतु (पुराना) बक्सर, वीर कुंवर सिंह सेतु (नया) बक्सर, अहिरौली घाट बक्सर, कर्मनाशा नदी पर स्थित पुल (यादव मोड़ चौसा से गहमर रूट पर), देवल पुल (रामपुर से देवल होते हुए), पंजरांव पुल, भदवर मोड़, चौगाई गेट नंबर 02, कांव नदी पुल (पचघरवा पुल), बसही पुल, कौआं खोंच पुल, करैला एवं पकडी मोड है।डीएम ने नोडल पदाधिकारी अभ्यर्थी व्यय कोषांग को निर्देश दिया गया कि सभी चेक पोस्ट पर सी0सी0टी0वी0, पोस्टर, बैनर एवं अन्य समुचित प्रबंध समय से कर ले। बक्सर एसपी मनीष कुमार ने बताया कि स्टैटिक निगरानी दल को शिफ्ट वाइज तैनात किया गया है। निर्देशित किया गया कि दूसरे शिफ्ट वाले पदाधिकारी के आने के बाद ही पहले से तैनात वाले पदाधिकारी अपना चेक पोस्ट छोड़ेंगे। निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने वाले पदाधिकारी या कर्मी एवं प्रतिनियुक्ति स्थल से अनुपस्थित रहने वाले पदाधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने की भी बात कही गई है। स्टेटिक निगरानी दल को निर्देश दिया गया कि वाहन चेकिंग अभियान के समय यह देखना है कि राजनीतिक दलों के अभ्यर्थियों या कार्यकर्ताओं द्वारा निर्वाचन व्यय से संबंधित दिशा निर्देशों और आदर्श आचार संहिता का अनुपालन किया जा रहा है। इसके साथ ही स्टेटिक निगरानी दल को वाहन चेकिंग के दौरान कैश, शराब, ड्रग्स इत्यादि का सघन जाँच करते हुए जब्त करने के साथ साथ ESMS पर अपलोड करना होगा। साथ ही बताया गया कि वैसे व्यक्ति उप विकास आयुक्त, बक्सर की अध्यक्षता में ग्रीवेंस रिड्रेसल कमेटी बनाई है, जिसके समक्ष साक्ष्य उपलब्ध कराकर अपना जप्त कैश वापस ले सकते है।

# भोजपुर में दोहरे हत्याकांड में दो गिरफ्तार

## बालू घाट पर बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में थे, एक कट्टा, 3 गोली बरामद

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर के कोईलवर थाना क्षेत्र के कमालुचक गदहिया बालू घाट पर हुए गोलीबारी में दो मजदूरों की गोली मारकर हत्या किए जाने मामले में भोजपुर को बड़ी सफलता हाथ लगी है। घटना में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित कोईलवर थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव निवासी बिनोद यादव के बेटे उमाकांत यादव उर्फ सौरभ कुमार एवं महादेवचक सेमरिया गांव निवासी राकेश यादव का पुत्र गुलशन कुमार शामिल हैं।

**देसी कट्टा और कारतूस बरामदः** इनके पास एक लोडेड देसी कट्टा एवं तीन जिंदा कारतूस के साथ एक बाइक जब्त किया गया है। कोईलवर SDPO रंजीत कुमार ने बताया कि डबल मर्डर के बाद पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार के आदेश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम को गुप्त सूचना मिली की दो हथियारबंद बदमाश पैसठवा घाट पर किसी बड़ी घटना को एक बार फिर अंजाम देने वाले हैं। इसके बाद टीम ने चारों तरफ घेराबंदी कर दो आरोपितों को धर दबोचा। गिरफ्तारी के बाद तलाशी के दौरान एक लोडेड देसी कट्टा,तीन जिंदा कारतूस के साथ एक बाइक जब्त किया गया है। एसडीपीओ ने बताया कि एक मई की रात कमालुचक गदहिया बालू घर पर अवैध बालू के वर्चस्व को लेकर गोलीबारी में पकड़े गए दोनों आरोपित एक गैंग से तालुक रखते हैं। घटना में संलिप्त थे। जो घटना के समय भी उस गैंग से लगातार संपर्क में थे। दोनों आरोपितों से उसके गैंग के बारे में पता लगाया जा रहा है। जल्द ही दोहरे हत्याकांड में शामिल सभी आरोपितों की गिरफ्तारी कर ली जाएगी। पकड़े गए आरोपितों का आपराधिक इतिहास के लिए बिहटा, मनेर, डोरीगंज थाना से भी संपर्क स्थापित किया गया है। SDPO-2 रंजित कुमार के नेतृत्व वाली टीम में कोईलवर थानाध्यक्ष नरोत्तम चंद्र, अन्य पुलिस पदाधिकारी और DIU की टीम शामिल थी।



# 4 किसानों की जली झोपड़ी, बाइक, साइकिल जलकर खाक

निज संवाददाता। बक्सर

♦ बक्सर के मिल्की मझवारी गांव में आग का तांडव, लाखों का हुआ नुक्सान

बक्सर के मिल्की मझवारी में आग लगने से अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने आग को बुझाने का प्रयास किया। इसकी सूचना अग्निशमन को दी। सूचना के 20 मिनट की देरी से पहुंची अग्नि शमन टीम ने ग्रामीणों की मदद से दो घंटे के कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि इस घटना से चार किसानों की झोपड़िया जलकर राख हो गई। उनको लाखों का नुकसान हुआ है। घटना शनिवार की शाम सिमरी थाना क्षेत्र के मझवारी मिल्की गांव की है। बताया गया कि यहां के निवासी हनुमान यादव की झोपड़ी से अचानक आग की लपटें देख आसपास के लोग भी अपनी झोपड़ी को छोड़ बहार हो गए और आग बुझाने लगे। आग धीरे-धीरे अशोक यादव, उसके बाद सर्वजीत यादव, बिहारी यादव की झोपड़ी में लग गई। झोपड़ी में रखी 2 मोटरसाइकिल ,एक साइकिल के साथ झोपड़ी में रखे भूसा ,अनाज ,कपड़ा जलने से लाखों का नुकसान हो गया है। फिलहाल आग पर काबू तो पा लिया गया है लेकिन आग कैसे लगी है इसकी जानकारी नहीं हो पाई है। सिमरी के सीओ भगवान शंकर पांडेय द्वारा बताया गया कि सूचना पर अंचल कर्मी को भेज घटना का आकलन कराया जा रहा है। साथ ही यह भी पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि आग कैसे लगी। फिलहाल आग पर काबू पा लिया गया है।

# पथ परिवहन निगम आरा डिपो खो रहा वजूद, अब बचीं सिर्फ 6 बसें

निज संवाददाता। आरा

कभी रेलवे की तर्ज पर बिहार राज्य पथ परिवहन निगम के आरा डीपो में बस सेवा का संचालन होता था। सरकारी बस सेवा के लिए कभी आरा डीपो मशहूर था। अंतरराज्यीय और अंतरजिला सरकारी बस सेवा थी। पथ परिवहन निगम को टिकट बिक्री से भरपूर राजस्व प्राप्त होता था। लेकिन बिहार सरकार और पथ परिवहन निगम की उदासीनता से आरा डीपो का वजूद दिन-प्रतिदिन खत्म हो रहा है। इस संबंध में जब दैनिक भास्कर ने ग्राउंड रिपोर्टिंग किया। पता चला कि इस बस डिपो से पहले लगभग 50 सरकारी बस चला करती थी। अब मात्र 6 बस बच गई है। बस डिपो का कार्यालय भवन व यात्री शेड भी जहां-तहां से ढहने लगा है। छतों से पानी रिसता तहै। शौचालय और स्नानागार पूरी तरह ध्वस्त हो चुका है। पूरे डिपो परिसर में एक भी नल में पानी नहीं आता है। एक चापाकल है। लेकिन वह भी वर्षों से खराब पड़ा है। दिव्यांगों के लिए बनाये गए शौचालय में ताला बंद रहता है।



आरा रेलवे जंक्शन के पास यह सरकारी बस डीपो लगभग दो एकड़ में है। लेकिन बस डिपो में रोशनी के नाम पर रात में मात्र एक छोटा वेपर जलता लाइट जलता है। रेलवे स्टेशन की तरह 5 टिकट काउंटर भी बने हैं। अब बंद हो चुके हैं। रिटायर्ड वाउचर चेकर श्याम बिहारी शर्मा ने बताया कि काउंटर से टिकट नहीं कटने की वजह स्टाफ की कमी है। ज्यादातर कर्मी रिटायर्ड हो गए है। नई बहाली हो नहीं रही। अब बस के पास खलासी के माध्यम से टिकट काटा जाता है। उसके बाद वे कार्यालय को हिसाब देते हैं। पहले यहां से लगभग 50 बस चला करती थीं।अब सिर्फ 6 बस चल है। मैं भी रिटायरमेंट के 10 वर्ष बाद भी आउट सोर्सिंग से सेवा दे रहा हूं। 50 वर्ष में मात्र एक बार 20 वर्ष पहले भवन का रंग-रोगन रिटायर्ड वाउचर चेकर तपेश्वर नाथ सिंह ने बताया कि पूरे परिसर में शौचालय एवं पानी की सुविधा नहीं है। इस डीपो के भवन को बने लगभग 50 वर्ष से अधिक हो चुके। लेकिन मात्र एक बार लगभग 20 वर्ष पहले रंग-रोगन हुआ था। मरम्मत के अभाव में भवन की हालत दिन-प्रतिदिन खराब होती जा रही है। यात्रीगण सुविधाओं की मांग करते हैं। वे झगड़ा करने लगते हैं। मैं रिटायरमेंट के बाद भी 9 वर्षों से सेवा दे रहा हूं।

**बिहार के सरकारी बस डिपो की ऐसी हालत का अंदाजा नहीं था** : यात्री यात्री श्रीनिवास सिंह ने बताया कि मैं नागपुर में रहता हूं, 25 वर्ष बाद आरा आया हूं। छपरा जाना है। लोगों ने कहा इस बस डिपो से छपरा के लिए बस मिलेगी। यहां आने पर स्टाफ बताया कि छपरा की बस बंद हो चुकी है। बिहार के सरकारी बस डिपो की ऐसी हालत का अंदाजा नहीं था! ना शौचालय ? ना पानी ? सिर्फ कुव्यवस्था! 35-36 हजार के टिकट की बिक्री, लेकिन पटना के लिए सीधी सेवा नहीं वाउचर चेकर सह कार्यालय नियंत्रण कक्ष के कर्मी अशोक कुमार सिंह ने बताया कि डीपो से करीब 35-36 हजार रुपये प्रतिदिन टिकट होती है। बस संख्या व सुविधा वृद्धि होने से इस डीपो का कमाई में आरा रेलवे जंक्शन की तरह नाम होता। अभी पटना आने-जाने के लिए अंडर टेकिंग की दो बस चल रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### पेट्रोल पंप दिलाने के नाम पर 29 हजार ठगे

**भागलपुर।** पेट्रोल पंप का लाइसेंस देने के नाम पर एक व्यक्ति से 29 हजार की साइबर ठगी हो गई। ठग और छह लाख रुपए की मांग कर रहा था। लेकिन ठगी का एहसास होते ही उस व्यक्ति ने बाकी रकम देने से इनकार कर दिया। शनिवार को पीड़ित कुतुबगंज निवासी नरेन्द्र चौरसिया अज्ञात साइबर ठग के खिलाफ शिकायत करने पहुंचे थे। नरेन्द्र ने बताया कि मेरे बेटे ने ऑनलाइन एड देखकर पेट्रोल पंप के लाइसेंस के लिए आवेदन किया था। इसके बाद एक अनजान नंबर से कॉल कर पेट्रोल पंप की साइट समेत अन्य कागजात की मांग की गई। फिर दो दिन बाद कॉल करने वाले ने रजिस्ट्रेशन के नाम पर 29 हजार रुपए की मांग की। मैंने उसे वह रकम भेज दिया, लेकिन दो दिन के अंदर फिर उसने कॉल कर छह लाख रुपए की मांग की। तब मुझे शंका हुआ कि दो दिन के अंदर सारा वेरिफिकेशन कैसे हो गया। इसके बाद मैं बेगूसराय जाकर हिंदुस्तान पेट्रोलियम के कार्यालय जाकर इसके बारे में पता लगाया। वहां कहा गया कि ऑनलाइन इस तरह लाइसेंस के लिए कोई स्कीम नहीं है। तब मैंने साइबर थाने में इसकी शिकायत की। ठग अब मेरा कॉल नहीं उठाता है।

### जिले ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में की है तरक्की : सीएस

**भागलपुर।** भागलपुर के स्थापना दिवस के मौके पर एएनएम की छात्राओं ने नर्सिंग की पढ़ाई कर रही छात्राओं ने कैंडल मार्च किया। सभी छात्राएं सदर अस्पताल परिसर से निकलकर घंटाघर चौक, भगत सिंह चौक होते वापस घंटाघर चौक पर आकर कैंडल जलाया। जिसके बाद सीएस ने सभी छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि जिले मे स्वास्थ्य के क्षेत्र में अभूतपूर्व तरक्की हुई है। जिले के जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में हर वर्ष प्रतिभावान डॉक्टर निकल रहे, बल्कि मेडिकल हॉस्पिटल, सदर से प्रखंड तक पांच हजार मरीजों का इलाज किया जा रहा है। इस मौके पर एएनएम स्कूल प्राचार्य परितोष व वार्डन मौजूद रहे।

### डा. गोपाल प्रसाद बनाए गए पीजी हेड

**मुंगेर।** मुंगेर विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. श्यामा राय ने आरडी एंड डीजे कॉलेज फीजिक्स डिपार्टमेंट के एसोसिएट प्रोफेसर डा. गोपाल प्रसाद चौधरी को विश्वविद्यालय पीजी विभाग का विभागाध्यक्ष नियुक्त किया है। वे तीन वर्षों के लिए पीजी बनाए गए हैं। इस दौरान वे अपने पैतृक कॉलेज से ही वेतन एवं अन्य भत्ते लेते रहेंगे। पीआरओ डा. प्रियरंजन तिवारी ने बताया कि शनिवार को इस आशय की अधिसूचना जारी कर दी गई।

### 10 प्रतिनिधियों ने ही व्यय पंजी का कराया संधारण

**मुंगेर।** लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के चौथे चरण में मुंगेर में होने वाले मतदान को लेकर अभ्यर्थी व्यय कोषांग में 12 में से 10 अभ्यर्थियों के प्रतिनिधियों ने लेखा संधारण की जांच करायी। व्यय-पंजी की जांच मुंगेर लोकसभा चुनाव के व्यय-प्रेक्षक सत्य साधन सिंह की अध्यक्षता में हुई। लेखा जांच में मुंगेर लोकसभा संसदीय क्षेत्र-28 के कुल 12 में से 10 अभ्यर्थियों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। मौके पर नोडल पदाधिकारी अभ्यर्थी व्यय कोषांग सह संयुक्त आयुक्त राज्य कर योगेंद्र कुमार शर्मा समेत सभी वरीय अधिकारी उपस्थित थे। व्यय प्रेक्षक सहित उपस्थित सभी पदाधिकारियों द्वारा निर्वाचन कार्य में अभ्यर्थियों द्वारा किए जा रहे व्यय के लेखा का संधारण कर शेडो रजिस्टर से मिलान किया गया। उन्होंने कहा कि जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिक ारी के निर्देश के आलोक में अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय-पंजी के निरीक्षण के लिए लेखा जांच की तीन तिथि निर्धारित की गयी है। निर्वाचन के दौरान पहला लेखा संधारण 3 मई, दूसरी लेखा संधारण जांच 7 मई और तीसरी लेखा संधारण 11 मई को निर्धारित है। 10 बजे पूर्वाह्न से 05 बजे अपराह्न तक में पंजी का जांच किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लेखा जांच में विफल रहने पर अथवा उपस्थित नहीं होने की स्थिति में निर्वाचन आयोग के प्रावधानानुसार विधि सम्मत कार्रवाई होगी।

### अधिकतम तापमान में 4 डिग्री, तो न्यूनतम में 2 डिग्री सेल्सियस तक होगी गिरावट

**मुंगेर।** मार्च के अंतिम सप्ताह से शुरू हुई गर्मी अप्रैल के प्रथम सप्ताह से ही भीषण हो चुकी है। विगत डेढ़ माह से जिले का तापमान 40-45 डिग्री सेल्सियस है। भीषण गर्मी और लू के दौरान अब राहत कि बारिश होने वाली है। मौसम विभाग कि मानें तो चार दिनों में 30 एमएम झमाझम बारिश कि संभावना व्यक्त कि गई है। वहीं इससे इतर अन्य दिनों कि अपेक्षा शनिवार को जिले का मौसम काफी खुशनुमा रहा। सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे जबकि 10 बजे के बाद से पूरे दिन हल्की धूप-छांव का खेल जारी रहा। इस बीच शनिवार को जिले का अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस रहा। इस बीच 12 किमी कि रफ्तार से चल रही पछुआ हवा से लोगों को थोड़ी परेशानी भी हुई। चार दिनों में 30 एमएम बारिश का पूर्वानुमान मौसम वैज्ञानिक मुकेश कुमार ने बताया कि रविवार से मौसम में बदलाव होने कि संभावना है। वहीं मौसम पूर्वानुमान के अनुसार रविवार को अधिकतम तापमान में 2 डिग्री कि गिरावट के साथ 5 एमएम बारिश का भी अनुमान है। जबकि सोमवार और मंगलवार को 10 एमएम तो बुधवार को 5 एमएम बारिश का पूर्वानुमान है। वहीं इस दौरान अधिकतम तापमान 37-39 डिग्री तो न्यूनतम तापमान 21-22 डिग्री सेल्सियस रहने का अंदेशा है।

### शिक्षिका से पैसा लूटने की कोशिश, ATM से पैसा निकाल कर जा रही थी घर



### कोड़ा गैंग के दो बदमाश गिरफ्तार

**भागलपुर।** भागलपुर में छीनतई का घटना थमने का नाम नहीं ले रहा है बैंक से रुपए निकाल कर जा रही शिक्षका से पैसे से भरे बैग को बदमाशों ने लूटने की कोशिश की। लेकिन घटना को अंजाम देने में बदमाश असफल रहे। इधर, घटना को अंजाम देकर भाग रहे बदमाशों को शिक्षका नीतू कुमारी और स्थानीय लोगों ने हिम्मत दिखाते हुए दो बाइक सवार झपटमारों को पड़कर पीरपैंती थाना अध्यक्ष नीरज कुमार के सुपुर्द कर दिया गया।

**स्थानीय लोगों ने बदमाशों को दबोचा:** घटना के संबंध में मध्य विद्यालय गोराडीह की शिक्षिका नीतू कुमारी ने पुलिस को बताया कि वह अपने सहकर्मी शिक्षक निक अग्निहोत्री के साथ एसबीआई बैंक से 50 हजार रुपया लेकर जा रही थी। उनकी बाइक स्टार्ट नहीं हुई तो पैदल ही किसी मैकेनिक के यहां जा रहे थे। तभी बाइक सवार बदमाशों ने पर्स छीन कर भागने का प्रयास किया लेकिन उनकी जोरदार पकड़ के कारण बदमाश असफल हो गया। भागने के प्रयास में बाइक सवार की बाइक उलट गई और वे लोग पैदल ही गौशाला के पीछे बगीचे की तरफ भागने लगे इसी क्रम में शोर मचाने पर वहां के स्थानीय लोगों ने खदेड़कर दोनों बाइक सवार झपटमारो को पकड़ लिया। पुलिस को दोनों ने अपनी पहचान कोडा गैंग के जुबरगंज निवासी रामू यादव के पुत्र प्रकाश यादव वह धर्मेंद्र यादव के पुत्र सोमियाल यादव के रूप में बताई दोनो झपटमारों के पास से दो मौबाईल दो मास्टर चाबी तथा खुजली वाला पाउडर तथा एक व्हाईट कलर की अपाची गाड़ी बरामद की गई है।

## बीएयू में कार्यशाला का आयोजन

# विदेश में अध्ययन के लाभों और कृषि क्षेत्र में अवसरों के बारे में हुई चर्चा

निज संवाददाता। भागलपुर

बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर में असिस्टेंटशिप के साथ विदेश में अध्ययन के लिए जीआरई, टीओईएफएल, आईईएलटीएस का महत्व पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इसका उद्देश्य छात्रों को विदेश में उच्च शिक्षा के अवसरों को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक ज्ञान के साथ प्रशिक्षित करना था। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन टीचिंग एंड लर्निंग द्वारा आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन सेल के सहयोग से कार्यशाला आयोजित की गई।बीएयू के कुलपति डॉ डी आर सिंह की सहमति सफल हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन बीएयू के अनुसंधान निदेशक डॉ ए0 के0 सिंह ने किया। उन्होंने विदेश में अध्ययन के लाभों और कृषि क्षेत्र में अवसरों के बारे में विस्तार से बताया। विभिन्न कृषि विषयों के कुल 90 छात्रों ने कार्यशाला में सक्रिय रूप से भाग लिया और विदेश में उच्च अध्ययन के अवसर तलाशने के लिए अपने उत्साह और उत्सुकता का प्रदर्शन किया। विभिन्न पृष्ठभूमियों के छात्रों की उपस्थिति ने पूरे कार्यक्रम में चर्चा और बातचीत को समृद्ध किया। कार्यशाला में बीएयू के विभिन्न विभागों के वैज्ञानिकों के साथ



पैनल चर्चा भी हुई। जिससे छात्रों को विविध दृष्टिकोण और अंतर्दृष्टि प्रदान की गई। सत्रों की इंटरैक्टिव प्रकृति ने छात्रों को संदेह को स्पष्ट करने और विशेषज्ञों से सलाह लेने की अनुमति दिए। जिससे एक अनुकूल सीखने के माहौल को बढ़ावा मिला।

## भागलपुर में बेबी डायपर बनाने वाली कंपनी में लगी आग

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में शनिवार को बच्चों के डायपर्स गोदाम में भीषण आगजनी हुई। घटना में दो लाख से अधिक रुपए की सामान जलकर राख हो गया। मामला जिले के बबरगंज थाना क्षेत्र के मोहनपुर हसनपुर स्थित का है। जहां पर शनिवार की देर शाम आगजनी हुई है। हालांकि आग कैसे लगी है इसकी कोई स्पष्ट जानकारी नहीं है। घटना के बाबत बताया जा रहा है कि बच्चे के पैंपर्स बनाने वाली गोदाम में लगी आग ने देखते ही देखते पूरे गोदाम को अपने आगोश में ले लिया। जिससे गोदाम में रखी लाखों रुपए के सामान जलकर पूरी तरह राख हो गया। वहीं घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की दो बड़ी गाड़ियां मौके पर पहुंची और घंटों मक्कसत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। स्थानीय लोगों के माने तो गोदाम से अचानक धुआं निकलते देखा। इसके बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने की काफी कोशिश किया लेकिन आग पर काबू पाने में असफल रहे। इधर लोगों ने घटना की जानकारी फायर ब्रिगेड टीम को दिया। मौके पर पहुंचे अग्निशमन विभाग की टीम ने करीब घंटों बाद आग पर काबू पाया है



हालांकि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। अग्निशमन अधिकारी ने प्रथम दृष्टि या घटना लापरवाही का नतीजा बताया है उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि आग पर काबू पाई जा रही है पूरी तरह जब तक आग पर काबू नहीं पाया जाता है तब तक कुछ कहना संभव नहीं है।

**कचरे से भरा है गोदाम:** गोदाम में बच्चे का पैंपर्स बनाया जाता है। पूरा गोदाम कचरे से भरा हुआ है आग कैसे लगी। इसकी कोई स्पष्ट जानकारी नहीं है। वही गोदाम के आसपास रह रहे लोगों ने बताया कि गोदाम से अचानक धुआं निकलना शुरू हुआ फिर आग की लपटे तेज हो गई कि आग पर काबू पाना मुश्किल हो गया। फायर ब्रिगेड के टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।

## भागलपुर में एंबुलेंस और ऑटो के बीच टक्कर, चार जख्मी

**भागलपुर।** भागलपुर में रविवार को एंबुलेंस और ऑटो के बीच टक्कर हो गई। हादसे में ऑटो सवार चार लोग जख्मी हो गए। घटना जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल के नौलखा गेट के पास की है। इधर, पुलिस ने घायल को इलाज के लिए मायागंज अस्पताल में भर्ती कराया है। घायलों के अनुसार, एंबुलेंस रॉन्ग साइड से आ रही थी। इसी दौरान मनाली से सबौर की ओर जा रहे ऑटो में सामने से टक्कर हो गई। हादसे में एंबुलेंस और ऑटो का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। घायल ऑटो चालक मोहम्मद अली ने बताया कि ऑटो पर सवार पांच लोग थे। एंबुलेंस गलत दिशा से तेज रफ्तार से आ रही थी और इसी दौरान हादसा हुआ।

# अच्छे से ट्रेनिंग पाएं पोलिंग कर्मी गलती बर्दाश्त नहीं होगी: डीएम

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर लोकसभा क्षेत्र-28 के लिए 13 मई को होने वाले चुनाव को लेकर जिले के सभी 692 मतदान केंद्रों के लिए ईवीएम-वीवीपैट का प्रथम रैंडमाइजेशन के बाद अब ईवीएम का कमीशनिंग का कार्य किया जाना है। ईवीएम कमीशनिंग कार्य को लेकर शनिवार को किला परिसर स्थित ईवीएम वेयर हाउस से डिस्पैच सेंटर डीजे कॉलेज शिफ्ट कर दिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि ईवीएम-वीवीपैट का प्रथम रैंडमाइजेशन का कार्य मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया था। मुंगेर संसदीय सीट के लिए तीन जिले के छह विधानसभा क्षेत्र के लिए कुल 2029 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिसमें से मुंगेर जिले के मुंगेर विधानसभा व जमालपुर विधानसभा के 692 सभी बूथों के लिए वीवीपैट, पीयू और सीयू ईवीएम मशीन का यूनिट का बूथ वाइज कैटगराइजेशन इवीएम वेयर हाउस में किया गया। अब सभी इवीएम को डीजे कॉलेज डिस्पैच सेंटर शिफ्ट करने



के बाद इवीएम का कमीशनिंग कार्य सिंबल व बैलेट क्रमांक को इंस्टॉल किया जाएगा। गौरतलब है कि जमालपुर विधानसभा क्षेत्र में 345 मतदान केंद्र व मुंगेर विधानसभा क्षेत्र में 347 मतदान केंद्र हैं।

मुंगेर लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के चौथे फेज में मुंगेर संसदीय सीट के लिए होने वाले मतदान को लेकर जिला प्रशासन पूरी तैयारी कर ली है। जिला व पुलिस प्रशासन के द्वारा मतदान को लेकर जहां लगातार बैठकें की जा रही है, वहीं सुरक्षा को लेकर भी चाक-चैबंद इंतजाम किए जा रहे हैं। साथ ही मतदान को शांतिपूर्ण व सफलतापूर्वक संपन्न कराने को लेकर मास्टर ट्रेनरों के द्वारा पोलिंग पार्टियों सहित अन्य कर्मियों को भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पोलिंग पार्टी के प्रशिक्षण का शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिक ारी अवनीश कुमार सिंह ने औचक निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिक ारी ने मॉडल स्कूल में चल रहे प्रशिक्षण का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मास्टर ट्रेनरों के द्वारा पोलिंग पार्टियों को दी जा रही ट्रेनिंग की जानकारी ली। वहीं प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कर्मियों से भी सवाल-जवाब किए। कुछ कर्मियों के द्वारा सही जवाब नहीं दिए जाने पर जिलाधिकारी ने उन्हें फटकार भी लगायी। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य अत्यंत ही महत्वपूर्ण व संवेदनशील कार्य है, इसमें किसी भी प्रकार की कोई गलती बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी प्रशिक्षण प्राप्त कर्मी द्वारा मतदान के दिन किसी प्रकार की समस्या अथवा मतदान में कोई परेशानी उत्पन्न हुई तो उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसलिए आप सभी इस प्रशिक्षण को गंभीरता से लें और मतदान में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी कर्मियों से कहा कि वे जब भी प्रशिक्षण में आएं अपने साथ नोट पैड और कलम जरूर लाएं, ताकि मास्टर ट्रेनरों के द्वारा बताए गए जरूरी बातों को उसमें लिख सकें और प्रशिक्षण का लाभ उठा सकें।

# मुंगेर में गला दबाकर नाबालिग की हत्या

## 10 दिन बाद श्रीकृष्ण सेतु के पाया में लटकी मिली लाश, मां-चाचा गिरफ्तार, पिता और दादा फरार

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर से ऑनर किलिंग का मामला सामने आया है। मामला मुफस्सिल थाना क्षेत्र के टीकारामपुर धौताल महतो टोला का है। जहां प्रेम प्रसंग के कारण परिवार के सदस्यों ने ही 13 वर्षीय बेटी की गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस ने इस मामले में मृतक किशोरी की मां और चाचा को गिरफ्तार किया है। वहीं, पिता और दादा की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है। पुलिस ने किशोरी की बॉडी शनिवार को श्रीकृष्ण सेतु के पाया में लटका हुआ बरामद किया है। शव 10 दिनों से पाया में ही फंसा था। 25 अप्रैल को परिवार वालों ने ही किडनैपिंग की FIR दर्ज कराई थी।

**पिता ने दर्ज कराया था अपहरण का मामला:** टीकारामपुर धौताल महतो टोला निवासी अनोज सिंह ने मुफस्सिल थाना में बेटी के अपहरण को लेकर लिखित शिकायत दर्ज करवाई थी। बताया कि 25 अप्रैल की रात उसकी 13 साल की नाबालिग बेटी को गांव के ही राजीव कुमार बाइक पर बैठाकर भाग गया। सुबह उसके घर पर शिकायत करने गए तो रीता देवी, अंगद कुमार सहित अन्य लोग तलवार लेकर मारने दौड़े। हम लोग जान बचाकर वहां से भाग निकले। पिता



अनोज सिंह के आवेदन पर मुफस्सिल थाना में अपहरण की प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की।

**जांच के दौरान ऑनर किलिंग की आशंका हुई:** वहीं, जब पुलिस गांव पहुंची तो ग्रामीणों ने बताया कि 25 अप्रैल की रात अनोज सिंह का परिवार अपनी नाबालिग बेटी को ई-रिक्शा पर लाद कर कहीं ले जा रहा था। तब पुलिस को ऑनर किलिंग की आशंका हुई। खोजते हुए पुलिस उस ई-रिक्शा चालक तक पहुंच गई।

**टोटो चालक ने खोला राज:** टोटो चालक ने पुलिस को बताया कि उन लोगों ने उससे कहा कि बेटी की तबीयत खराब है। बेगूसराय इलाज के लिए ले जाना है। जब वह श्रीकृष्ण सेतु पर पहुंचा तो टोटो रोक कर बच्ची को पुल के नीचे फेंक दिया। साथ ही उसको धमकी दी थी कि वह किसी को कुछ नहीं बताएगा, नहीं तो अंजाम बुरा होगा।

**प्रेम प्रसंग की वजह से हत्या:** पुलिस ने किशोरी की मां रूणा देवी और चाचा गुलशन कुमार को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान रूणा देवी ने पुलिस को बताया कि उसकी बेटी का पड़ोस के ही राजीव कुमार से प्रेम प्रसंग चल रहा था। 25 अप्रैल की रात बेटी को राजीव के साथ परिवार वालों ने देखा, जिसके बाद पूरे परिवार ने मिलकर बेटी की गला दबाकर मार डाला। इसके बाद शव को टोटो पर लेकर गंगा में फेंक दिया।

**मां-चाचा गए जेल, पिता-दादा की तलाश में जुटी पुलिस:** प्रशिक्षु आईपीएस सह मुफस्सिल थानाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह ने बताया कि परिजनों के लिखित आवेदन पर नाबालिग बेटी के अपहरण का मामला दर्ज किया था। जांच में पता चला कि यह अपहरण नहीं, बल्कि ऑनर किलिंग का मामला है। पूछताछ में दोनों ने अपना जुर्म कबूल किया है। पुलिस ने श्रीकृष्ण सेतु के नीचे एक पाया में बना क्रॉस से लटका हुआ बच्ची का शव बरामद किया। माता और चाचा को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं, पिता और दादा की तलाश जारी है।

## नौ दिवसीय विराट श्रीराम कथा व श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव



निज संवाददाता। टेटिया बंबर

प्रखंड अंतर्गत बंबर काली स्थान प्रांगण में संत समागम संत रक्षा संगठन के तत्वाधान में नौ दिवसीय विराट श्री राम कथा व श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव शनिवार से प्रारंभ हो गया। इसके पूर्व दिन में कलश शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें 208 कन्याओं ने माथे पर कलश लेकर बंबर काली मंदिर के समीप से जल भरकर, बंबर बाजार जगन्नाथ प्लस टू उच्च विद्यालय होते हुए बंबर काली स्थान स्थित कथा स्थल पर पहुंचे। जहां भागवत व्यास कृष्णा प्रिय विनायकांत जी महाराज द्वारा पूरे विधि विधान एवं वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ कलश स्थापित कराई गई। तत्पश्चात संध्या 5:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक महाराज जी द्वारा कथा की गई।

मौके पर छात्र नेता अभिषेक केशरी, पंचायत समिति के सदस्य शशि भूषण सिंह, प्रीतम केशरी, सतीश साह, प्रशांत केशरी, दयाशंकर तिवारी, विकास भगत, ऋतिक भगत, शंभू भगत, दारा सिंह समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

# भागलपुर में नशे में गवाह देने पहुंचा युवक

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में शुक्रवार को कोर्ट में गवाह देने पहुंचk एक युवक लड़खड़ाते कदमों से कटघरे में खड़ा हुआ। गवाह को झूमते देखकर जज को शक हुआ। इसके बाद विशेष लोक अभियोजक उत्पाद-टू भोला मंडल को जांच का निर्देश दिया गया और इसकी जानकारी उत्पाद विभाग को दी गई। जानकारी के बाद उत्पाद विभाग की टीम मौके पर पहुंची और शराब पीने की पुष्टि। इस दौरान गवाह ने भी अपना जुर्म कबूल किया। उसने शराब पीने की बात कही। मामला जिले के न्यायपालिका स्थित कोर्ट भवन का है, जहां उत्पाद कोर्ट 2 में गवाह देने आये एक शख्स को न्यायाधीश ने जेल भेज दिया। विशेष न्यायाधीश ने शराब पीने के जुर्म में रंजीत सिंह पर उत्पाद



अधिनियम के तहत कार्यवाही की है।

**82% अल्कोहल पाया गया:** नवगछिया के एक मामले में (काण्ड 200/22) के तहत गवाही देने के लिए एक युवक को हाजिर किया गया था। युवक शराब के नशे में धुत था। उत्पाद कोर्ट के विशेष न्यायाधीश के सामने गवाह को इजलास पर बुलाया गया। गवाह इजलास में खड़ा हुआ और उससे पूछताछ शुरू हुई। पूछताछ के दौरान नशे में झूमते गवाह को देखकर पहले शक हुआ और फिर उस शक की पुष्टि के लिए गवाह से झुमने का कारण पूछा गया।

## वृक्षारोपण कर कार्यक्रम की शुरुआत, 4 मई 1773 ई. को हुई थी स्थापना

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में जिला स्थापना दिवस के अवसर पर समीक्षा भवन के समीप उप विकास आयुक्त कुमार अनुराग एवं अपर समाहर्ता अन्य पदाधिकारी द्वारा वृक्षारोपण किया गया। समीक्षा भवन में उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्थापना दिवस कार्यक्रम का उदघाटन दीप प्रज्वलित कर उप विकास आयुक्त द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों ने इसमें अपना सहयोग पर्याप्त प्रदान किया।

**4 मई 1773 ई. को हुई थी स्थापना:** जिला स्थापना दिवस कार्यक्रम को लेकर पत्रकारों से बात करते हुए आयुक्त कुमार अनुराग ने कहा कि 4 मई 1773 ई0 को भागलपुर जिला की स्थापना हुई। आज हम 251 वां वर्ष मना रहे हैं, वर्तमान वर्ष में जिला स्थापना दिवस मनाने का प्रस्ताव था, लेकिन आचार संहिता के प्रभावी हो जाने के कारण कार्यक्रम का आयोजन नहीं किया जा सका। अगले वर्ष से जिला स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ अन्य कार्यक्रम भी शामिल रहेगा। आचार संहिता के मद्देनजर आज सामान्य रूप से जिला स्थापना दिवस कार्यक्रम की शुरुआत की जा रही है। जिला स्थापना दिवस



कार्यक्रम में शामिल सभी विभागों के पदाधिकारी को उन्होंने भागलपुर जिला के विकास के लिए अपना विजन रखने को कहा है।

**योजनाओं से करवाया अवगत:** कार्यक्रम में शिक्षा विभाग ने वर्तमान वर्ष के लिए अपने विभाग की ओर से डीपीओ शिक्षा ने सभी विद्यालयों में आधारभूत संरचना का विस्तार करने, पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने, स्वास्थ्य विभाग की ओर से सिविल सर्जन ने जिले के सभी अस्पतालों में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने सभी मरीजों का आभा कार्ड बनवाने, जिसमें मरीज के बीमारी का इतिहास अंकित रहेगा, सभी गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व चार जांच करवाने, शत प्रतिशत टीकाकरण करवाने, कृषि विभाग ने मोटे अनाजों के उत्पादन एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने,आईसीडीएस ने शत- प्रतिशत आंगनबाड़ी केंद्रों का बेहतर संचालन कराने एवं स्कूल पूर्व के सभी बच्चों एवं महिलाओं को आधार से जोड़ने, जीविका ने सभी दीदियों को रोजगार से जोड़ने, एक लाख दीदियों को लखपति बनाने, कल्याण विभाग ने अनुसूचित जाति अनुसूचित, जनजाति पिछड़ा वर्ग अत्यंत पिछड़ा वर्ग के लिए संचालित एवं नवनिर्मित विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई करवाने, पीएचईडी ने सभी वार्डों में पेय जल की व्यवस्था करने, आपूर्ति विभाग ने सभी राशन कार्ड धारियों को नियमित रूप से खाद्यान्न मुहैया कराने, नए राशन कार्ड निर्गत करने, लाभुकों का आधार सीडिंग करवाने, जिला समन्वयक एलएसबीए ने लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र के सभी घरों से कचरे का उठाव करवाने, डब्लू पी यू द्वारा कचरे का प्रसंस्करण करवाने, डीपीओ मनरेगा द्वारा जल संरचना में वृद्धि कर भू-गर्व जल स्तर ऊपर उठाने का प्रयास करने, लक्ष्य के अनुरूप वृक्षारोपण करवाने, मत्स्य विभाग द्वारा मत्स्य उत्पादन में वृद्धि करने, मत्स्य बीज उत्पादन में भागलपुर को आत्मनिर्भर बनाने, पंचायती राज विभाग द्वारा अपने अवशेष सोलर लाइट व पंचायत सरकार भवन निर्माण कार्यों को पूर्ण करवाने के संबंध में अपने-अपने दृष्टिकोण से अवगत कराया।

## संक्षिप्त समाचार

### लूट के बाद बदमाशों ने की रिटायर महिला प्रधानाध्यापक की हत्या

**मुंगेर, एजेंसी।** मुंगेर के असरगंज थाना क्षेत्र के रहमतपुर बासा गांव में घर में अकेले रह रही रिटायर प्रधानाध्यापक मंजू कुमारी की बदमाशों ने हत्या कर दी। हत्या के पहले पहले बदमाशों ने लूटपाट की है। यह घटना गुरुवार की देर रात की है। महिला के 2 पुत्र हैं इनमें से एक भागलपुर और दूसरा देवघर में रहते हैं। सुबह विक्रमपुर गांव के एक लोग महिला की बेटी के कहने पर शिक्षिका का हालचाल लेने पहुंचे। जब वे लोग घर के अंदर पहुंचे तो शिक्षिका का शव दिखा। कमरे में गोदरेज सहित अन्य सामान बिखरा था। शिक्षिका के पति मुरलीधर उपाध्याय की मौत भी 1980 में गोली लगने से हो गई थी। महिला मध्य विद्यालय गोपी स्कूल में प्रधानाध्यापिका के पद से सेवानिवृत हुई थी। घटना की सूचना पर पुलिस तारापुर डीएसपी सिंधु शेखर सिंह सहित कई थाने की पुलिस पहुंची। तारापुर डीएसपी सिंधु शेखर सिंह ने बताया की बदमाशों ने शिक्षिका की हत्या पैर-हाथ बांध कर की है। घर में समान बिखरा मिला है। भागलपुर से फारसेंसिक टीम पहुंच रही है। साथ ही उनके दोनों बेटे को घटना की जानकारी दे दी गई है।

### ट्रक की ठोकर से युवक की मौत

**मुजफ्फरपुर।, एजेंसी।** एनएच 77 पर कोरलहिया गांव स्थित पेट्रोल पंप के पास शनिवार सुबह करीब नौ बजे ट्रक की ठोकर से एक युवक की मौत हो गई। उसकी पहचान स्व. चंदेश्वर राय के पुत्र दीपू कुमार राय (26) के रूप में की गई है। बताया जाता है कि ठोकर लगने के बाद वह सड़क पर गिर गया था। स्थानीय लोगों की मदद से उसे मेडिकल लाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। दीपू के भाई अजीत कुमार ने मेडिकल ओपी में बयान दर्ज कराया है। ओपी प्रभारी ललन पासवान ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है।

### 1003 फेरा और लगाएंगी पूमरे की समर स्पेशल ट्रेनें

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित करने और गर्मियों के दौरान रेल यात्रा में अपेक्षित वृद्धि के मद्देनजर भारतीय रेल समर स्पेशल ट्रेनों के रिकॉर्ड 9111 फेरों का संचालन कर रही है। इसमें पूमरे क्षेत्राधिकारी से ट्रेनें 1003 फेरा दक्षिण, पश्चिम व उत्तर भारत का लगाएंगी। इसके लिए ट्रेनों का परिचालन मुजफ्फरपुर, दरभंगा, समस्तीपुर, जयनगर, बरौनी सहित सूबे के अन्य स्टेशनों से होगा। अब तक करीब पांच सौ से अधिक ट्रेनों का फेरा विभिन्न जगहों के लिए लग चुका है। वर्ष 2023 की गर्मियों की तुलना में यह करीब 40 फीसदी अधिक है। प्रमुख रेल मार्गों पर निर्बाध यात्रा सुनिश्चित करने और देशभर के प्रमुख गंतव्यों को जोड़ने के लिए अतिरिक्त ट्रेनों के परिचालन का मास्टरप्लान रेलवे ने तैयार किया है। पूमरे ने गर्मियों के मौसम में तमिलनाडु, महाराष्ट्र, गुजरात, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान और दिल्ली जैसे राज्यों से यात्रियों की भीड़भाड़ को कम करने के लिए इन अतिरिक्त फेरों को संचालित करने की तैयारी की है। रेलवे के अधिकारी ने बताया कि रेलगाड़ियों की मांग का आकलन करने के लिए पीआरएस प्रणाली में प्रतीक्षा सूची वाले यात्रियों के विवरण के अलावा मीडिया रिपोर्ट, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, रेलवे इंटीग्रेटेड हेल्पलाइन नंबर 139 जैसे सभी चैनलों से इनपुट लिए जाते हैं। इस आवश्यकता के आधार पर ट्रेनों की संख्या और फेरों की संख्या बढ़ाई जाती है। पूरे सीजन के लिए न तो ट्रेनों की संख्या और न ही अतिरिक्त ट्रेनों द्वारा संचालित फेरों की संख्या स्थिर रहती है।

### आरपीएफ के हेड कांस्टेबल की मौत मामले में विभागीय जांच शुरू

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** वलसाड-मुजफ्फरपुर श्रमिक एक्सप्रेस में अग्निशमन यंत्र के विस्फोट से आरपीएफ के हेड कांस्टेबल विनोद कुमार की मौत मामले की विभागीय जांच शनिवार से शुरू हो गयी। बरौनी के सहायक कमांडेंट जीएस सलोनी ने मुजफ्फरपुर आकर जांच की। साथ ही घटना के दिन जिन एजेंसियों ने जांच की थी, उनसे घटना की जानकारी ली। जिला अग्निशमन पदाधिकारी, आरएफएसएल की टीम और आरपीएफ के पदाधिकारी व जवानों का बयान दर्ज किया। शनिवार को सहायक कमांडेंट ने पूरे दिन मुजफ्फरपुर पोस्ट पर विभागीय कार्यवाही की प्रक्रिया पूरी की। मालूम हो कि, 22 अप्रैल को मुजफ्फरपुर के प्लेटफॉर्म पांच पर खड़ी वलसाड-मुजफ्फरपुर श्रमिक एक्सप्रेस में सुबह आग लगी थी। हेड कॉस्टेबल विनोद कुमार ने अग्निशमन यंत्र से आग बुझाने का प्रयास किया।

# मोकामा के पूर्व विधायक अनंत सिंह पैरोल पर जेल से बाहर आए

# बोले- ललन सिंह 5 लाख वोट से जीतेंगे: समर्थकों से जमकर मतदान करने को कहा

**, पटना, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के बीच मोकामा के पूर्व विधायक अनंत सिंह रविवार सुबह पैरोल पर जेल से बाहर आ गए हैं। उन्हें 15 दिन की पैरोल मिली है। जेल से बाहर आने के बाद उन्होंने दावा किया कि मुंगेर से एनडीए प्रत्याशी और जेडीयू के पूर्व अध्यक्ष ललन सिंह 5 लाख वोट से जीतेंगे। उन्होंने अपने समर्थकों से जोरदार वोट करने को भी कहा है।

बता दें कि एके-47 रखने के केस में पूर्व विधायक को 10 साल की सजा पटना की बेऊर जेल में काट रहे हैं। आज सुबह करीब 4.45 बजे वो जेल से बाहर निकले। जहां उनके समर्थकों की भारी संख्या में भीड़ मौजूद रही। जेल के बाहर आने पर अनंत सिंह का समर्थकों ने स्वागत किया है। बड़ी संख्या में उनके समर्थक पहुंचे और जेसीबी से फूलों की बारिश की।

समर्थक शेरे बिहार जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे। पटना से लेकर मोकामा के बीच भी कई जगहों पर स्वागत किया गया। बता दें कि मुंगेर लोकसभा सीट पर 13 मई को होने वाली वोटिंग से पहले अनंत सिंह जेल से बाहर आए हैं। ऐसे वक्त में उनका जेल से बाहर आना बेहद अहम माना जा रहा है।



### जमीन बंटवारे को लेकर मिली पैरोल

पारिवारिक बंटवारे को लेकर अनंत सिंह ने कोर्ट से पैरोल मांगी थी। 5 साल में पहली बार उन्हें पैरोल मिली है। अनंत सिंह के बाहर आने के दौरान जेल के बाहर और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। अनंत सिंह की पत्नी नीलम सिंह वर्तमान में मोकामा से विधायक हैं और फिलहाल एनडीए के साथ हैं।

### मुंगेर चुनाव से पहले छोटे सरकार बाहर

अनंत सिंह को उनके इलाके में लोग छोटे सरकार के नाम से जानते हैं। वो कभी नीतीश कुमार के बेहद खास हुआ करते थे। बाद में राजनीतिक कारणों से सीएम से दूर होते चले गए और लालू यादव के करीबी हो गए लेकिन अब एक बार फिर अनंत सिंह एनडीए के पाले में हैं। माना जा रहा है कि अनंत सिंह भले ही खुले तौर पर चुनाव प्रचार ना भी करें, तब भी वह अपने स्तर से जेडीयू के लोकसभा उम्मीदवार और पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह को फायदा पहुंचा सकते हैं। मुंगेर में चौथे चरण में वोटिंग होनी है।

### 5 बार विधायक रह चुके हैं अनंत सिंह

अनंत सिंह मोकामा 5 बार विधायक रह चुके हैं। उन्हें छोटे सरकार के नाम से भी जाना जाता है। 2005 में विधानसभा चुनाव से अपनी राजनीति की शुरुआत की थी। अनंत सिंह किसी जमाने में सीएम नीतीश कुमार के बेहद करीबी थे। लेकिन बाद में संबंधों में खटास आ गई। अब जदयू से दुबारा संबंध ठीक हो गया है। यही वजह है कि उनकी पत्नी नीलम देवी ने राजद कोटे से मोकामा से विधायक है, जो हाल में जदयू के साथ आ गई है।

### 14 दिन पहले बिगड़ी थी तबीयत

करीब 14 दिन पहले अनंत सिंह की तबीयत बिगड़ गई थी। उन्हें किडनी से संबंधित समस्या के बाद पटना के आईजीआईएमएस में भर्ती कराया गया था। अस्पताल के एक डॉक्टर ने बताया था कि अनंत सिंह को किडनी से जुड़ी समस्या है। उनका क्रिएटिनिन लेवल भी बढ़ा हुआ है। इससे पहले भी अनंत सिंह को करीब एक साल पहले पीएमसीएच के आईसीयू में भर्ती कराया गया था। उसे समय उन्हें सांस लेने की समस्याएं से जूझ रहे थे। साथ ही उन्हें शरीर में दर्द और उल्टियां हो रही थी। जिसके बाद आनन-फानन में उन्हें भर्ती कराया गया था।

### राजद के पूर्व विधायक की पत्नी अब जेडीयू के साथ

अनंत सिंह की विधायकी खत्म होने के बाद उपचुनाव में उनकी पत्नी नीलम देवी ने राजद कोटे से मोकामा से ताल ठोंकी और वो वहां जीत भी गईं। लेकिन हाल ही में बिहार में हुए सत्ता परिवर्तन के दौरान नीलम सिंह ने पाला बदल लिया। वो राजद का साथ छोड़कर जदयू का साथ देने लगीं। फिलहाल मुंगेर से जदयू के लोकसभा कैंडिडेट ललन सिंह के लिए वो प्रचार प्रसार कर रही हैं।

### 10 साल सजा के बाद रद्द हुई थी सदस्यता

मोकामा से आरजेडी विधायक रहे अनंत सिंह पर प्रतिबंधित हथियार ए.के-47 रखने का आरोप साबित होने के बाद उन्हें कोर्ट ने 10 साल की सजा सुनाई है। जिसके बाद वह पटना के बेउर जेल में बंद है। साथी इसके बाद उनके पटना स्थित सरकारी आवास पर इंसास राइफल, मैगजीन और बुलेट प्रूफ जैकेट बरामद होने के मामले में भी वे दोषी पाए गए थे। आपराधिक मामलों होने के बाद जुलाई 2022 में अनंत सिंह की सदस्यता भी रद्द कर गई थी।

## लालू खानदान नहीं चाहता कि देश का प्रधानमंत्री हिंदू हो-सम्राट चौधरी

**पटना, एजेंसी।** बिहार में चुनावी माहौल के बीच हिंदू-मुस्लिम का मुद्दा जोर पकड़ रहा है। अब डिप्टी सीएम एवं बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के परिवार पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया है कि लालू खानदान नहीं चाहता कि देश का प्रधानमंत्री हिंदू हो। उन्होंने दावा किया कि जब तक नरेंद्र मोदी जिंदा हैं, भारत को जिन्ना का मुल्क नहीं बनने देंगे। इससे पहले पीएम नरेंद्र मोदी ने भी दरभंगा में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए आरजेडी एवं कांग्रेस पर मुस्लिमों को धर्म के आधार पर आरक्षण देने की मंशा के आरोप लगाए। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने शनिवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल से लालू परिवार पर निशाना साधते हुए पोस्ट शेयर किया। इसमें उन्होंने लिखा कि लालू परिवार नहीं चाहते कि देश के प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और सेना प्रमुख हिंदू हो। एक दौर था कि आतंकी प्रधानमंत्री को भी उड़ा देते थे और अब यह दौर है जब वही आतंकवादी भारत के नाम से डरते हैं। मोदी हैं तो इंडी गठबंधन के नेता भी सुरक्षित हैं। लोकसभा चुनाव के बीच बीजेपी लगातार आरजेडी एवं कांग्रेस पर मुस्लिम तुष्टीकरण के आरोप लगा रही है। दरभंगा में शनिवार को बीजेपी की चुनावी रैली को संबोधित करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस एससी, एसटी और ओबीसी के कोटे से मुस्लिमों को आरक्षण देना चाहती है। आंबेडकर और यहां तक कि जवाहरलाल नेहरू ने धर्म के आधार पर आरक्षण की बात का विरोध किया था। मगर अब कांग्रेस उन्हीं की पीठ में छुरा घोंपने का काम कर रही है।



## सदर अस्पताल के अधीक्षक से स्पष्टीकरण जांच में कई बिंदुओं पर मिली खामियां

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** सदर अस्पताल में गभर्वती महिला के ऑपरेशन को मूर्च्छक के नहीं होने का हवाल देकर रद्द करने के मामले की जांच रिपोर्ट सीएस व डीआरडीओ के निदेशक ने डीएम को सौंप दी है। इसमें कई बिंदुओं पर खामियां सामने आई हैं। इसके अलोक में डीएम सुब्रत कुमार सेन ने सदर अस्पताल के अधीक्षक बाबू साहेब झा से स्पष्टीकरण की मांग की है। बताया जाता है कि डीएम इनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा भी कर सकते हैं। घटना के प्रकाश में आने के बाद डीएम ने मामले में संज्ञान लिया था। इसकी जांच के लिए सिविल सर्जन और डीआरडीओ के निदेशक को मिलाकर एक कमेटी बनाई थी। दोनों अधिकारियों ने जांच की। मामले में अधीक्षक के अलावा मूर्च्छक और तीनों महिला चिकित्सक पर भी कार्रवाई हो सकती है। जांच रिपोर्ट में बताया गया है कि 27 अप्रैल को एक गर्भवती महिला का ऑपरेशन होना था। उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई थी। उस दिन इमरजेंसी ओटी के रोस्टर के अनुसार डॉ. स्वर्णिम स्वाति और डॉ. सुषमा आलोक की ड्यूटी थी। लेकिन, दोनों ओटी में नहीं थीं। उनकी जगह डॉ. रेखा कुमारी ड्यूटी पर थीं। उन्होंने मूर्च्छक डॉ. निगम चौधरी की अनुपस्थिति में ऑपरेशन करने से इंकार कर दिया और महिला को रेफर कर दिया। जांच कमेटी ने इसे गंभीर लापरवाही माना है। कहा है कि मरीज के उपचार में उदासीनता और असंवेदनशीलता बरती गई है। इससे मरीज की जान को भी खतरा हो सकता था।



## तीसरे चरण से पहले तेजस्वी की चुनावी रैलियों का शतक ; नीतीश के 40 चुनावी कार्यक्रम, पीएम मोदी की 7 सभाएं

**पटना, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के शंखनाद के साथ 16 मार्च से आदर्श आचार संहिता लागू हो गयी। बिहार में सात चरणों में चुनाव होने हैं। दो चरणों के चुनाव हो चुके हैं और तीसरा चरण 7 मई को संपन्न होने जा रहा है। 16 मार्च से शुरू हुआ यह चुनावी संग्राम 4 जून को परिणाम घोषित होने के साथ समाप्त हो जाएगा। 81 दिनों के चुनावी रण में 50 दिन यानी आधा से अधिक समय बीत गए हैं। इस दौरान सभी पार्टियों के स्टार प्रचारकों की ताबड़तोड़ सभाएं, रोड-शो और जन संपर्क अभियान जारी है। इसमें अब तक भाजपा के सबसे अधिक स्टार प्रचारक मैदान में मोर्चा संभाले हुए हैं।

प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृह मंत्री, गृह राज्य मंत्री, राष्ट्रीय अध्यक्ष, रक्षा मंत्री, यूपी के मुख्यमंत्री, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष समेत अन्य प्रमुख नेता शामिल हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अब तक 34 सभाएं और 6 रोड-शो यानी दोनों को मिलाकर 50 दिन में 40 कार्यक्रम हो चुके हैं। मुख्यमंत्री इस चुनाव में पहली बार बड़ी संख्या में रोड शो कर रहे हैं। दूसरी तरफ, महागठबंधन की तरफ से नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव अकेले सर्वाधिक सभाएं करने वाले नेता हैं। वे अब तक शतक लगा चुके हैं। शनिवार को इनकी 101 सभाएं पूरी हुई। सभी दलों के स्टार प्रचारकों की फेहरिस्त में शतक लगाने वाले वे पहले नेता हैं। तेजस्वी के साथ सबसे ज्यादा खासकर हेलीकॉप्टर के माध्यम से की जाने वाली सभाओं में वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी रहे हैं।

इसके अलावा दो दर्जन से अधिक सभाओं में राजद के अलग-अलग नेता सांसद मनोज झा, अब्दुल बारी सिद्दीकी, श्याम रजक, उदय नारायण चौधरी, कुमार सर्वजीत समेत अन्य भी मौजूद रहे हैं। निर्वाचन क्षेत्रों में जातीय समीकरण को ध्यान में रखते हुए मंच पर सहयोगी नेताओं की उपस्थिति तय की जाती है। बिहार में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सिर्फ एक सभा भागलपुर में हुई है। राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की दो सभाएं हुई हैं। जबकि प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश कुमार सिंह की करीब 40 तथा लोजपा (रामविलास गुट) के प्रमुख चिराग पासवान की तीन दर्जन से अधिक सभा एवं जन-संपर्क अभियान हो चुका है। 50 दिनों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 7 सभाएं बिहार के अलग-अलग लोकसभा क्षेत्रों में हो चुकी हैं। केंद्रीय गृह मंत्र अमित शाह की 4, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की 4, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की 5, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ की दो सभा, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय की 20 से अधिक सभाएं एवं जनसंपर्क अभियान हो चुके हैं।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी की 85 से अधिक जनसभाएं एवं रोड-शो हो चुके हैं। वे भी शतक के करीब हैं। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय की 10 से अधिक सभाएं हुई हैं। जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने इतने दिनों में 34 सभाएं और दो रोड शो कर चुके हैं। इसके अलावा सांसद संजय झा की 5 से अधिक और जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी की भी करीब दर्जनभर सभाएं हो चुकी हैं। अधिकतर सभाएं मुख्यमंत्री के साथ हुई।

## धौंस नदी पर 20 हजार लोगों को चुनाव के बाद ब्रिज की सौगात

**मुजफ्फर, एजेंसी।** प्रखंड बेनीपट्टी एवं विधानसभा हरलाखी में विभक्त करहरा पंचायत की 20 हजार की आबादी को देश की आजादी के करीब 6.5 दशक बाद करहरा घाट की धौस नदी पर हाई लेवल ब्रिज की सौगात लोकसभा चुनाव के बाद मिलने जा रही है। दरअसल, करहरा घाट की धौस नदी पर 7.80 करोड़ रुपए की लागत से 116 मीटर लंबे पुल का निर्माण होगा। यह लंबे पुल भारत सरकार की योजना है। यहां पुल के लिए दशकों से लोग प्रतीक्षारत थे और इसकी मांग को लेकर सामाजिक कार्यकर्ताओं का संवैधानिक आंदोलन भी अनवरत चलता आ रहा था। संसद में भी इसकी मांग उठी। ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल बेनीपट्टी के सहायक अभियंता शिवानी कुमारी ने बताया कि इस लंबे पुल का निर्माण कार्य शुरू हो गया रहता। लेकिन, चुनाव आ जाने से कार्य प्रारंभ नहीं हुआ। हालांकि, चुनाव के बाद कार्य शुरू हो जाएगा। चूंकि, इसका टेंडर भी फाइनल हो चुका है। जबकि इससे पूर्व यहां के पुल निर्माण का मामला कोर्ट में भी परिवाद दायर होने के कारण फंसा रहा। वहीं इस संबंध में विभाग के कार्यपालक अभियंता रामाशीष पासवान ने बताया कि वे ड्यूटी कर अभी लौटे हैं और बहुत परेशान हैं। अभी कोई बात करने की स्थिति में नहीं हैं। जो भी बात होगी कल करेंगे। बता दें कि पश्चिम, उत्तर व दक्षिण दिशा में धौस नदी एवं पूरब दिशा में थुमहानी नदी से घिरी करहरा पंचायत के लोगों के गांवों से बाहर जाने-आने का सहारा साल के 12 महीने में 8 महीने धौस नदी का चचरी पुल और 4 महीने नाव ही रहता आया है। लेकिन, इस समस्या का समाधान पुल के बन जाने के बाद हो जाएगा। प्रत्येक साल चचरी पुल नदी में पानी बढ़ने के कारण बह जाती रही है। करहरा के ग्रामीण बताते हैं कि प्रत्येक वर्ष बाढ़ का समय आने से पूर्व करहरा पंचायत क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं, विकलांगों, वृद्धजनों व बीमार लोगों को परिजनों द्वारा अपने गांवों से बाहर रिश्तेदारों के यहां पहुंचा दिया जाता है। ताकि, बाढ़ में फंसकर उनकी जान पर खतरा नहीं उत्पन्न नहीं हो।



कई बार तो बाढ़ के समय में नाव व एसडीआरएफ के वोट और बांध पर ही यहां की गर्भवती महिलाओं का प्रसव हो चुका है। करहरा पंचायत के लोग अपने पुत्र व पुत्री की शादी बाढ़ व बरसात के समय में तय नहीं करते हैं। लेकिन, किसी कारणवश इस समय में शादी तय भी हो जाती है तो सोइली से नाव पर सवार होकर दूल्हा व बाराती करहरा जाते-आते हैं। कई बार लड़की वाले वधु को लेकर शादी कराने बेनीपट्टी के बेहटा कालीस्थान आदि मंदिरों में आ चुके हैं। यहां पुल बनने के पश्चात लोग सीधे 1 किलोमीटर के महाराजी बांध की दूरी तय कर बसैठ स्थित हाईस्कूल व एपीएचसी के समीप डीकेबीएम सड़क पर ऊपर होंगे। इसके बाद लोग आसानी से बेनीपट्टी, मधुबनी, दरभंगा, सीतामढ़ी सहित कहीं का भी आवागमन कर सकेंगे। वहीं बसैठ, शिवनगर सहित इसके पश्चिमी क्षेत्र के लोग बेनीपट्टी व बनकट्टा नहीं जाकर पुल से सोहरौल जाकर सीधे सिद्धपीठ उच्चैठ भगवती स्थान का आवागमन भी कर पाएंगे। करहरा पंचायत का करहरा डीह टोला, बिचला टोला, पूरब टोला, दक्षिण टोला, पश्चिम टोला के अलावे अन्य दो टोला एवं सोहरौल, बिरदीपुर, सिमरकोण, हथियरबा, चानपुरा पश्चिम व सुंदरपुर टोला पूरी तरह से टापू में तब्दील है।

## भोजपुरी अभिनेत्री की संदिग्ध मौत की जांच के लिए एसआईटी गठित

**भागलपुर, एजेंसी।** आदमपुर में भोजपुरी अभिनेत्री अन्नपूर्णा उर्फ अमृता पांडेय की 27 अप्रैल को संदिग्ध परिस्थिति में मौत मामले की हर बिंदु पर जांच होगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की बात सामने आने के बाद हड़कंप की स्थिति हो गई है। इस मामले की उच्चस्तरीय जांच के लिए एसएसपी आनंद कुमार ने सिटी एसपी राज के नेतृत्व में एसआईटी का गठन कर दिया है। जो मामले में हर बिंदु पर जांच करेगी।

एसएसपी आनंद कुमार ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर फिर से पूरक राय मांगी गई है। इसके लिए जेएलएनएमसीएच के फोरेंसिक मेडिसीन एंड टॉक्सोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष को अनुरोध किया गया है कि वे पैनल बनाकर रिपोर्ट का फिर से विश्लेशण करें। उस रिपोर्ट का फिर से अध्ययन किया जाएगा। इसके साथ ही एसआईटी को एक दर्जन से ज्यादा बिंदुओं पर जांच के लिए निर्देशित किया गया है, ताकि इस मामले में मौत के कारणों के बारे में पता चल सके। मामले को लेकर एसएसपी ने कहा कि परिजनों के बयान पर शुरुआत में यूडी केस दर्ज कर लिया गया था, लेकिन इस मामले में सिटी एसपी से रिपोर्ट मांगी गई है। उनके रिपोर्ट आने के बाद यूडी केस को आगे की कार्रवाई के लिए बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि तकनीकी टीम भी एसआईटी के साथ रहेगी, जो कॉल डिटेल समेत अन्य बिंदुओं पर जांच करेगी।

## मुंगेर में ऑनर किलिंग, गला दबाकर नाबालिग की हत्या, मां-चाचा गिरफ्तार, पिता और दादा फरार



**मुंगेर, एजेंसी।** मुंगेर से ऑनर किलिंग का मामला सामने आया है। मामला मुफस्सिल थाना क्षेत्र के टीकारामपुर धौताल महतो टोला का है। जहां प्रेम प्रसंग के कारण परिवार के सदस्यों ने ही 13 वर्षीय बेटी की गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस ने इस मामले में मृतक किशोरी की मां और चाचा को गिरफ्तार किया है। वहीं, पिता और दादा की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है। पुलिस ने किशोरी की बॉडी शनिवार को श्रीकृष्ण सेतु के पाया में लटका हुआ बरामद किया है। शव 10 दिनों से पाया में ही फंसा था। 25 अप्रैल को परिवार वालों ने ही किडनैपिंग की स्नढ्ढक्रदर्ज कराई थी।

**पिता ने दर्ज कराया था अपहरण का मामला :** टीकारामपुर धौताल महतो टोला निवासी अनोज सिंह ने मुफस्सिल थाना में बेटी के अपहरण को लेकर लिखित शिकायत दर्ज करवाई थी। बताया कि 25 अप्रैल की रात उसकी 13 साल की

### 10 दिन बाद श्रीकृष्ण सेतु के पाया में लटकी मिली लाश

नाबालिग बेटी को गांव के ही राजीव कुमार बाइक पर बैठाकर भाग गया। सुबह उसके घर पर शिकायत करने गए तो रीता देवी, अंगद कुमार सहित अन्य लोग तलवार लेकर मारने दौड़े। हम लोग जान बचाकर वहां से भाग निकले। पिता अनोज सिंह के आवेदन पर मुफस्सिल थाना में अपहरण की प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की।

**जांच के दौरान ऑनर किलिंग की आशंका हुई :** वहीं, जब पुलिस गांव पहुंची तो ग्रामीणों ने बताया कि 25 अप्रैल की रात अनोज सिंह का परिवार अपनी नाबालिग बेटी को ई-रिक्शा पर लाद कर कहीं ले जा रहा था। तब पुलिस को ऑनर किलिंग की आशंका हुई। खोजते हुए पुलिस उस ई-रिक्शा चालक तक पहुंच गई।

**टोटो चालक ने खोला राज :** टोटो चालक ने पुलिस को बताया कि उन लोगों ने उससे कहा कि बेटी की तबीयत खराब है। बेगूसराय इलाज के लिए ले जाना है। जब वह श्रीकृष्ण सेतु पर पहुंचा तो टोटो रोक कर बच्ची को पुल के नीचे फेंक दिया। साथ ही उसको धमकी दी थी कि वह किसी को कुछ नहीं बताएगा, नहीं तो अंजाम बुरा होगा।

**प्रेम प्रसंग की वजह से हत्या :** पुलिस ने किशोरी की मां रूणा देवी और चाचा गुलशन कुमार को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान रूणा देवी ने पुलिस को बताया कि उसकी बेटी का पड़ोस के ही राजीव कुमार से प्रेम प्रसंग चल रहा था। 25 अप्रैल की रात बेटी को राजीव के साथ परिवार वालों ने देखा, जिसके बाद पूरे परिवार ने मिलकर बेटी की गला दबाकर मार डाला। इसके बाद शव को टोटो पर लेकर गंगा में फेंक दिया।

### मां-चाचा गए जेल, पिता-दादा की तलाश में जुटी पुलिस

प्रशिक्षु आईपीएस सह मुफस्सिल थानाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह ने बताया कि परिजनों के लिखित आवेदन पर नाबालिग बेटी के अपहरण का मामला दर्ज किया था। जांच में पता चला कि यह अपहरण नहीं, बल्कि ऑनर किलिंग का मामला है। पूछताछ में दोनों ने अपना जुर्म कबूल किया है। पुलिस ने श्रीकृष्ण सेतु के नीचे एक पाया में बना क्रॉस से लटका हुआ बच्ची का शव बरामद किया। माता और चाचा को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं, पिता और दादा की तलाश जारी है।

## संक्षिप्त समाचार

### सिलिकोसिस पीड़ित मजदूर एमजीएम में भर्ती

**जमशेदपुर, एजेंसी।** सिलिकोसिस से पीड़ित मजदूर खुदीराम मार्डी कॉपर जिन्होंने एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया है। उसे सांस लेने में परेशानी हो रही है। बेटे अनिल मार्डी ने बताया कि डॉक्टर ने इलाज शुरू कर दिया है। एक्स-रे, सीटी स्कैन और कफ़ की जांच की सलाह दी गई है। उक्त मजदूर मुसाबनी प्रखंड के धोबनी गांव का रहने वाला है। इससे पहले भी सुकुमार मुर्मू नामक एक मजदूर का एमजीएम में इलाज चल रहा है। वह भी सिलिकोसिस से पीड़ित है।

### दिशोम गुरु का झामुमो कर रहा अपमान, निर्णय लेने वाली समिति से निकाला : सीता

**रांची, एजेंसी।** दुमका लोकसभा क्षेत्र की भाजपा उम्मीदवार सीता सोरेन ने शनिवार को सोशल मीडिया में कहा है कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन का जेएमएम अपमान कर रहा है। पार्टी की निर्णय लेनेवाली समिति से उन्हें दरकिनार कर दिया गया है। वे सिर्फ मेरे ससुर नहीं, मेरे गुरु, मेरे पिता और मेरी राजनीतिक पारी के मार्गदर्शक और सूत्रधार भी हैं।सीता ने कहा है कि वे झारखंड आंदोलन के एक मजबूत सिपाही, राजनीति के भीष्म पितामह, हमारे दुखहर्ता और पालनकर्ता हैं। जेएमएम के मुखौटे में बैठे सत्ता की लालसा लिए शीर्ष नेताओं ने हम सबके प्रेरणास्रोत बाबा की तबीयत खराब होने के बावजूद स्वार्थवश उन्हें उलगुलान के नाम पर कभी चिलचिलाती धूप में बैठाया तो कभी संसद में ले गए। सत्ता की लालसा में उनके संघर्षों को भुला दिया है।सीता ने कहा है कि मेरे दिल में बाबा के प्रति अथाह आदर व आस्था है। उनके कदमों की धूल को अपने माथे से लगाकर ही मैंने दुमका की सेवा का संकल्प लिया है। उनके नाम पर राजनीति करने वालों, उनका अनादर करने वालों, उनके बिगड़ते स्वास्थ्य का तनिक ख्याल कर लो। सत्ता की राजनीति करने से आपको सत्ता तो जरूर मिल सकती है, पर दिशोम गुरु जैसी उपलब्धि हासिल नहीं कर पाओगे।

### आदिवासियों-मूलवासियों की समरसता बिगाड़ने में जुटी हुई है भाजपा : झामुमो

**रांची , एजेंसी।** झामुमो ने कहा है कि दूसरे चरण के चुनाव तक भाजपा 400 पार की बात कर रही थी। अब वह मुसलमान और पाकिस्तान की बात करने लगी है। आशंका तो यह है कि तीसरे चरण के मतदान के बाद भाजपा सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने वाली भाषा न बोलने लगे। झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि चुनाव हिंदुस्तान में हो रहा है, तो पाकिस्तान की बात क्यों क्या अमेरिका के चुनाव में डेमोक्रेटिक व रिपब्लिकन पार्टी हिंदुस्तान की बात कर रही है। भट्टाचार्य शनिवार को पार्टी कार्यालय में मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने घोषणा पत्र की चर्चा के बजाय कांग्रेस के न्याय पत्र पर सवाल खड़ा कर रहे हैं। लेकिन, उन्हें समय निकालकर कांग्रेस का घोषणा पत्र पढ़ लेना चाहिए। अपने झारखंड दौरे में पीएम ने केवल बरगलाने का काम किया। पर, सच यह है कि भाजपा को आदिवासियों-मूलवासियों के बीच की समरसता रास नहीं आती। इसे बिगाड़ने में जुट जाते हैं। उन्होंने कहा कि पीएम के दौरे से पूर्व उन्होंने चार सवाल किए थे। लेकिन, प्रधानमंत्री ने उनके किसी सवाल का जवाब नहीं दिया। झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त को पत्र लिखकर पीएम मोदी पर अपने भाषण में सांप्रदायिक और भेदभावपूर्ण भाषा का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है। साथ ही, 24 घंटे के भीतर भाजपा से स्पष्टीकरण पूछने की मांग की है।

### बराकर नदी से बिना अनुमति प्रतिदिन लाखों टन बालू की तस्करी

**निरसा, एजेंसी।** एग्यारकुंड प्रखंड के मैथन व कुमारधुबी क्षेत्र से गुजरे बराकर नदी के विभिन्न घाटों में इनदिनों बालू का अवैध खनन हो रहा है। विकास योजनाओं का निर्माण कराने के नाम पर प्रतिदिन हजारों ट्रेक्टर-ट्रॉली से बालू का उठाव किया जा रहा है। जिला प्रशासन, खनन विभाग व पर्यावरण विभाग के बिना अनुमति के ही लाखों टन बालू का उठाव हो रहा है। बराकर नदी से अवैध रूप से बालू तस्करी के कारण न सिर्फ नदी पर इसका बुरा प्रभाव पड़ रहा है, बल्कि राज्य सरकार को भी राजस्व में नुकसान हो रहा है। मैथन के बड़जोड़, पोड़ाडीहा, आमकुड़ा, बरमुडी व चिरकुंडा के डूमरकुंडा के बराकर नदी घाट से बालू की तस्करी की जा रही है। जिसके बाद चिरकुंडा, कलियासोल, एग्यारकुंड व निरसा प्रखंड के विभिन्न गांवों में ऊचें कीमत में बालू को बेचा जा रहा है। निरसा व आसपास के क्षेत्रों में बराकर नदी के बालू को प्रति ट्रेक्टर 25 से 27 सौ रुपए में बेचा जा रहा है। आस-पास के मजदूरों को बालू तस्कर में लगाकर एक बड़ा गिरोह बन चुका है। बराकर नदी के बालू घाटों से प्रतिदिन 30 से 40 लाख रुपए का अवैध करोबार हो रहा है। गर्मी के दिनों में नदी में पानी का प्रवाह कम होने का लाभ उठाकर नदी के गर्भ से भी बालू का खनन हो रहा है। वहीं नदी के किनारे के घाट से भी बालू का उठाव जारी है। अगर ऐसा ही चलता रहा तो बराकर नदी का धार व दिशा भी मॉनसून में बदल सकता है। अवैध रूप से बालू उठाव होने के कारण आने वाले समय में बराकर नदी के अस्तित्व पर भी खतरा मंडरा रहा है। 24 अप्रैल बुधवार की रात स्थानीय ग्रामीणों ने बराकर नदी के पांड्रा-बेजरा नदी घाट से वृहद पैमाने में बालू तस्करी की शिकायत धनबाद उपयुक्त से की थी। उपायुक्त के निर्देश पर जिला खनन विभाग के टीम दंडाधिकारी व पुलिस बल के साथ पांड्रा-बेजरा बराकर नदी घाट पहुंच तीन हाइवा, उसके चालक व खलासी को पकड़ा था।

# चारों योजनाएं चालू होने पर प्रखंड की लगभग दो सौ एकड़ भूमि में सिंचाई की सुविधा मिलेगी

**डुमरी, एजेंसी।** प्रखंड में वर्षों से बंद पड़ी चार उदवह सिंचाई योजनाओं को पुर्नजीवित करने का प्रयास दम तोड़ता नजर आ रहा है। दो करोड़ की लागत से इन सिंचाई योजनाओं की मरम्मत व निर्माण कार्य शुरू हुए दो वर्ष बीत चुके हैं,लेकिन अभी तक किसानों के खेतों तक एक बूंद पानी नहीं पहुंच पाया है। यदि उक्त चारों योजनाएं चालू हो जाएं तो प्रखंड की लगभग दो सौ एकड़ भूमि में सिंचाई की सुविधा मिलेगी और किसानों को वर्षा पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। इन योजनाओं में से एक मोटर के अभाव में चालू नहीं हो सका है, वहीं अन्य तीन योजनाएं भले ही पूर्ण बताई जा रही हैं, लेकिन किसानों को इससे कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है।



जानकारी के अनुसार प्रखंड की मधगोपाली पंचायत स्थित घुटवाली और दुधपनिया में एक-एक और कुलगो दक्षिणी पंचायत में दो उदवह सिंचाई योजनाओं को पुर्नजीवित करने के लिए जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट मद से 54-54 लाख की लागत से मरम्मत और निर्माण कार्य मार्च 2022 में शुरू किया गया था। इसमें नदी में इंटेक वेल, मोटर हाउस और केयर टेकर हाउस की मरम्मत, मोटर लगाने और पाइप बिछाने के लिए 43 लाख और योजना स्थल पर बिजली की व्यवस्था के लिए 11 लाख स्वीकृत है। इनमें से घुटवाली, दुधपनिया और कुलगो द. की एक योजना का कार्य जिला परिषद द्वारा और कुलगो द. के एक योजना का कार्य विशेष प्रमंडल से कराया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार उक्त चारों योजनाओं की शुरूआत मार्च 2022 को हुई थी। दो वर्ष बीत चुके हैं लेकिन इनमें से एक भी योजना पूरी तरह चालू नहीं हो पाई है। दुधपनिया स्थित योजना ठेकेदार द्वारा अभी तक मोटर नहीं लगाने से चालू नहीं हो सकी है। जबकि, तीन अन्य योजनाएं जिनके चालू होने की बात कही जा रही है, लेकिन वे सभी पूरी तरह से चालू नहीं हो पाई हैं। घुटवाली स्थित योजना के लिए बिछाई गई पाइप जगह-जगह लीक है। ठेकेदार को इस योजना के लिए जितनी पाइप बिछानी थी, वह नहीं बिछाई। आज भी घुटवाली के एक ग्रामीण के घर में इस योजना के लिए लाई गई पाइप ऐसे ही पड़ी है।

कुलगो द. के रोहनियाटांड़ स्थित योजना में दो मोटर लगाया जाना था। उसमें से एक मोटर जला पड़ा है। जबकि, कुलगो द. पंचायत के एक अन्य स्थान में बनी योजना में लगे एक मोटर में प्रेशर नहीं है। योजनाओं में इतनी तकनीकी कमियों के बावजूद जिला परिषद के कार्यपालक अभियंता का कहना है कि सभी योजनाएं चालू हैं।किसान बोले - अनदेखी और मनमानी से ऐसी स्थिति उक्त चारों सिंचाई योजनाओं के पुर्नजीवित करने के सरकारी प्रयास से किसानों में आस जगी थी। लेकिन, विभागीय अनदेखी और ठेकेदार की मनमानी ने किसानों की आशाओं पर पानी फेर दिया है। घुटवाली के किसान दामोदर महतो और मदन महतो ने बताया कि यदि यह योजना चालू हो जाती तो उन्हें खेती करने में काफी आसानी होगी।

## बिगड़ने वाला है झारखंड का मौसम, इन 8 जिलों के लिए अलर्ट जारी; रांची में ऐसा रहेगा हाल

**रांची, एजेंसी।** राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में तपती गर्मी आफत बनी हुई है। अधिकांश हिस्सों में दोपहर के समय लोगों की आवाजाही कम रही। लोग बाहर निकलने से कतरा रहे हैं। वहीं मौसम विज्ञान केंद्र रांची के पूर्वानुमान के अनुसार 6, 7 और 8 मई को राजधानी व आसपास के जिलों में आंशिक बादल छाए रहने की संभावना है।

इस दौरान मेघगर्जन के साथ हल्की वर्षा होने का संकेत है। 5 मई को राज्य के सरायकेला खरसावां, पूर्वी व पश्चिमी सिंहभूम, बोकारो, धनबाद, जामताड़ा, देवघर, दुमका, गोड्डा, पाकुड़ और साहिबगंज में कहीं-कहीं हीटवेव से लोगों को जूझना पड़ेगा।

6 मई को उत्तर पूर्वी हिस्से यानी देवघर, दुमका, गोड्डा, पाकुड़, गिरिडीह, जामताड़ा और साहिबगंज में कहीं-कहीं मेघगर्जन के साथ 30 से 40 किमी प्रतिघंटे



की रफ्तार से तेज हवा के बहने की संभावना है। जबकि 7 मई को राज्य के अधिकांश हिस्सों में 40 से 50 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवा बहेगी।

मौसम विज्ञानी अभिषेक आनंद ने बताया कि तेज हवाओं के साथ-साथ वज्रपात होने की भी संभावना है। इसे लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है। राजधानी समेत अन्य जिलों में अगले दो से तीन दिनों तक अधिकतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। इसके बाद अगले दो दिनों में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस तक तापमान में गिरावट हो सकती है।

## जेएमएम के बागियों के खिलाफ एक्शन शुरू, इस कद्दावर नेता को पार्टी ने किया बर्खास्त



**रांची, एजेंसी।** झारखंड मुक्ति मोर्चा ने (झामुमो) ने पार्टी लाइन से अलग जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। पार्टी ने खूंटी से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे बसंत लौंगा को छह वर्षों के लिए बर्खास्त कर दिया है। साथ ही उनके तीन समर्थकों से स्पष्टीकरण पूछा गया है।

हालांकि, अभी तक लोहरदगा से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे विधायक चमरा लिंडा के खिलाफ किसी प्रकार का एक्शन पार्टी ने नहीं लिया है। झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन के निर्देशानुसार बसंत लौंगा को पदमुक्त करते हुए दल से छह वर्षों के लिए निष्कासित कर दिया गया है।

झामुमो महासचिव विनोद पांडेय की तरफ से शनिवार को जारी आदेश में कहा गया है कि विभिन्न माध्यम से जानकारी मिली है कि बसंत लौंगा खूंटी लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। उनका कदम गठबंधन धर्म के नियम के खिलाफ है। वे पार्टी कार्यकर्ताओं को भी भ्रमित कर रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि खूंटी संसदीय सीट पर गठबंधन की ओर से कांग्रेस के कालीचरण मुंडा मैदान में हैं। कालीचरण मुंडा के नामांकन समारोह में मुख्यमंत्री चंपई सोरेन भी शामिल हुए थे।

लौंगा वर्ष 1995 से 2000 तक कोलेबिरा से झामुमो के विधायक रह चुके हैं। वे केंद्रीय समिति के सदस्य हैं। वर्ष 2002 से लेकर 2014 तक सबसे लंबे समय तक वह सिमडेगा झामुमो जिला समिति के अध्यक्ष भी रह चुके हैं।

## झारखंड में पहले चरण में बहुजन मुक्ति पार्टी के उम्मीदवार राम वचन राम के पास है सबसे ज्यादा संपत्ति

**रांची, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण (झारखंड में पहले चरण) में झारखंड के सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू सीट के लिए 13 मई को मतदान होना है। इन सीटों के लिए नामांकन प्रक्रिया भी समाप्त हो चुकी है। इन सीटों पर कुल 45 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किए हैं। एडीआर और द नेशनल इलेक्शन वॉच ने 45 उम्मीदवारों के शपथ पत्र का विश्लेषण कर शनिवार को एक रिपोर्ट जारी की।

रिपोर्ट में सबसे अधिक और सबसे कम संपत्ति वाले उम्मीदवारों की जानकारी दी गई है। इसमें पहले नंबर पर न कांग्रेस, न भाजपा और न ही झामुमो का कोई प्रत्याशी है। पलामू संसदीय सीट से बहुजन मुक्ति पार्टी के उम्मीदवार राम वचन राम की सबसे अधिक 18 करोड़ से अधिक संपत्ति बताई गई है। चल संपत्ति 6.50 लाख और अचल संपत्ति 18.50 करोड़ की है।

वहीं दूसरे नंबर पर खूंटी सीट से भाजपा उम्मीदवार अर्जुन मुंडा की संपत्ति 16 करोड़ से अधिक बताई गई है। इसमें चल संपत्ति 11.08 करोड़ से अधिक और अचल संपत्ति 5.48 करोड़ रुपए की है। लोहरदगा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी पवन तिग्गा की संपत्ति 5 करोड़ से अधिक बताई गई है। सिंहभूम सीट पर राइट टू



रिकॉल पार्टी के उम्मीदवार बीर सिंह देवगम की कुल संपत्ति 30 हजार है, जो सबसे कम है।

**वार्षिक आय घोषित करने में भी अर्जुन पहले स्थान पर :** आयकर विवरण में सबसे ज्यादा वार्षिक आय घोषित करने वाले उम्मीदवारों में अर्जुन मुंडा का नाम है। उन्होंने अपनी कुल संपत्ति में से 2 करोड़ से अधिक की राशि आयकर में घोषित की है। यह राशि वित्तीय वर्ष 2022-23 में भरी गई। वहीं, सिंहभूम सीट से झामुमो उम्मीदवार जोबा मांझी की 2 करोड़ से अधिक की कुल संपत्ति में से 35 लाख से अधिक रुपए आयकर में घोषित किया गया। यह आयकर वित्तीय वर्ष 2023-24 का है।

**देनदारी में अर्जुन पहले, सुखदेव दूसरे नंबर पर :** अधिकतम देनदारी वाले उम्मीदवारों की बात करें तो अर्जुन मुंडा की 16 करोड़ से अधिक की संपत्ति में से 2 करोड़ से अधिक की देनदारी है, जो सबसे अधिक है। इनमें से 3 लाख से अधिक की विवादित देनदारी है। लोहरदगा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार सुखदेव भगत की कुल 2 करोड़ से अधिक की संपत्ति में से 1 करोड़ से अधिक की देनदारी है। उनके ऊपर एक भी विवादित देनदारी नहीं है।

### चुनाव में सुरक्षा बल के जवानों की सुरक्षा व स्वास्थ्य का रखा जाएगा विशेष ध्यान, मिलेगा सत्तू-प्याज और नींबू व कच्चा आम

**धनबाद, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव को लेकर राज्य के सभी जिले में पुलिसकर्मियों की प्रतिनियुक्ति प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। पुलिस उप महानिरीक्षक चुनाव कोषांग ने सुरक्षा बलों की प्रतिनियुक्ति से पूर्व राज्य भर की पुलिस को सात बिंदुओं पर दिशा-निर्देश जारी किया है। सभी जिले के एसपी को मुख्यालय के निर्देश का पत्र भी भेजा गया है। पुलिस मुख्यालय ने स्पष्ट तौर पर सभी जिले की पुलिस से कहा है कि चुनाव ड्यूटी करनेवाले सुरक्षा बल के जवानों का विशेष ध्यान रखें। किसी भी प्रकार की त्रुटि नहीं होनी चाहिए।जवानों के भोजन और पानी की ठोस व्यवस्था के साथ रहने व जरूरत के हिसाब से इलाज की भी पूरी व्यवस्था हर जिले में होनी चाहिए। मुख्यालय ने गर्मी को देखते हुए सुरक्षाकर्मियों के लिए पूरी सावधानी बरतने के लिए कहा है। चुनाव कार्य के लिए प्रतिनियुक्त किए जानेवाले सुरक्षा बलों को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त तथा स्थानीय चिकित्सक के सहयोग से प्लाटूनवार एक-एक फास्ट ट्रैक किट उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, जिसमें सभी जरूरी दवा उपलब्ध रहेंगे।अधिक से अधिक ओआरएस तथा इलेक्ट्रोल पाउडर की उपलब्धता पूर्व से ही सुनिश्चित की जाए। चुनाव कार्य में लगे सुरक्षा बलों को इसे ससमय उपलब्ध कराने में किसी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न न हो सके। सुरक्षा बलों को उपलब्ध कराई जानेवाली दवा व खाद्य पदार्थ की निर्माण व अंतिम तिथि जरूर चेक करें।

# जेपीएससी घोटाले में इन अधिकारियों के खिलाफ हुई है चार्जशीट




**रांची, एजेंसी।** रांची स्थित सीबीआइ की विशेष अदालत में जेपीएससी प्रथम सिविल सेवा नियुक्ति घोटाले में सीबीआइ ने चार्जशीट दाखिल कर दी है। सीबीआइ ने शनिवार को जेपीएससी के तत्कालीन अध्यक्ष डा. दिलीप प्रसाद, तत्कालीन वरीय सदस्य गोपाल प्रसाद सिंह, सदस्य राधा गोविंद सिंह नागेश, शांति देवी, परीक्षा नियंत्रक एलिस उषा रानी के अलावा अपर समाहर्ता रैंक के अधिकारी सहित 37 के खिलाफ जांच पूरी करते हुए चार्जशीट दाखिल की है।

सीबीआइ ने दो जेलर और डीटीओ पर भी चार्जशीट दाखिल किया है। चार्जशीट में 25 से 30 ऐसे आरोपित हैं, जो जेपीएससी की परीक्षा में फर्जीवाड़ा कर अफसर बने हुए हैं। सीबीआइ ने इस मामले में करीब 12 साल बाद चार्जशीट दाखिल की है। मामले में अब अदालत आठ मई को चार्जशीट पर संज्ञान ले सकती है। संज्ञान लेने के बाद चार्जशीटेड आरोपितों के खिलाफ समन जारी किया जाएगा।

प्रथम और द्वितीय जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में गड़बड़ी का मामला सामने आया था। इस मामले को लेकर झारखंड हाई कोर्ट ने 2012 को सीबीआइ जांच का आदेश दिया, जिसके बाद हाई कोर्ट ने नियुक्त पदाधिकारियों के वेतन पर रोक लगा दिया था। हाई कोर्ट के इस फैसले को चुनौती दी गई। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने राहत देते हुए हाई कोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी थी। इस मामले में बुद्धदेव उरांव की ओर से हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की गई है। छह अप्रैल को सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से कहा गया है कि 12 साल से अधिक समय के बाद भी सीबीआइ ने जांच पूरी नहीं की। इस पर सीबीआइ ने अदालत को बताया था कि गड़बड़ी मामले की जांच अब तक जारी है। इसी मामले में सीबीआइ ने चार्जशीट दाखिल किया है।

## ईडी ने मोबाइल से डेटा निकाला, बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद से फिर होगी पूछताछ

**रांची, एजेंसी।** बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) एक बार फिर पूछताछ करेगा। ईडी ने उनके मोबाइल व छापेमारी में मिले दस्तावेज का डिटेल जुटा लिया है। अब उन्हें एक बार फिर जल्दी ही समन जारी कर पूछताछ के लिए ईडी कार्यालय बुलाया जाएगा। ईडी इसकी तैयारी कर रहा है। ताकि उनके मोबाइल व अन्य दस्तावेजों से मिले इनपुट पर सवाल-जवाब किया जा सके।

जांच एजेंसी ने 12 मार्च को अंबा प्रसाद व उनके करीबियों के हजारीबाग और रांची स्थित आवास पर छापेमारी की थी। जिसमें ईडी को उनके हजारीबाग स्थित आवास से जमीन से जुड़े कई दस्तावेज मिले थे। ईडी ने उनका मोबाइल भी जब्त किया था। जिसका डेटा निकालने के लिए अंबा प्रसाद को ईडी ने अप्रैल के पहले हफ्ते में कई बार हिनू स्थित कार्यालय बुलाया था। उनसे कई दौर की पूछताछ हो चुकी है। गौरतलब है कि ईडी जमीन हथियाने, बालू तस्करी, धमकी देने सहित विभिन्न थानों में दर्ज एक दर्जन मामलों में अनुसंधान कर रहा है। इस मामले में ईडी ने उनके पिता योगेंद्र साव से भी अप्रैल के पहले हफ्ते में 10 घंटे से अधिक पूछताछ की थी। इसके अलावा अंबा प्रसाद के भाई अंकित साव को भी पूछताछ के लिए समन जारी किया गया था। अब ईडी के नए कदम से एक बार फिर अंबा प्रसाद की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं।

### चुनाव में सुरक्षा बल के जवानों की सुरक्षा व स्वास्थ्य का रखा जाएगा विशेष ध्यान, मिलेगा सत्तू-प्याज और नींबू व कच्चा आम

**धनबाद, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव को लेकर राज्य के सभी जिले में पुलिसकर्मियों की प्रतिनियुक्ति प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। पुलिस उप महानिरीक्षक चुनाव कोषांग ने सुरक्षा बलों की प्रतिनियुक्ति से पूर्व राज्य भर की पुलिस को सात बिंदुओं पर दिशा-निर्देश जारी किया है।सभी जिले के एसपी को मुख्यालय के निर्देश का पत्र भी भेजा गया है। पुलिस मुख्यालय ने स्पष्ट तौर पर सभी जिले की पुलिस से कहा है कि चुनाव ड्यूटी करनेवाले सुरक्षा बल के जवानों का विशेष ध्यान रखें। किसी भी प्रकार की त्रुटि नहीं होनी चाहिए। जवानों के भोजन और पानी की ठोस व्यवस्था के साथ रहने व जरूरत के हिसाब से इलाज की भी पूरी व्यवस्था हर जिले में होनी चाहिए। मुख्यालय ने गर्मी को देखते हुए सुरक्षाकर्मियों के लिए पूरी सावधानी बरतने के लिए कहा है।चुनाव कार्य के लिए प्रतिनियुक्त किए जानेवाले सुरक्षा बलों को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त तथा स्थानीय चिकित्सक के सहयोग से प्लाटूनवार एक-एक फास्ट ट्रैक किट उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

# रांची नगर निगम में सीनियर सिटिजन का मामला फंसा, यह बड़ी परेशानी आई सामने

**रांची, एजेंसी।** रांची नगर निगम की ओर से होल्डिंग टैक्स के भुगतान पर सीनियर सिटिजन, दिव्यांग, ट्रांसजेंडर व आर्मड फोर्स से संबंधित लोगों को पांच प्रतिशत अतिरिक्त छूट देने की घोषणा की गई है, लेकिन आनलाइन भुगतान के दौरान सीनियर सिटिजन का विकल्प ढूढ़ने में ही लोगों के पसीने छुट जा रहे हैं।

जिससे संबंधित लोगों को इसका लाभ उठाने में परेशानी हो रही है। वहीं निगम वित्तीय वर्ष 2024-25 के होल्डिंग टैक्स का 30 जून तक एकमुश्त ऑनलाइन भुगतान करने पर 10 प्रतिशत की छूट देने की घोषणा भी की है। ऐसे में सीनियर सिटिजन, दिव्यांग, ट्रांसजेंडर व आर्मड फोर्स से संबंधित लोगों को कुल 15 प्रतिशत छूट का लाभ मिलना चाहिए।




एक सीनियर सिटिजन ने बताया कि ऑनलाइन भुगतान की प्रक्रिया उनकी समझ से परे है। इसलिए वे निगम के जन सुविधा केंद्र में ही होल्डिंग टैक्स का भुगतान करते हैं। एक बुजुर्ग सुनील सिंह ने बताया कि रिकॉर्ड में सुधार कराने में निगम के ग्राउंड फ्लोर से छठी मंजिल तक चक्कर लगाना पड़ता है। नाम, पता या मोबाइल नंबर में सुधार कराने में तीन-चार माह लग जाते हैं। ऐसे में सीनियर सिटिजन के नाम पर पांच प्रतिशत की छूट मिलने की बात आसान नहीं है।इस संबंध में नगर निगम के अधिकारी मुकेश कुमार रंजन कहते हैं कि निगम की वेबसाइट पर सभी जानकारी उपलब्ध है। म्यूनिसिपल सर्विसेस डाट झारखंड डाट जीओवी डाट इन पर क्लिक करें इसके बाद पे प्रोपर्टी टैक्स पर क्लिक करें।

फिर 15 डिजिट का होल्डिंग नंबर दर्ज कर सर्च करें। इसके बाद ओनर डिटेल्स का पेज खुलेगा। सभी जानकारी अपलोड करने के बाद एक नया पेज खुलेगा यहां सीनियर सिटिजन, स्पेशियली एबलड व आर्मड फोर्स का विकल्प चुनने के बाद जरूरी दस्तावेज अपलोड करने होंगे।

ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत संबंधित दस्तावेज अपलोड नहीं होने पर निगम कार्यालय में भी संबधित दस्तावेज जमा कर सकते हैं। जांच के बाद सही पाए जाने पर पांच प्रतिशत अतिरिक्त छूट का लाभ मिलेगा। कुल मिलाकर आनलाइन भुगतान में अभी तक सीनियर सिटिजन का विकल्प नहीं मिल रहा।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

## शोषण का दाग

लोकतंत्र और संविधान का संदेश यही है कि भारतीय राजनीति में जनसेवा के अलावा और किसी अन्य कार्य के लिए कोई स्थान नहीं है। सेवा की प्रधानता के बावजूद हासन के निवर्तमान सांसद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ लगे यौन शोषण के आरोप बहुत गंभीर और शर्मनाक हैं। रेवन्ना देश के पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा के पौत्र हैं और उन पर ऐसे आरोप लगे हैं कि उन्हें अब कोई भी कुल का दीपक नहीं कहेगा। दबी जुबान में रेवन्ना की हरकतों की चर्चा पहले भी होती होगी, पर इन दिनों भाजपा के एक नेता के पत्र ने बहुतों को झकझोर कर रख दिया है। भाजपा के यह नेता काफी दिनों से प्रयासरत थे कि रेवन्ना को फिर टिकट न मिले। कहा जा रहा है कि भाजपा नेता देवराजे गौड़ा ने हासन लोकसभा सीट के लिए एनडीए उम्मीदवार के रूप में रेवन्ना के नाम की घोषणा से पहले ही भाजपा के स्थानीय नेताओं को प्रमाण के साथ सूचित कर दिया था, पर रेवन्ना के खिलाफ शिकायतों को दरकिनार कर चुनाव लड़वाया जा रहा है। कुछ ऐसे वीडियो भी बताए जा रहे हैं, जिनसे रेवन्ना के खिलाफ मामला बनता है, उसके बावजूद उन्हें लोकसभा चुनाव के लिए टिकट दिया गया। जनता दल-सेकुलर के इस नेता पर लगे आरोप अगर सच हैं, तो फिर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। हमारा समाज ऐसे मुकाम पर आ गया है, जहां हम किसी महिला के साथ न तो ज्यादती की बात सुन सकते हैं और न किसी को करने दे सकते हैं। कोई अचरज नहीं कि आज सवालों का अंबार लग गया है। रेवन्ना जैसे युवा राजनीति में क्या कर रहे हैंदेहरादून, रविवार 05 मई 2024 ऐसे युवाओं को राजनीति में कौन आगे बढ़ा रहा हैदेहरादून, रविवार 05 मई 2024 क्या जीत का मजबूत समीकरण किसी नेता के चरित्र से ज्यादा महत्वपूर्ण हैदेहरादून, रविवार 05 मई 2024 ऐसे कौन नेता हैं, जो सब कुछ जानने के बावजूद रेवन्ना के पक्ष में खड़े हैंदेहरादून, रविवार 05 मई 2024 जनता दल-सेकुलर के लिए यह शर्मनाक पल है। गठबंधन की राजनीति की वजह से ही ऐसे दलों का महत्व बना हुआ है, वरना सेवा की जिम्मेदारी के साथ ऐसा खिलवाड़ भला कौन बर्दाश्त करेगादेहरादून, रविवार 05 मई 2024 ऐसा नहीं है कि किसी पार्टी का दामन बिल्कुल साफ है, अतः हरेक पार्टी को अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। भारतीय राजनीति में इस तरह के दाग वाले कितने नेता हैंदेहरादून, रविवार 05 मई 2024 अब अगर कथित तौर पर प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े वीडियो क्लिप प्रसारित होने लगे हैं, तो वर्तमान कनार्टक सरकार इस पूरे मामले को गंभीरता से ले। ध्यान रहे, रेवन्ना के खिलाफ शिकायत कुछ महिलाओं के शोषण तक सीमित नहीं है,।

## पार्टी के रुख पर सवाल

ऐन चुनावों के बीच जिस तरह के संगीन आरोप लगे और विवाद खड़ा हुआ, उसके बाद हासन लोकसभा सीट से मौजूदा सांसद, इन चुनावों में प्रत्याशी और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ की गई जेडीएस की कार्रवाई स्वाभाविक ही कही जाएगी। लेकिन सवाल यह है कि अगर अभी कर्नाटक में वोटिंग बाकी न होती और विपक्षी कांग्रेस के साथ ही सहयोगी बीजेपी का भी दबाव न होता, तब भी क्या पार्टी नेतृत्व का यही रवैया होता?देरी क्योंः मंशा पर सवाल इसलिए उठ रहे हैं क्योंकि इस मामले की सुगबुगाहट पिछले साल जून से थी। तब प्रज्वल रेवन्ना ने अदालत का रुख किया था। उन्होंने कोर्ट से मांग की थी कि उनसे जुड़े कुछ फेक विडियो हैं, जिन्हें पब्लिश करने से मीडिया संस्थानों को रोका जाए। कर्नाटक में भाजपा का जेडीएस के साथ गठबंधन है। हासन के एक स्थानीय भाजपा नेता ने आम चुनाव से पहले अपनी पार्टी को इस मामले की जानकारी देते हुए आगाह किया था कि प्रज्वल और उसके पिता एचडी रेवन्ना को टिकट नहीं मिलना चाहिए। विडियो सामने आने के बाद जेडीएस के वरिष्ठ नेता और पूर्व सीएम एचडी कुमारस्वामी की प्रतिक्रिया भी निराश करने वाली रही। उन्हें इस मामले में बड़ी बात यही दिखी कि विडियो हासन में वोटिंग के पहले क्यों रिलीज किए गए। साथ ही, उनकी चिंता थी कि केस से देवेगौड़ा का नाम न जोड़ा जाए। आरोपी प्रज्वल ने जब विडियो पब्लिश होने से रोकने के लिए अदालत का रुख किया तो उनकी भी चिंता अपनी इमेज को लेकर थी। इन सबके बीच पीड़ित महिलाओं का दर्द कहीं खो जाता है। क्या उनकी इमेज के कोई मायने नहीं? सबसे दुखद पहलू यह है कि इस पूरे प्रकरण का घटनाक्रम चौंकाता नहीं है। यह आम बात लगने लगी है - ताकतवर नेता, मजबूर महिलाएं और कमजोरों की अनदेखी करने वाला सिस्टम। हाल के कितने सारे मामले ध्यान में आ जाते हैं।

# इंटरनेट मीडिया की त्रासदी- अमित शाह का फेक वीडियो, आरक्षण और सियासी आंच

(कमलेश पांडे)

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के एडिट किये गए वीडियो मामले में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की इंटेलीजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रेटेजिक ऑपरेशन्स (आईएफएसओ) यूनिट ने कांग्रेस नेता और तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को पूछताछ के लिये 1 मई को दिल्ली बुलाया है। तीसरे चरण के लोकसभा चुनाव से पहले फेक वीडियो के माध्यम से जिस तरह से भाजपा को एससी, एसटी और ओबीसी आरक्षण का विरोधी साबित करने की कोशिश की गई, वह अपने आपमें इंटरनेट मीडिया की उपयोगिता और प्रासंगिकता पर एक यक्ष प्रश्न है! सच कहूं तो यह इंटरनेट मीडिया की त्रासदी है, जिसके खिलाफ प्रिंट मीडिया जैसे सख्त और प्रभावशाली नियमन की दरकार है। दरअसल, इस फेक वीडियो में केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के दिग्गज रणनीतिकार अमित शाह को आरक्षण को खत्म करने का ऐलान करते हुए दिखाया गया है। जबकि हकीकत यह है कि असली वीडियो में अमित शाह एससी, एसटी और ओबीसी आरक्षण को बनाए रखने की बात कहते हैं। यही वजह है कि अमित शाह का फेक वीडियो प्रसारित होने के बाद गृह मंत्रालय ने दो दिन पहले दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा को शिक़ायत दी। जिसके बाद दिल्ली पुलिस आयुक्त के निर्देश पर आईएसएफओ यूनिट ने धारा-153 (दंगा भड़काने के इरादे से उकसाना), 153 ए (धर्म, जाति, जन्मस्थान, निवास, भाषा आदि के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच वैमनस्यता बढ़ाना), 465 (जालसाजी), 469 (पार्टी की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने) और 171 जी (चुनाव परिणाम प्रभावित करने के इरादे से गलत बयान प्रकाशित करना) में केस दर्ज किया है। वहीं, इस मामले पर चिंता जताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गत दिनों महाराष्ट्र के सतारा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि 21 वीं सदी में टेक्नोलॉजी का बड़ा उपयोग और महत्व है। मैंने इंटरनेट मीडिया का उपयोग हमेशा जनता-जनार्दन से जुड़ने के लिए किया है, मगर आजकल एक बात परेशान करने वाली है। जो लोग भाजपा और राजग से सच्चाई, मुद्दों और अपने काम के आधार पर आमने-

> *कर्नाटक के सेदम में कांग्रेस की एक रैली में रेड्डी ने आरोप लगाया कि उन्हें जानकारी मिली है कि दिल्ली पुलिस के अधिकारी हैदराबाद में तेलंगाना कांग्रेस मुख्यालय पहुंच गए हैं। उनके पास नोटिस था, जिसमें बताया गया था कि वह तेलंगाना कांग्रेस के अध्यक्ष और तेलंगाना के मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करेंगे। इसका मतलब है कि नरेंद्र मोदी जी चुनाव जीतने के लिए ईडी, आयकर विभाग, सीबीआई का दुरुपयोग बन्द करके अब दिल्ली पुलिस का दुरुपयोग कर रहे हैं।*

सामने राजनीतिक लड़ाई नहीं लड़ पा रहे हैं, वे अब इंटरनेट मीडिया पर फेक वीडियो फैला रहे हैं। वे हमारी पार्टी के नेताओं की आवाज में फर्जी वीडियो बनाकर गलत संदेश फैला रहे हैं। ऐसे लोगों से सावधान रहने की जरूरत है। आपको जब भी फेक वीडियो मिले, पुलिस को तुरंत सूचित करें। बहरहाल, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के एडिट किये गए वीडियो मामले में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की इंटेलीजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रेटेजिक ऑपरेशन्स (आईएफएसओ) यूनिट ने कांग्रेस नेता और तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को पूछताछ के लिये 1 मई को दिल्ली बुलाया है। पुलिस ने उन्हें स्वयं द्वारा प्रयोग किये जाने वाले सभी इलेक्ट्रॉनिक गैजेट भी साथ लेकर आने को कहा है, क्योंकि रेड्डी ने भी एक एडिट वीडियो को एक्स पर पोस्ट किया था। इतना ही नहीं, दिल्ली पुलिस ने रेवंत रेड्डी समेत तेलंगाना के छह लोगों को नोटिस भेजा है, जिसमें तेलंगाना कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनुमुला रेवंत रेड्डी, माने सतीश, नवीन, शिवशंकर, अस्मा तस्लीम भी शामिल हैं। इस मामले की जांच के लिए दिल्ली पुलिस की एक टीम हैदराबाद पहुंच चुकी है और एक शख्स को हिरासत में लिया है। वहीं, इस मामले में असम पुलिस ने एक व्यक्ति रीतम सिंह को गिरफ्तार किया है, जो कांग्रेस से जुड़ा है और पार्टी के वार रूम कोऑर्डिनेटर के रूप में काम करता है। इस मामले में अपनी प्रतिक्रिया देते हुए तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने कहा कि वह दिल्ली पुलिस के नोटिस से डरेंगे नहीं। कर्नाटक के सेदम में कांग्रेस की एक रैली में रेड्डी ने आरोप लगाया कि उन्हें जानकारी मिली है कि दिल्ली पुलिस के अधिकारी हैदराबाद में तेलंगाना कांग्रेस मुख्यालय पहुंच गए हैं। उनके पास नोटिस था, जिसमें बताया गया था कि वह तेलंगाना कांग्रेस के अध्यक्ष और तेलंगाना के मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करेंगे। इसका मतलब है कि नरेंद्र मोदी जी चुनाव जीतने के लिए ईडी, आयकर विभाग, सीबीआई का दुरुपयोग बन्द करके अब दिल्ली पुलिस का दुरुपयोग कर रहे हैं। मगर यहां कोई डरने वाला नहीं है। यहां लोग इसका जवाब देंगे। भाजपा तेलंगाना और कर्नाटक का चुनाव हारेगी। इससे साफ है कि लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण से पहले आरक्षण का मुद्दा गरमा गया है। भाजपा के सत्ता में आने के बाद संविधान बदलने और एससी, एसटी व ओबीसी आरक्षण समाप्त करने के कांग्रेस के हमले की काट के लिए भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी है। पार्टी ने यूपी के पूर्व डीजीपी व सांसद बृजलाल को मैदान में उतारा है। बृजलाल ने कांग्रेस व अन्य विपक्षी दलों को वंचित, आरक्षण, बाबा साहेब अंबेडकर और संविधान का विरोधी बताया। उन्होंने 1961 में तत्कालीन पीएम जवाहरलाल नेहरू के सभी मुख्यमंत्रियों को लिखे पत्र का हवाला देते हुए कहा, कांग्रेस को शुरू से आरक्षण पसंद नहीं है। भाजपा सांसद बृजलाल ने एक कदम और आगे बढ़कर भाजपा के खिलाफ संविधान बदलने के आरोप को अफवाह बताते हुए कहा, कांग्रेस ने संविधान में सबसे ज्यादा बदलाव किया है। कांग्रेस सिर्फ भीम-मीम का ढोंग करती है, जबकि उसके दिल में सिर्फ मीम-मीम है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने आंध्रप्रदेश में ओबीसी कोटा कम कर मुसलमानों को आरक्षण दिया। उसी तरह से कर्नाटक में भी ओबीसी का आरक्षण छीनकर मुसलमानों को दे दिया। वहीं, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव व भाजपा मीडिया विभाग के प्रमुख अनिल बलूनी के नेतृत्व में भाजपा प्रतिनिधि मंडल ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के डीप फेक वीडियो को लेकर केंद्रीय चुनाव आयोग के अधिकारियों से शिकायत दर्ज कराई है। साथ ही चुनाव प्रचार में डीप फेक से जुड़े कई मामले भी आयोग के सामने पेश किए हैं। ऐसे में स्वाभाविक सवाल है कि जिस तरह से इंटरनेट मीडिया/सोशल मीडिया पर मीडिया मानकों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं, वह समकालीन लोकतंत्र के लिए चिंता का विषय है। मेरा स्पष्ट मानना है कि प्रिंट मीडिया हेतु बनाये हुए कानून ही टीवी मीडिया और वेब मीडिया/सोशल मीडिया पर लागू किया जाए और उसे अधिक उपयोगी, प्रासंगिक तथा व्यवहारिक बनाने के लिए उसमें कुछ नई धाराएं जोड़ दी जाएं। ऐसा करके ही हमलोग समाज को नैतिक महामारी की जद में जाने से रोक सकते हैं। खासकर फेक वीडियो मामले में पिक एंड चूज कार्रवाई नहीं होनी चाहिए। जैसा कि अबतक महसूस किया जाता है। इस मंच से अश्लीलता का भी सफाया होना चाहिए।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व स्तम्भकार)**

# शिशु आहार से मसालों तक शिकायत

**(के श्रीनाथ रेड्डी, प्रोफेसर, जन स्वास्थ्य, पीएचएफआई)**

अमेरिकी लेखक और पर्यावरणविद वेंडेल बेरी की एक तल्ख टिप्पणी आज बड़ी मौजूं है, 'लोगों को ऐसे खाद्य उद्योग द्वारा भोजन दिया जाता है, जो सेहत पर कोई ध्यान नहीं देता है ...और उनका इलाज ऐसे स्वास्थ्य उद्योग द्वारा किया जाता है, जो भोजन पर कोई ध्यान नहीं देता है।' साफ शब्दों में कहें, तो खाद्य उद्योग लोगों की सेहत के प्रति और स्वास्थ्य उद्योग लोगों के पोषण के प्रति लापरवाह है। जो लोग जन स्वास्थ्य के महत्व को समझते हैं, वे पोषण का महत्व भी अच्छी तरह जानते हैं। ऐसे विशेषज्ञ सेहत पर मंडराते खतरों और खाद्य उद्योग की भूमिका को लेकर सतर्क हैं। आजकल जैसे उत्पाद बाजार से हमारे निवाले तक पहुंच रहे हैं, उनको लेकर बड़ी चिंता जताई जा रही है। एक हालिया रिपोर्ट पर नाराजगी है कि नेस्ले कंपनी भारत और कई अन्य विकासशील देशों में ऐसे शिशु आहार बेच रही है, जिसमें यूरोप में बेचे जा रहे शिशु आहार की तुलना में शर्करा की मात्रा ज्यादा है। जब यह रिपोर्ट सामने आई, तब हांगकांग व सिंगापुर की नियामक एजेंसियों ने दो भारतीय कंपनियों के कुछ मसालों पर रोक लगा दी, इससे भी चिंता की लहर दौड़ गई। नेस्ले के शिशु आहार (सेरेलैक) पर रिपोर्ट एक स्विस गैर-सरकारी संगठन पब्लिक आई द्वारा जारी की गई है, जिसने इंटरनेशनल बेबी फूड एक्शन नेटवर्क के साथ मिलकर यह शोध किया है। दरअसल, नेस्ले कंपनी मातृ-दूध का विकल्प पेश करने का दावा करती है। तमाम स्वास्थ्य अधिकारी जिंदगी के पहले छह महीनों तक केवल मां का दूध पिलाने की सलाह देते हैं, क्योंकि इससे आदर्श पोषक संरचना, प्रतिरक्षा बढ़ाने वाले गुण और बच्चे की आंत में एक स्वस्थ माइक्रोबायोम के विकास में मदद मिलती है। जो कंपनियां मातृ-दूध के विकल्प को बढ़ावा देकर व्यावसायिक अभियान चलाती हैं, वे दरअसल मां और शिशु के स्वास्थ्य संबंधी बुनियादी सोच को कमजोर करती हैं। कंपनियों ने प्रचार कर रखा है कि मां के दूध के बिना भी शिशु पोषण संभव है। आखिर, यह शिशु आहार संबंधी विवाद क्यों हैदेहरादून, रविवार 05 मई 2024 क्या खाद्य उद्योग खाद्य पदार्थों में शर्करा की मात्रा बढ़ाते हुए स्वास्थ्य संबंधी खतरे की ओर से अपनी आंखें बंद कर ले रहा हैदेहरादून, रविवार 05 मई 2024 यदि हां, तो वह पश्चिमी यूरोप में ऐसा न करने को लेकर क्यों सावधान हैदेहरादून, रविवार 05 मई 2024 वह भारत सहित अनेक विकासशील देशों में ऐसा करने के लिए क्यों आजाद महसूस करता हैदेहरादून, रविवार 05 मई 2024 क्या ऐसा इसलिए है, क्योंकि राष्ट्रीय नियामक एजेंसियों की क्षमता में अंतर हैदेहरादून, रविवार 05 मई 2024 यूरोप की खाद्य नियामक एजेंसियां ज्यादा सतर्क हैं। वे खाद्य पदार्थों की कड़ाई से निगरानी करती हैं और कानूनों को सही ढंग से लागू करती हैं। यूरोपीय नियामक खाद्य सामग्रियों की स्वतंत्र जांच में सक्षम हैं और कार्रवाई करने के लिए भी ज्यादा स्वतंत्र हैं। ध्यान रहे, शिशु आहार में उच्च शर्करा मोटापे की वजह बन सकती है। उच्च शर्करा की शिकायत आगे चलकर मधुमेह में बदल सकती है। चूंकि उच्च शर्करा का सेवन एक लत में बदल जाता है, तो बच्चा अधिक आहार की मांग करता है, जिससे शरीर में वसा की मात्रा बढ़ जाती है, जिससे कमजोर मांसपेशियों का विकास होता है। इससे एक चुस्त, सेहतमंद और आर्थिक रूप से उत्पादक पीढ़ी की उम्मीद धूल में मिल जाती है। यह वही पीढ़ी है, जो हमारे भविष्य की प्रगति की ध्वजवाहक बन सकती है। यहां मसाला से जुड़ी कहानी अलग है। कथित तौर पर हांगकांग और सिंगापुर में नियामक एजेंसियों ने भारतीय मसालों में एथिलीन ऑक्साइड नाम का रासायनिक कैंसर कारक तत्व पाया है। इन दोनों देशों में प्रतिबंध के बाद, मीडिया ने बताया है कि सितंबर 2020 और अप्रैल 2024 के बीच यूरोपीय खाद्य सुरक्षा प्राधिकरण (ईएफएसए) ने 527 भारतीय खाद्य उत्पादों में इस रसायन का पता लगाया था। इसका उपयोग मसालों को सुगंधित बनाने के लिए भी किया जाता है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 2361

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | 4 | 7 | | | 3 | 6 |
| | | | | 8 | | | 2 | 9 |
| | 1 | | 2 | | | | 5 | 7 |
| 7 | 6 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 1 | 5 |
| 6 | 9 | | | | 1 | | 4 | |
| 8 | 2 | | | 5 | | | | |
| 1 | 4 | | | 6 | 9 | 7 | | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 2360

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 7 | 4 | 2 | 3 | 1 | 8 | 9 |
| 8 | 1 | 4 | 9 | 5 | 6 | 2 | 7 | 3 |
| 3 | 9 | 2 | 1 | 8 | 7 | 4 | 5 | 6 |
| 5 | 4 | 6 | 8 | 7 | 2 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 8 | 1 | 3 | 9 | 4 | 6 | 2 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 | 8 |
| 4 | 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 6 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 | 2 |
| 1 | 7 | 8 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 4 |

# आज का राशिफल

### मेष
आज आपका जीवन सुखमय होगा। आपके धन और पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आज किसी मामले में आपको तनाव हो सकता है। परीक्षा की दिशा में किया गया श्रम सार्थक होगा। विरोधी परास्त होंगे और आपको धन लाभ होगा। आपके लिए कारोबार में वृद्धि के योग बन रहे हैं। ससुराल पक्ष से लाभ होगा। वाहन प्रयोग में सावधानी रखें।

### वृष
आज आपके धन पराक्रम में वृद्धि के योग हैं। आज के दिन विरोधियों से सावधान रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। शासन सत्ता का सहयोग रहेगा और आपका काफी समय से रुका कोई कार्य संपन्देहरादून, रविवार 05 मई 2024न होगा। किसी मूल्यवान वस्तु के खोने या चोरी की आशंका है। संभलकर रहें। फिजूलखर्ची पर नियंत्रण रखें।

### मिथुन
आज का दिन सफलता से भरा होगा। आपके सुख के साधनों में वृद्धि होगी और आप गृहोपयोगी वस्तुओं की खरीद पर खर्च करेंगे। आपको ऑफिस में किसी सहयोगी से तनाव मिल सकता है और आपका झगड़ा हो सकता है। आपको धन के लेनदेन में बहुत सावधानी रखने की जरूरत है।

### तुला
आज रुपये-पैसे के मामले में फैसला काफी सोचकर करने की जरूरत है। आपके विरोधी आपको नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। आपको कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। आपको शाम के वक्देहरादून, रविवार 05 मई 2024त कोई अच्देहरादून, रविवार 05 मई 2024छी सूचना मिल सकती है।

### वृश्चिक
आज का दिन मिलाजुला होगा और आज आपके अंदर कुछ विशेष कर दिखाने की उधेड़बुन रहेगी। आपका मन नहीं लगेगा। आर्थिक दिशा में सफलता मिलेगी। वाणी की सौम्यता और प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी और आपके कार्य सफल होंगे। खान-पान में संयम रखें। किसी से फालतू बातें न करें और अपने काम पर फोकस करें। ससुराल पक्ष से लाभ होगा।

### धनु
आज आपके सभी प्रयास सफल होंगे। काम की अधिकता से आपको लाभ होगा। काम की अधिकता के चलते आप परिवार के लोगों को समय नहीं दे पाएंगे। इसके लिए आपको थोड़ा सा समय का सही से प्रबंधन करने की जरूरत है। किसी भी प्रकार के विवाद में उलझना सही नहीं है। राजनीतिक सहयोग मिलेगा।

### कर्क
आज का दिन विजय कारक है। पुराने झगड़े झंझटों से मुक्ति मिलेगी। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। किसी कार्य के सम्पन्न होने से आपके स्वभाव और वर्चस्व में वृद्धि होगी। ससुराल पक्ष से तनाव मिलेगा। ऑफिस में लोगों के साथ आपके संबंध पहले से मधुर होंगे

### सिंह
आज आपको शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। किसी अभिन्न मित्र से मिलाप हो सकता है। आय और व्यय में संतुलन बनाकर रखें। आज आपको किसी कारण से दूर की यात्रा पर जाना पड़ सकता है। यात्रा पर जाने से आपके कार्य सफल होंगे और मन के अनुसार परिणाम मिलने से प्रसन्देहरादून, रविवार 05 मई 2024नता होगी।

### कन्या
आज आपके पुरुषार्थ और पराक्रम में वृद्धि के योग बन रहे हैं। बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार मिलने की संभावना है। आर्थिक दिशा में किए गए प्रयास सफल होंगे। खान-पान पर संयम रखें। ससुराल पक्ष से लाभ होगा। आज आपको किसी मामले में झगड़े और विवाद से बचने की जरूरत है।

### मकर
आज आर्थिक लाभ होगा और पुराने कर्ज से मुक्ति मिलेगी। व्यावसायिक दिशा में सफलता मिलेगी। खान-पान में संमय रखें, वरना आप बीमार पड़ सकते हैं। अनावश्यक व्यय का सामना करना पड़ सकता है। विरोधियों का अंत होगा और आपको सफलता मिलेगी। रोजी रोजगार में सफलता मिलेगी। बेहतर होगा कि आप मेहनत से काम करें।

### कुंभ
आज का दिन आर्थिक मामलों में सफलता से भरा होगा। विरोधी आपका कुछ नहीं बिगाड़ पाएंगे। वाणी की सौम्यता आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि करेगी। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खान-पान में संयम बरतें। ससुराल पक्ष से लाभ होगा। आपके धन में वृद्धि के योग हैं। आपको अचानक से कहीं से रुका धन मिल सकता है।

### मीन
आज का दिन आपके लिए सफलता से भरा होगा। आज आप विवेक का प्रयोग करके जो फैसले लेंगे उससे आपको लाभ होगा। आपको रोजी रोजगार की दिशा में सफलता मिलेगी। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। दूसरों से सहयोग लेने में सफल होंगे। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद और लाभप्रद होगी। आज आपकी प्रियजनों से भेंट संभव है।

## वर्ग पहेली 5361

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | |
| 8 | 9 | | ■ | | ■ | 10 | |
| 11 | | ■ | 12 | | 13 | ■ | |
| 14 | | 15 | ■ | ■ | | ■ | ■ |
| ■ | 16 | | 17 | | | ■ | 18 |
| 19 | | | | ■ | ■ | 20 | |
| | ■ | 21 | | | | | |

**संकेतः बाएं से दाएं**
1. निर्धनों की निरपेक्ष संख्या के मामले मं भारत के इस प्रदेश का स्थान सबसे ऊपर है (6)
6. गायिका-अभिनेत्री, सुलक्षण पंडित के दौ भाईयो में से एक जो गायक-संगीतकार है (3)
7. सर्वदा, हमेशा, लगातार, प्रतिध्वनि (2)
8. यह विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है (3)
10. प्रेम, प्यार, इश्क, मुहब्बत (2)
11. पराग के कण, धूल, गर्द (2)
12. गाय के दूध को यह भी कहते है (3)
14. मुर्गे की जाति का एक पक्षी (3)
16. केसरी नंदर, हनुमान (5)
19. अंदाज, कयास, अनुमान (4)
20. राजा का मुकुट, शिखा (2)
21. अभिमान मर्दित होना (6)

**ऊपर से नीचे**
1. ये भाजपा महिला नेत्री मध्यप्रदेश की मुख्यमंत्री रह चुकी है (5)
2. चांदी, उजला, उज्जवल, रूपक (3)
3. दर से, दिशा में, भाव से (2)
4. देने वाला, देयी, कर्जदार (4)
5. दक्षिण भारत की एक प्रमुख नदी जिसे दक्षिण की गंगा भी कहते है (4)
7. सिलवट, सिकुडन, शिकन, तह (2)
9. वह पर्दा जिस पर चल-चित्र बताए जाते है सिनेमा का पर्दा (5)
13. सभी स्थान पर, सभी जगह पर (3)
15. दौड़ना, लपकना, उमंगना, उछलना (4)
17. शरीर की सबसे बड़ी हड्डी फीमर को यह भी कहते है (3)
18. अलंकृत होना, संवरना, प्रेमी, बलम (3)
19. एक सूर्यवंशी राजा जो दशरथ के पिता थे (2)
20. एक लंबा पेड़ जो केवल सिरे पर पत्ते धारण करता है, तरूराज, दीर्घतरू (2)

### वर्ग पहेली 5360 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ऊ | ध | म | सिं | ह | ■ | द | म |
| त | न | ना | ■ | स | ह | म | त |
| क | ■ | व | जी | र | ■ | न | ■ |
| ■ | आ | न | ■ | त | री | का | ■ |
| मा | ल | ■ | रो | ज | ■ | री | ति |
| त | म | क | ■ | य | क्ष | ■ | थि |
| ■ | आ | ब | ■ | पु | त | ली | ■ |
| ता | रा | ■ | गौ | री | ■ | मा | त्र |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/3009**

## संक्षिप्त समाचार

### मेघालय में युवती से दुष्कर्म का प्रयास, दो आरोपितों की पीट-पीट कर हत्या

**शिलांग , एजेंसी।** मेघालय के पूर्वी वेस्ट खासी हिल्स जिले में 18 वर्षीय युवती के साथ दुष्कर्म का प्रयास करने के लिए दो लोगों की भीड़ ने पीट-पीट कर हत्या कर दी। पुलिस ने शनिवार को बताया कि जिला मुख्यालय मैरांग के समीप नोनगथलिएव गांव में शुक्रवार दोपहर यह घटना हुई। युवती ने आरोप लगाया कि जब वह अपने घर में अकेली थी तब दोनों ने एक चाकू से उसपर हमला किया और उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। चीख-पुकार सुनकर पड़ोसी वहां आ जुटे और दोनों को पकड़ लिया। इसके बाद भीड़ उन्हें समीप स्थित कम्युनिटी हाल ले गई और पीटना शुरू कर दिया। पुलिस ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन बचा नहीं पाई। पुलिस अधिकारी ने कहा कि भीड़ की पिटाई से बुरी तरह से घायल होने के बाद ही दोनों को हाल से बाहर लाया जा सका। एक की मौत तिरोत सिंग मेमोरियल सिविल अस्पताल में हो गई, जबकि दूसरे की मौत शिलांग सिविल अस्पताल में हुई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मामला पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी गई है। राज्य के दूसरे भाग के निवासी दोनों व्यक्ति नोनगथलिएव में मजदूरी करते थे।

### तमिलनाडु में कांग्रेस नेता का आधा जला हुआ शव खेत में मिला, जांच में जुटी पुलिस

**तिरुनेलवेली, एजेंसी।** तमिलनाडु के तिरुनेलवेली में शनिवार को एक जिला कांग्रेस नेता मृत पाया गया। पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। मृत पाए गए जिला कांग्रेस नेता की पहचान केपीके जयकुमार धनसिंह के रूप में हुई है। जिनका आधा जला हुआ शव खेल में मिला। पुलिस ने बताया कि केपीके जयकुमार धनसिंह का आधा जला हुआ शव उनके खेत में मिला। यह वारदात तब हुई जब हाल ही में पीड़ित ने अपनी जान को खतरा होने का दावा किया था। धनसिंह कांग्रेस की तिरुनेलवेली (पूर्व) इकाई के प्रमुख थे। मामले की गुत्थी सुलझाने के लिए पुलिस ने तीन विशेष टीमों का गठन किया है। इस बीच, तमिलनाडु कांग्रेस कमेटी के प्रमुख के सेल्वापेरुन्थागई ने अपने पार्टी सहयोगी के निधन पर शोक व्यक्त किया और पार्टी में उनके योगदान को याद किया।

### कसाब नहीं, पुलिसवाले की गोली से हुई थी हेमंत करकरे की मौतः विजय वडेत्तिवार

**मुंबई , एजेंसी।** मुंबई आतंकी हमले को लेकर कांग्रेस नेता विजय वडेत्तिवार ने बड़ा दावा किया है। महाराष्ट्र विधानसभा में विपक्ष के नेता वडेत्तिवार ने शनिवार को कहा कि आईपीएस अधिकारी हेमंत करकरे की मौत अजमल कसाब या किसी आतंकी की गोली से नहीं बल्कि एक पुलिस अधिकारी की ही गोली से हुई थी जो कि आरएसएस से जुड़ा था। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी और वकील उज्ज्वल निकम पर आरोप लगाया कि उन्होंने गद्दारी की और इस तथ्य को छिपा लिया। बता दें कि उज्ज्वल इस मामले में सरकारी वकील थे। वडेत्तिवार ने कहा, जांच के दौरान कुछ बड़ी जानकारियों सामने आई थीं। इसके बावजू उज्ज्वल निकम ने इन्हें छिपा लिया। मेरा सवाल है कि अब भाजपा आखिर ऐसेगद्दार को लोकसभा चुनाव में क्यों उतार रही है? ऐसा करके भाजपा एक गद्दार को बचा रही है। वडेत्तिवार के इस बयान का निकम और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी जवाब दिया। फडणवीस ने कहा कि वडेत्तिवार का बयान निराधार है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कसाब की समर्थक रही है। वहीं निकम ने कहा कि इस तरह के निराधार आरोपों से हमें बेहद दुख होता है। यह ओछी राजनीति का उदाहरण है। मुझे नहीं पता था कि वोट के फायदे के लिए लोग इतना गिर जाएंगे। वडेत्तिवार केवल मेरा अपमान नहीं कर रहे हैं बल्कि 26/11 के हमले में जिन 166 लोगों की जान गई थी उन सब का अपमान है। उन्होंने आगे कहा, कांग्रेस का कहना था कि कसाब निर्दोष है। यहां तक कि पाकिस्तान ने मान लिया था कि वह इस साजिश में शामिल था। सभी को पता है कि कसाब को सजा दिलाने के लिए कानूनी कार्रवाई की गई थी। निकम ने कहा कि 4 जून को इन लोगों को जनता जवाब दे देगी। वहीं फडणवीस ने कहा कि हमारा और निकम का साथ है वहीं कांग्रेस ने कसाब के साथ हाथ मिलाया।

# बाबा बर्फानी की पहली तस्वीर आई सामने

## शिवलिंग की ऊंचाई 8 फीट, 29 जून से शुरू होगी 52 दिन की अमरनाथ यात्रा

**अनंतनाग (एजेंसी)।** कश्मीर के अनंतनाग जिले में अमरनाथ की पवित्र गुफा से बाबा बर्फानी की पहली तस्वीर सामने आ गई है। बर्फ का शिवलिंग करीब 8 फीट ऊंचा है।



इस शिवलिंग के दर्शन-पूजन के लिए देशभर से लाखों श्रद्धालु अमरनाथ आते हैं। इस बार यात्रा 29 जून से शुरू होगी जो करीब 52 दिन चलेगी। 29 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन पूरी होगी।

यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन 15 अप्रैल से शुरू हो गए हैं। जरूरी मेडिकल सर्टिफिकेट बनवाने की प्रक्रिया चल रही है। 13 से 70 साल की उम्र तक के भारतीय अमरनाथ यात्रा कर सकते हैं।

**यात्रा के लिए ऑन लाइन और ऑफ लाइन रजिस्ट्रेशनः** यात्रा के लिए 15 अप्रैल से ऑन लाइन और ऑफ लाइन दोनों तरह से रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। ऑन लाइन रजिस्ट्रेशन के लिए श्राइन बोर्ड की ऑफिशियल वेबसाइट पर लॉग इन कर सकते हैं। मोबाइल एप्लिकेशन से रजिस्ट्रेशन करना चाहते हैं तो श्री अमरनाथजी यात्रा ऐप डाउनलोड करना होगा। वहीं, पंजाब नेशनल बैंक, एसबीआई, यस बैंक और जम्मू-कश्मीर बैंक से ऑफ लाइन रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।

### कैसे पहुंचें यात्रा के लिए दो रूट

1. पहलगाम रूट- इस रूट से गुफा तक पहुंचने में 3 दिन लगते हैं, लेकिन ये रास्ता आसान है। यात्रा में खड़ी चढ़ाई नहीं है। पहलगाम से पहला पड़ाव चंदनवाड़ी है। ये बेस कैंप से 16 किमी दूर है। यहां से चढ़ाई शुरू होती है।
तीन किमी चढ़ाई के बाद यात्रा पिस्सू टॉप पहुंचती है। यहां से पैदल चलते हुए शाम तक यात्रा शेषनाग पहुंचती है। ये सफर करीब 9 किमी का है। अगले दिन शेषनाग से यात्री पंचतरणी जाते हैं। ये शेषनाग से करीब 14 किमी है। पंचतरणी से गुफा सिर्फ 6 किमी रह जाती है।
2. बालटाल रूट- वक्त कम हो, तो बाबा अमरनाथ दर्शन के लिए बालटाल रूट से जा सकते हैं। इसमें सिर्फ 14 किमी की चढ़ाई चढ़नी होती है, लेकिन एकदम खड़ी चढ़ाई है, इसलिए बुजुर्गों को इस रास्ते पर दिक्कत होती है। इस रूट पर संकरे रास्ते और खतरनाक मोड़ हैं।

6 लाख यात्रियों के आने की संभावना, इस बार सड़कें चौड़ी

पिछली बार करीब 4.50 लाख श्रद्धालु आए थे। इस बार 6 लाख यात्रियों के आने की संभावना है। यात्रा कम दिनों की है और भीड़ ज्यादा रहेगी, इसलिए इंतजाम भी ज्यादा किए जा रहे हैं।

पूरे रूट पर खानपान, रुकने और हेल्थ चेकअप के लिए व्यवस्था होगी। ऑक्सीजन बूथ, आइसीयू बेड, एक्स रे, सोनोग्राफी मशीन और लिक्विड ऑक्सीजन प्लांट से लैस दो कैंप अस्पताल की तैयारियां चल रही हैं।

पहले पहलगाम से गुफा तक 46 किमी लंबा रास्ता 3 से 4 फीट और बालटाल वाला रूट 2 फीट चौड़ा था। अब इसे 14 फीट तक चौड़ा किया है। बॉर्डर रोड ऑर्गनाइजेशन के मुताबिक, बालटाल से गुफा तक का 14 किमी रूट 7 से 12 फीट तक चौड़ा हो गया है। यह मोटरेबल रोड है। साथ ही हेलिकॉप्टर की सर्विस भी उपलब्ध है।

## दिल्ली में गुंडागर्दी, बाइक सवार 3 बदमाशों ने युवक को चाकू से छलनी कर घर के पास फेंकी लाश

**नई दिल्ली , एजेंसी।** दिल्ली के करावल नगर इलाके में गुरुवार को बाइक सवार बदमाशों ने एक युवक की चाकू घोंपकर हत्या कर दी। यही नहीं बदमाश युवक की लाश को उसके घर के पास फेंककर फरार हो गए। मृतक की पहचान प्रेम विहार गली संख्या आठ निवासी 38 वर्षीय राजकुमार उर्फ बंटी के रूप में हुई है। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से हत्या के कारणों और आरोपियों की पहचान करने की कोशिश करते हुए मामले की जांच कर रही है।

मिली जानकारी के मुताबिक, राजकुमार, मकान नंबर- 118 सी, गली नंबर- आठ में परिवार के साथ रहते थे। उन्होंने बीएएमएस की पढ़ाई की थी और पेशे से आयुर्वेदिक चिकित्सक थे। परिवार में मां लक्ष्मी और दो छोटे भाई हैं। उसके घर में भूतल पर उसकी क्लीनिक है। साथ ही किराने की दुकान भी है। किराने की दुकान उसकी मां देखती थी।

राजकुमार के परिजन ने बताया कि गुरुवार सुबह करीब 11 बजे गली में रहने वाला एक युवक अपने कुछ दोस्तों के साथ मिलकर राजकुमार को घर से बुलाकर लेकर गया था। घर से जाते वक्त राजकुमार ने कुछ देर में आने की बात कही थी। देर शाम तक वह नहीं लौटा तो परिजन उसका इंतजार करने लगे।

रात करीब 9.30 बजे के आसपास बाइक सवार तीन युवक आए और बंटी को गली में घर से थोड़ी दूरी पर अचेत हालत में फेंककर फरार हो गए। उसके सीने पर चाकू से कई वार किए गए थे। इस दौरान आरोपी बाइकसवार बंटी को गालियां भी दे रहे थे। यह देख परिजन तत्काल उसे लेकर अस्पताल गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसी बीच मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों के बयान के आधार पर हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल कर आरोपियों की पहचान करने की कोशिश कर रही है।

## शराब घोटाला मामले में कांग्रेस महापौर के भाई अनवर को नहीं मिली जमानत, पूर्व आइएएस टुटेजा से जारी रहेगी पूछताछ

**रायपुर , एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में चर्चित शराब घोटाले मामले को लेकर आज आरोपी अनवर ढेबर की जमानत याचिका पर विशेष कोर्ट में सुनवाई हुई है। मामले में सुनवाई करते हुए ढेबर की जमानत याचिका को कोर्ट ने खारिज कर दिया है। वहीं दूसरी तरफ शराब घोटाले मामले में आरोपी इडी की गिरफ्त में चल रहे पूर्व ढ्रूस अनिल टुटेजा की रिमांड बढ़ा दी गई है। कोर्ट ने टुटेजा को 6 मई तक इडी की रिमांड में भेज दिया है। छत्तीसगढ़ में आज शराब घोटाले मामले को लेकर दो अलग-अलग सुनवाई हुई है। जिसमें जमानत के लिए अनवर ढेबर ने याचिका लगाई थी। इस याचिका की सुनवाई के लिए 4 मई यानी आज का समय तय किया गया था। इस सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष के वकील की दलील को अभियोजन पक्ष के द्वारा जमकर विरोध किया गया। जिसके बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुनाते हुए अभियोजन पक्ष की दलील को स्वीकार करने के बाद अनवर ढेबर की जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। छत्तीसगढ़ में शराब मामले को लेकर इडी ने शुक्रवार को कार्यवाही करते हुए मामले में आरोपी अनवर ढेबर की संपत्ति को अटैच किया था। इडी ने अनवर ढेबर की 116.16 करोड़ की 115 संपत्तियो को अटैक किया गया था।

## आईएस भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में बड़ा अपडेट, एसओजी ने 12 आरोपियों पर रखा इनाम

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में उप निरीक्षक (एसआई) पेपर लीक मामले में 33 थानेदारों सहित 45 के खिलाफ चालान पेश करने के बाद एसओजी अब सरगना सहित अन्य फरार आरोपियों की तलाश में जुट गई है। एसओजी ने वांटेड 12 आरोपियों पर इनाम घोषित किया है। इसमें सबसे अधिक पेपर लीक के सरगना यूनिक भाम्भू पर 1 लाख रुपए तथा ओमप्रकाश ढाका पर 75 हजार रुपए का इनमा रखा है। इनके अलावा छह आरोपियों पर 50-50 हजार रुपए तथा चार पर 25-25 हजार रुपए का इनाम रखा है। यह इनाम आरोपियों की सूचना देने वालों को दिया जाएगा। यह आदेश एसओजी डीआईजी परिस देशमुख ने जारी किए। एसओजी ने इस मामले में 33 थानेदारों को गिरफ्तार किया है, जिनमें से 3 ने चयन होने के बाद भी जॉइन नहीं किया था। गिरफ्तार अन्य 12 आरोपी गैंग के सक्रिय सदस्य हैं। अब फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद मामले में और नाम सामने आ सकते हैं। एक लाख रुपए का इनामी यूनिक उर्फ पंकज भांभू पुत्र जगदीश जाट (36) निवासी पूनिया कॉलोनी चूरूदस लाख रुपए देकर पेपर चुराया ▫ हसनपुरा की रवीन्द्र बाल भारती स्कूल से एसआई भर्ती का पेपर चुराया। इसके लिए स्कूल के कर्मचारी राजेश को दस लाख रुपए दिए। पेपर चुराने के बाद गिरोह के साथी जगदीश विश्नोई को वाट्सऐप के माध्यम से पेपर भेजा। वहां से पेपर सॉल्व करने वाले हैंडर्स के पास पेपर पहुंचा। ओमप्रकाश ढाका पुत्र किशनाराम विश्नोई (37) करड़ा सांचोर पर 75 हजार रुपए का इनामी रखा है। एसओजी के डीआईजी परिस देशमुख ने आदेश जारी कर आरोपियों पर 25 हजार से लेकर 1 लाख रुपए तक का इनाम घोषित किया है. आदेश में बताया गया है कि एसआई भर्ती परीक्षा मामले में इन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज है।

# चंडीगढ़-मोहाली मार्ग से प्रदर्शनकारियों को हटाने पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

### प्रशासन से जवाब मांगा

**नई दिल्ली , एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसमें अधिकारियों को निर्देश दिया गया था कि वे चंडीगढ़-मोहाली मार्ग से प्रदर्शनकारियों को हटाएं। जस्टिस बीआर गवई, सतीश चंद्र शर्मा और संदीप मेहता की पीठ ने पंजाब सरकार की याचिका पर नोटिस जारी कर एक गैर सरकारी संगठन, केंद्र सरकार और चंडीगढ़ प्रशासन सहित अन्य से जवाब मांगा।



केंद्र सरकार की ओर से पेश सालिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुनवाई के दौरान कहा कि वह पंजाब सरकार के रुख का समर्थन कर रहे हैं। उन्होंने कहा, भ्रष्टाचार की बात को छोड़कर संघवाद की हमेशा रक्षा की जाती है। कोरोना के समय में सभी राज्यों और केंद्र ने मिलकर काम किया। पंजाब के महाधिवक्ता गुरमिंदर सिंह ने कहा कि हाई कोर्ट के आदेश पर रोक लगाई जाए। कई जनहित याचिकाओं पर नौ अप्रैल को पारित अपने आदेश में हाई कोर्ट ने कहा था कि बार-बार अवसर दिए जाने के बावजूद, न तो पंजाब सरकार और न ही चंडीगढ़ प्रशासन, मोहाली और चंडीगढ़ के यात्रियों को कोई समाधान देने में सक्षम हुआ। मुट्ठी भर लोगों द्वारा सड़क अवरुद्ध करने से यात्रियों और ट्राइ-सिटी के निवासियों को असुविधा हो रही है और परेशानी जारी है।

हाई कोर्ट ने इस बात का संज्ञान लिया था कि इस मामले में पिछले साल नौ अक्टूबर को केंद्र को भी पक्षकार बनाया गया था। गौर करने वाली बात यह भी है कि करीब एक साल पहले इस मामले में पंजाब के पुलिस महानिदेशक को भी तलब किया गया था।हाई कोर्ट ने कहा था कि उसे उम्मीद है कि पंजाब और चंडीगढ़ प्रशासन अपनी नींद से जागेंगे और सड़कों पर विरोध प्रदर्शन से संबंधित विभिन्न फैसलों में दी गई शीर्ष अदालत की टिप्पणियों को ध्यान में रखेंगे।

हाई कोर्ट ने एनजीओ अराइव सेफ सोसायटी की याचिका पर यह आदेश पारित किया था, जिसमें दलील दी गई थी कि जनवरी 2023 से चंडीगढ़-मोहाली रोड पर चल रहे प्रदर्शन के कारण स्थानीय निवासियों और यात्रियों को अनावश्यक उत्पीड़न का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शनकारी सिख कैदियों की रिहाई की मांग कर रहे हैं, जिनमें पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह की हत्या के दोषी बलवंत सिंह राजोआना और 1993 के दिल्ली बम विस्फोट के दोषी देविंदरपाल सिंह भुल्लर शामिल हैं।

## राजस्थान के 9 जिलों में जारी किया हीटवेव का अलर्ट



**जयपुर , एजेंसी।** राजस्थान में मौसम ने पलटी मारी है। प्रदेश में अब गर्मी सताएगी। राज्य के कई जिलों में दिन का पारा 45 डिग्री तक पहुंचेगा। मौसम विभाग ने इसका अलर्ट जारी कर दिया है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी 2-3 दिनों में अधिकतम तापमान में और दो से तीन डिग्री सेल्सियस बढ़ोतरी होने की संभावना है। 7 मई को पश्चिमी राजस्थान में कहीं-कहीं अधिकतम तापमान 44- 45 डिग्री सेल्सियस दर्ज होगा और जोधपुर, बीकानेर संभाग में कहीं कहीं हीटवेव की संभावना है।इसी प्रकार 8 मई को जैसलमेर, जोधपुर, बाड़मेर, नागौर, बीकानेर, चूरू, झुंझुनू, कोटा, बारां जिलों में कहीं-कहीं हीटवेव की संभावना है। इधर, शनिवार को प्रदेश में दिन का पारा 42 डिग्री तक पहुंच गया। नौ शहरों में दिन का तापमान 41 डिग्री से अधिक दर्ज किया गया। सर्वाधिक तापमान गंगानगर में 42.4 डिग्री दर्ज किया गया।दिन के साथ ही रात के पारे में भी बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। राज्य में रात के पारे में 11 डिग्री तक बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। मौसम केन्द्र के अनुसार सबसे अधिक रात का पारा जालौर में 29 डिग्री तक पहुंच गया। यहां बीते 24 घंटे में 11 डिग्री तक बढ़ोतरी हुई।

इस बीच मौसम विभाग ने एक राहत भरा अलर्ट जारी किया है। दरअसल मौसम विभाग के अनुसार 5 मई को जोधपुर और बीकानेर संभाग में कहीं-कहीं हल्की बारिश होने की संभावना है। इसके बाद 9 मई को जयपुर, अजमेर और भरतपुर संभाग में बारिश हो सकती है। वहीं राजस्थान के कुछ पश्चिमी हिस्सों में शुक्रवार से नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। इस दौरान पश्चिमी राजस्थान में मेघगर्जना के साथ हल्की बारिश और बूंदाबांदी होने की संभावना है। इसके अलावा पूर्वी राजस्थान के कुछ भागों में 7-8 मई को भी कहीं-कहीं हल्की बारिश होने की संभावना है।

## दिल्ली में बीएमडब्ल्यू कार से 2 करोड़ से ज्यादा कैश बरामद, पुलिस ने दो को हिरासत में लिया




**नई दिल्ली , एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर वाहनों की चैकिंग कर रही दिल्ली पुलिस ने शनिवार को एक लग्जरी बीएमडब्ल्यू कार से 2 करोड़ रुपए से ज्यादा का कैश बरामद किया। ये बरामदगी दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के ओखला इंडस्ट्रियल क्षेत्र में हुई। पुलिस ने कैश को ले जा रहे दो लोगों को भी हिरासत में लिया है। इस बारे में जानकारी देते हुए अधिकारी ने बताया, चुनाव आयोग द्वारा गठित तुगलकाबाद की फ्लाइंग स्क्वाड टीम के साथ स्थानीय पुलिस ओखला औद्योगिक क्षेत्र में वाहनों की जांच कर रही थीं, इसी दौरान एक कार से इतनी नगदी बरामद हुई।

अधिकारी ने आगे कहा, टीम ने जांच के लिए जब नीले रंग की एक बीएमडब्ल्यू कार को रोका, तो उसमें रखे दो कार्डबोर्ड के बक्से दिखाई दिए। उनकी तलाशी लेने पर उनमें रखा इतनी बड़ी मात्रा में कैश बरामद हुआ।

उन्होंने बताया, कार में यात्रा कर रहे दो लोग पैसे का सटीक स्त्रोत बताने में विफल रहे, जिसके बाद उन्हें हिरासत में लिया गया है। साथ ही आयकर विभाग और स्ष्ठरू को बरामदगी के बारे में सूचित कर दिया गया है।

# चुनाव में उतरे एक ही क्लास के 4 स्टूडेंट, अलग-अलग पार्टी के दिग्गज नेता

**नईदिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान जिस तरह से विरोधी एक दूसरे पर तीखे हमले कर रहे हैं, ऐसा लगता ही नहीं कि कभी वे आपस में ठीक से बात भी करते होंगे। हालांकि ऐसा नहीं है। बहुत सारे ऐसे नेता हैं जो कि भले ही विरोधी दल से हों लेकिन उनके बीच दोस्ती का भी रिश्ता है। इस बार दून स्कूल के एक ही क्लास के चार स्टूडेंट भी चुनावी मैदान में हैं। ये स्टूडेंट को मामूली लोग नहीं बल्कि अपनी-अपनी पार्टियों के दिग्गज नेता हैं।



दून स्कूल के 1992 बैच के भाजपा नेता जितिन प्रसाद और राघव लखनपाल उत्तर प्रदेश से चुनावी मैदान में हैं। वहीं कांग्रेस के नकुलनाथ छिंदवाड़ा और कालिकेश सिंह देव ओडिशा विधानसभा चुनाव में दम भर रहे हैं। सिंह देव बीजेडी के टिकट से चुनाव में उतरे हैं। सिंह देव 2019 तक लोकसभा सांसद थे। हालांकि राजनीतिक हालातों ने दोनों को ही राज्य की राजनीति में ला दिया। जितिन प्रसाद को भाजपा ने इस बार पीलीभीत से उतारा है जो कि वरुण गांधी की सीट हुआ करती थी। वहीं सिह देव बोलानगिर से विधानसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। हम लोग कभी-कभी वॉट्सऐप ग्रुप पर बात कर लेते हैं। हालांकि वहां राजनीति के बारे में बात करने की इजाजत नहीं है। बस कोई इतना ही कह देता है कि चुनाव लड़ने के लिए बधाई। इसके बाद बात खत्म। बता दें कि एक ही क्लास में पढ़ने वाले इन नेताओं के बीच अकसर मुलाकात भी नहीं हो पाती है। साल 2017 में 25वीं बरसी के मौके पर ये लोग स्कूल में ही मिले थे। सिंह देव ने कहा, राजनीति अलग चीज है लेकिन हम लोग आज भी अच्छे दोस्त हैं। बता दें कि इस बार ओडिशा में भाजपा और बीजेडी की टक्कर हो रही है। वहीं चुनाव से पहले चर्चा थी कि नकुलनाथ कांग्रेस छोड़कर भाजपा में जा रहे हैं। हालांकि ऐसा नहीं हुआ और वह छिंदवाड़ा से कांग्रेस के उम्मीदवार हैं। लखनपाल ने कहा कि जब वह रीयूनियन में स्कूल गए थे तो एक डिबेट में भी हिस्सा लिया था। उस डिबेट की जज प्रियंका गांधी वाड्रा थीं। उन्होंने कहा, जब मैं बोलूं तो आप जज नहीं रहेंगी क्योंकि आप कांग्रेसी हैं। तब उन्होंने कहा, भाजपा वाले अच्छी तरह जानते हैं कि बोलना कैसे है। और इस डिबेट में मुझे बेस्ट स्पीकर का अवॉर्ड मिला था। उन्होंने कहा, दून स्कूल से कम से कम दो सासंद रहते ही हैं। पिछले चुनाव में कालिकेश बोलनगिर से हार गए थे। वहीं छिंदवाड़ा से नकुलनाथ की जीत हुई थी। जितिन प्रसाद ने कहा था कि दून स्कूल के छात्रों के लिए यह आम बात है क्योंकि यहां से पूर्व पीएम राजीव गांधी शशि थरूर, ज्योतिरादित्य सिंधिया, कमलनाथ, आरपीएन सिंह, अमरिंदर सिंह, नवीन पटनायक और करन सिंह जैसे लोग निकल चुके हैं।

## राजस्थान के सवाई माधोपुर में भीषण सड़क हादसा, एक ही परिवार के 6 लोगों की मौत

**जयपुर , एजेंसी।** राजस्थान में सीकर से त्रिनेत्र गणेश मंदिर जा रहा था परिवार राजस्थान के सवाई माधोपुर के बौंली थाना क्षेत्र के एक्सप्रेस वे पर बनास पुलिया के समीप आज सुबह एक भीषण सड़क हादसा सामने आया है।अज्ञात वाहन की टक्कर से कार सवार 6 लोगों की मौत हो गई। वहीं दो मासूम बच्चे दुर्घटना में बुरी तरह घायल हो गए। सभी घायल एक ही परिवार के थे और सीकर से रणथंभौर गणेश जी के दर्शन हेतु जा रहे थे। सूचना के बाद बौली थाना पुलिस व एंबुलेंस मौके पर पहुंची।मृतकों में तीन महिलाएं व तीन पुरुष शामिल है। सभी कार सवार लोग एक ही परिवार के बताए जा रहे है। परिवार सीकर से रणथंभौर गणेश जी के दर्शन के लिए जा रहा था।

पुलिस के अनुसार हादसा रविवार को सुबह करीब सात बजे हुआ।

# आईपीएल से सीधा पंगा लेगा पीएसएल

● खुद दे रहा अपनी बर्बादी को निमंत्रण, क्या है कंगाल पाकिस्तान की नई चाल

**लाहौर, एजेंसी।** आईपीएल की नकल करके पाकिस्तान ने 2016 में पीएसएल यानी पाकिस्तान सुपर लीग की शुरुआत की थी। दुनिया की सबसे महंगी टी-20 लीग आईपीएल के सामने पीएसएल की औकात किसी से छिपी नहीं है। लगभग सभी देशों के विश्व स्तरीय खिलाड़ी पीएसएल की बजाय आईपीएल में खेलना पसंद करते हैं। फाफ डुप्लेसिस, राशिद खान, एडम मार्करम, सरीखे इक्के-दुक्के बड़े नाम ही पीएसएल में नजर आते हैं। मगर अब लगता है कि ये खिलाड़ी भी पाकिस्तान सुपर लीग में नहीं खेलेंगे। खुद पीसीबी ने अपनी इस टी-20 लीग की बर्बादी स्क्रिप्ट तैयार कर ली है। खबरों की माने तो अब पीएसएल का आयोजन भी आईपीएल के दौरान ही किया जाएगा, यानी दोनों टूर्नामेंट आपस में टकराएंगे। लीग को अगले सीजन से अप्रैल-मई विंडो में ट्रांसफर करने की बात चल




रही है।

## बैठक में क्या फैसला हुआ?

वेतन सीमा के बाहर एक मार्की खिलाड़ी को साइन करने के लिए फ्रैंचाइजी को अतिरिक्त धनराशि यानी तीन लाख यूएस डॉलर से ज्यादा के कॉन्ट्रैक्ट की संभावना भी शामिल है।

प्ले-ऑफ के मुकाबले तटस्थ स्थान पर खेले जाएंगे, जिसमें यूके एक विकल्प होगा। मई के अंत में होने वाली औपचारिक पीएसएल गवर्निंग काउंसिल की बैठक से पहले एक प्री-बैठक में शनिवार को बोर्ड और छह फ्रैंचाइजी के बीच एक मीटिंग में योजनाएं प्रस्तावित की गईं। कुछ फ्रैंचाइजी शेड्यूल में बदलाव के पक्ष में हैं और बाकी या तो फैसला नहीं कर पा रहे हैं या फिर इस विचार के खिलाफ हैं। दो बार के चैंपियन लाहौर कलंदर्स को इस बदलाव का विरोध करने वालों में से एक माना जा रहा है।

## 7 अप्रैल से 20 मई की विंडो !

पीसीबी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि 2025 चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी फरवरी में पाकिस्तान करने वाला है, इसका मतलब है कि पीएसएल के 10वें सीजन के लिए प्रस्तावित विंडो 7 अप्रैल से 20 मई की होगी। इसका मतलब है कि यह आईपीएल से टकराएगा।

पीसीबी इसे एक स्थायी स्विच के रूप में देख रहा है, क्योंकि पीएसएल तेजी से बढ़ती दिसंबर-फरवरी विंडो से दूर जाने की कोशिश कर रहा है, इस दौरान न सिर्फ दुनिया भर में चार टी-20 लीग खेली जाती है बल्कि बिजी इंटरनेशनल क्रिकेट कैलेंडर भी एक्टिव रहता है।

## पैसों का दिया जाएगा लालच

इसके विपरीत, अप्रैल से मई की विंडो में जाने का मतलब है कि पूर्ण सदस्य अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का न के बराबर होना।

इस दौरान सिर्फ आईपीएल होता है। पीएसएल के अधिकारी भी जानते हैं कि उनके लिए आईपीएल से प्रतिस्पर्धा करना मुश्किल है, लेकिन इसके साथ सह-अस्तित्व की कोशिश कर सकता है। जिससे एक लंबा सीजन देखने को मिलेगा। पीसीबी अपने स्वयं के मीडिया अधिकार राजस्व का एक हिस्सा फ्रेंचाइजी को आवंटित करके बड़े विदेशी नामों को आकर्षित करने की भी योजना बना रहा है, ताकि उन्हें अपने वर्तमान वेतन कैप से ऊपर जाने की अनुमति मिल सके।

# पंजाब से लगातार 5 हार के बाद जीती चेन्नई

● पिछले मैच का हिसाब बराबर किया
● जडेजा ने 43 रन बनाए, 3 विकेट भी लिए




**धर्मशाला, एजेंसी।** चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल 2024 के प्लेऑफ की उम्मीदें मजबूत कर ली है। टीम ने मौजूदा सीजन के 53वें मुकाबले में पंजाब किंग्स को 28 रन से हराया। चेन्नई की पंजाब के खिलाफ लगातार पांच हार के बाद यह पहली जीत है। इस जीत से ष्टस्य पॉइंट्स टेबल में तीसरे नंबर पर आ गई है।

चेन्नई के पास 11 मैचों के बाद 12 अंक हैं। धर्मशाला मैदान पर रविवार को पंजाब ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला किया। चेन्नई ने 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 167 रन बनाए। जवाब में पंजाब 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 139 रन बना सकी। रवींद्र जड़ेजा ने दोहरा प्रदर्शन किया। उन्होंने 26 बॉल पर 43 रन की पारी खेली। इतना ही नहीं, 3 विकेट भी हासिल किए।

# बजरंग की उम्मीदों को लगा तगड़ा झटका

पेरिस ओलंम्पिक



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगर बजरंग से समय रहते निलंबन नहीं हटाया गया तो वह अगले महीने होने वाले चयन ट्रायल में हिस्सा नहीं ले सकेंगे। मालूम हो कि बजरंग ने टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। भारतीय पुरुष पहलवान बजरंग पूनिया को राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। इस कारण बजरंग के पेरिस ओलंपिक में शामिल होने को लेकर तगड़ा झटका लगा है। नाडा के अनुसार, बजरंग ने 10 मार्च को सोनीपत में हुए चयन ट्रायल के दौरान डोप टेस्ट के लिए सैंपल देने से मना कर दिया था जिस कारण उन पर यह कार्रवाई की गई है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अगर बजरंग पर से समय रहते निलंबन नहीं हटाया गया तो वह अगले महीने होने वाले चयन ट्रायल सहित किसी भी टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले सकेंगे।

मालूम हो कि बजरंग ने टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। अब तक किसी भी भारतीय ने 65 किग्रा वर्ग में ओलंपिक कोटा हासिल नहीं किया है। सुजीत कलकल नौ मई से इस्तांबुल में होने वाले विश्व क्वालीफायर्स में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## नाडा ने बजरंग से सैंपल देने कहा था

बजरंग ने सोनीपत में हुए ट्रायल के दौरान अपने यूरीन का सैंपल देने से इनकार कर दिया था जिसके बाद नाडा ने उनसे सैंपल देने के लिए कहा था। नाडा ने इस बारे में विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) को सूचित किया जिसके बाद वाडा ने नाडा को सुझाव दिया कि वे बजरंग को नोटिस भेजकर जवाब मांगे कि उन्होंने टेस्ट से इनकार क्यों किया। नाडा ने 23 अप्रैल को बजरंग को नोटिस जारी कर सात मई तक जवाब देने कहा है। बजरंग को पेरिस ओलंपिक क्वालिफायर्स के लिए आयोजित राष्ट्रीय चयन ट्रायल्स में हार का सामना करना पड़ा था।

## बजरंग ने किट के एक्सपायर होने का आरोप लगाया था

बजरंग ने कुछ महीने पहले एक वीडियो जारी कर डोप कलेक्शन किट के एक्पायर होने का आरोप लगाया था।

नाडा ने बयान में कहा, बजरंग को मामले की सुनवाई के दौरान अंतिम निर्णय लेने से पहले किसी प्रतियोगिता या ट्रायल में भाग लेने से अस्थायी रूप से निलंबित किया जाता है। दिलचस्प बात यह है कि निलंबन पत्र वर्ल्ड यूनाइटेड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) द्वारा मान्यता प्राप्त भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) की भंग हो चुकी तदर्थ समिति को भेजा गया था।



## रोहित करेंगे टीम की अगुआई

# हॉकी इंडिया ने घोषित की भारतीय जूनियर पुरुष टीम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इस 20 सदस्यीय टीम में शारदानंद तिवारी को उपकप्तान बनाया गया है। हॉकी इंडिया के खिलाड़ियों को अनुभव दिलाने के साथ प्रदर्शन को बेहतर करने की पहल के तहत भारतीय टीम बेल्जियम, जर्मनी और नीदरलैंड में पांच मैच खेलेगी। हॉकी इंडिया ने यूरोप दौरे के लिए भारतीय पुरुष जूनियर हॉकी टीम घोषित कर दी है। टीम रक्षापंक्ति के खिलाड़ी रोहित की अगुआई में 20 से 29 मई तक यूरोप दौरे पर पांच मैच खेलेगी।

इस 20 सदस्यीय टीम में शारदानंद तिवारी को उपकप्तान बनाया गया है। हॉकी इंडिया के खिलाड़ियों को अनुभव दिलाने के साथ प्रदर्शन को बेहतर करने की पहल के तहत भारतीय टीम बेल्जियम, जर्मनी और नीदरलैंड में पांच मैच खेलेगी।

## एक दूसरे के खेलने के तरीके को समझ रहे हैं

हॉकी इंडिया के हवाले से कप्तान रोहित ने कहा, हम अपने शिविर में कड़ी ट्रेनिंग कर रहे हैं और एक-दूसरे के खेलने के तरीके को समझ रहे है। अन्य देशों की टीमों के खिलाफ एक साथ खेलना अद्भुत होगा, जिससे हमें अपने खेल को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

बेल्जियम के खिलाफ होगी दौरे की शुरुआत

भारत इस दौरे का आगाज 20 मई को एंटवर्प में बेल्जियम के खिलाफ करेगा। टीम इसके बाद 22 मई को नीदरलैंड के ब्रेडा में फिर से बेल्जियम से भिड़ेगी। इसी स्थल पर टीम 23 मई को नीदरलैंड की क्लब टीम ब्रेडेज हॉकी वेरेनिगिंग पुश से खेलेगी। इसके बाद 28 और 29 मई को जर्मनी के खिलाफ खेलेगी। इसमें से पहला मैच जर्मनी, जबकि दूसरा मैच ब्रेडा में होगा।

## यूरोप दौरे के लिए भारतीय पुरुष जूनियर हॉकी टीम इस प्रकार है...

**गोलकीपरः** प्रिंस दीप सिंह, बिक्रमजीत सिंह

**डिफेंडरः** शारदानंद तिवारी, योगेम्बर रावत, अनमोल एक्का, रोहित, मनोज यादव, तालेम प्रियो बार्टा

**मिडफील्डरः** अंकित पाल, रोशन कुजूर, बिपिन बिलवारा रवि, मुकेश टोप्पो, मनमीत सिंह, वचन एच ए

**फॉरवर्डः** सौरभ आनंद कुशवाहा, अर्शदीप सिंह, गुरजोत सिंह, मोहम्मद कोनैन दाद, दिलराज सिंह, गुरसेवक सिंह

# टी–20 क्रिकेट का एक महत्वपूर्ण पहलू बना रहेगा : गांगुली



**कोलकाता, एजेंसी।** पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली का मानना ??है कि टी-20 क्रिकेट खेल का एक अभिन्न अंग है, जो इसे आगे बढ़ाने के लिए तैयार है। गांगुली को लगता है कि खेल का सबसे छोटा प्रारूप कहीं नहीं जा रहा है और यह खेल का एक महत्वपूर्ण पहलू बना रहेगा। उन्होंने अ प्रारूप की भी प्रशंसा की और बताया कि यह क्रिकेट में इतना महत्वपूर्ण क्यों हो गया है। गांगुली ने शुक्रवार को यहां कोलकाता में बंगाल प्रो टी20 लीग ट्रॉफी के अनावरण के दौरान ये टिप्पणी की। बंगाल प्रो टी20 लीग ट्रॉफी का अनावरण बंगाल क्रिकेट एसोसिएशन (सीएबी) के अध्यक्ष स्नेहाशीष गांगुली, सौरव गांगुली और पूर्व भारतीय महिला क्रिकेटर झूलन गोस्वामी की उपस्थिति में किया गया। गांगुली ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि यह खेल के लिए एक शानदार परिचय है। हर चीज में बदलाव अपरिहार्य है। हम में से कई लोग जिन्होंने 2-दिवसीय क्रिकेट और 4-दिवसीय क्रिकेट खेलना शुरू किया है, उन्हें यह स्वीकार करना होगा कि टी20 क्रिकेट यहीं रहेगा और यह कुछ ऐसा है जो इसे आगे ले जाएगा। बंगाल प्रो टी20 लीग क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल (सीएबी) की आधिकारिक फ्रेंचाइजी-आधारित प्रीमियर टी20 क्रिकेट लीग है। इस बारे में मीडिया से बात करते हुए गांगुली ने कहा कि यह (टी20 लीग) हर राज्य में हो रहा है। हम शायद इसमें 5-6 साल पीछे हैं। खेल खेलने का कोई भी तरीका हमेशा बहुत मददगार होगा। टी20 एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इन दिनों क्रिकेट का चलन है और यह सभी के लिए प्रदर्शन करने का एक बड़ा अवसर होगा। बंगाल प्रो टी-20 लीग का बहुप्रतीक्षित उद्घाटन संस्करण 11 जून, 2024 से कोलकाता में शुरू होने वाला है, क्योंकि 8 टीमें बड़े मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए तैयार हैं।

नेशनल विमेंस हॉकी लीग

# महिला हॉकी लीग में हरियाणा ने बंगाल और मध्य प्रदेश ने महाराष्ट्र को हराया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग 2024 (चरण 1) में हरियाणा ने बंगाल और मध्य प्रदेश ने शनिवार को महाराष्ट्र को हराया। हरियाणा की टीम ने रोमांचक मुकाबले में बंगाल को 4-3 से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की। वहीं मध्य प्रदेश ने महाराष्ट्र को 2-1 से हरा दिया। राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग 2024 (चरण 1) में हरियाणा ने बंगाल और मध्य प्रदेश ने शनिवार को महाराष्ट्र को हराया। हरियाणा की टीम ने रोमांचक मुकाबले में बंगाल को 4-3 से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की। वहीं मध्य प्रदेश ने महाराष्ट्र को 2-1 से हरा दिया।

दिन के शुरुआती मैच में, बंगाल की टीम कुछ ही समय में बढ़त हासिल करने में सफल रही और सिलबिया नाग (दूसरे मिनट) ने खेल की शुरुआत में ही पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल दिया। इसके बाद सेलेस्टिना होरो (19वें) ने दूसरे क्वार्टर में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर अपनी बढ़त दोगुनी कर दी।

हरियाणा की कप्तान नीलम (20वें) ने तुरंत जवाबी कार्रवाई करते हुए पेनल्टी कार्नर को गोल में बदला जिससे घाटा कम हुआ क्योंकि मध्यांतर तक बंगाल 2-1 से आगे था। नंदनी (41वें) ने हरियाणा के लिए एक और पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर स्कोर बराबर कर दिया, इससे पहले शशि खासा (43वें) ने एक और पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर हरियाणा को बढ़त दिलाने में मदद की। अंतिम क्वार्टर की शुरुआत में पिंकी (46वें मिनट) ने फील्ड गोल करके हरियाणा को 4-2 की बढ़त दिला दी। शांति होरो (51वें मिनट) ने बंगाल के लिए फील्ड गोल करके वापसी की संभावना पैदा की, लेकिन हरियाणा ने अपनी बढ़त बरकरार रखते हुए विजेता बना। दिन के दूसरे मुकाबले में मध्य प्रदेश ने महाराष्ट्र को 2-1 से हराया। पहला हाफ बिना किसी गोल के शांत रहने के बाद, मध्य प्रदेश ने तीसरे क्वार्टर में आंचल साहू (45वें) के फील्ड गोल से गतिरोध को तोड़ते हुए बढ़त बना ली।

महाराष्ट्र की कप्तान अश्विनी कोलेकर (50वें मिनट) ने अंतिम क्वार्टर में सिर्फ पांच मिनट से कम समय में फील्ड गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। हालांकि, स्वाति (54वें मिनट) ने मैदानी गोल करके मध्य प्रदेश को फिर से बढ़त दिला दी। इसके बाद, मध्य प्रदेश ने अपनी एक गोल की बढ़त बरकरार रखने के लिए कड़ा बचाव खेल खेला।

# भारतीय बॉक्सिंग के लिए ऐतिहासिक दिन, -22 एशियाई यूथ बॉक्सिंग में 43 मेडल पक्के हुए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आकाश गोरखा, विश्वनाथ सुरेश, निखिल और प्रीत मलिक शनिवार को एएसबीसी एशियाई अंडर-22 और युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप में अंडर-22 पुरुषों के फाइनल में पहुंच गए। इसी के साथ भारतीय मुक्केबाजों ने सभी श्रेणियों में 43 पदक पक्के कर लिए हैं। आकाश गोरखा, विश्वनाथ सुरेश, निखिल और प्रीत मलिक शनिवार को एएसबीसी एशियाई अंडर-22 और युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप में अंडर-22 पुरुषों के फाइनल में पहुंच गए। इसी के साथ भारतीय मुक्केबाजों ने सभी



श्रेणियों में 43 पदक पक्के कर लिए हैं। सीनियर राष्ट्रीय चैंपियन आकाश ने 60 किग्रा वर्ग में अपना दबदबा कायम रखते हुए सेमीफाइनल में उज्बेकिस्तान के इलियासोव सयात को 5-0 से हराया। मुकाबले की समीक्षा के बाद मौजूदा युवा विश्व चैंपियन विश्वनाथ (48 किग्रा) ने फिलीपींस के बारिकुआत्रो ब्रायन के खिलाफ 5-2 से जीत दर्ज की। अन्य दो सेमीफाइनलिस्ट, निखिल (57 किग्रा) और प्रीत (67 किग्रा) ने भी क्रमशः मंगोलिया के दोर्जन्याम्बु गनबोल्ड और किर्गिस्तान के अल्माज़ ओरोजबेकोव के खिलाफ समीक्षा के बाद समान 5-2 स्कोर के साथ अपने मुकाबले जीते। इस बीच, एम जदुमणि सिंह (51 किग्रा), अजय कुमार (63.5 किग्रा), अंकुश (71 किग्रा), ध्रुव सिंह (80 किग्रा), जुगनू (86 किग्रा) और युवराज (92 किग्रा) के लिए यह निराशाजनक था क्योंकि उन्होंने कांस्य पदक के साथ अपना अभियान समाप्त किया।

# बेल्जियम के डेनियल दारदा नें जीता सर्दिनिया विश्व शतरंज फेस्टिवल का खिताब



**ओलबिया, इटली, एजेंसी।** सर्दिनिया विश्व शतरंज फेस्टिवल का खिताब एक बेहद ही रोमांचक फाइनल मुक़ाबले में बेल्जियम के ग्रांड मास्टर डेनियल दारदा नें अपने नाम कर लिया, दरअसल नौवे राउंड में एक दिन पहले तक 6.5 अंक बनाकर सबसे आगे चल रहे दोनों ग्रांड मास्टर स्पेन के एलन पीचोट और इज़राइल के ग्रांडमास्टर यैर पारखोव अंक अपने मुक़ाबले हार गए और चार खिलाड़ी 7 अंक बनाकर सयुंक्त पहले स्थान पर आ गए. पर बेहतर टाईब्रेक के आधार पर बेल्जियम के डेनियल दारदा, रोमानिया के किरिल सावचेंकों , फीडे के मुरजिन वोलोदर और नीदरलैंड के वांन फॉरेस्ट क्रमशः पहले से चौंथे स्थान पर रहे । अंतिम राउंड में डेनियल नें एलन को काले मोहरो से खेलते हुए पराजित किया जबकि पारखोव को वांन फॉरेस्ट से हार का सामना करना पड़ा । भारतीय खियालड़ियों में सविता श्री नें सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरुस्कार जीता जबकि इसी वर्ग में भारत की वन्तिका अग्रवाल दूसरे स्थान पर रही ।

## एक नजर

### पटना के मंदिरी मोहल्ले में ट्रांसफार्मर में ब्लास्ट

**पटना (नि.सं.)।** पटना के मंदिरी मोहल्ले में शनिवार देर रात ट्रांसफार्मर में ब्लास्ट होने के कारण बिजली गुल हो गई। भीषण गर्मी में बिजली कटने से लोगों की परेशानी बढ़ गई। मामले की जानकारी मिलते ही विभाग की टीम मौके पर पहुंची। घंटों मशक्कत के बाद ट्रांसफार्मर को ठीक किया। जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। स्थानीय लोगों ने बताया कि पुराने तार और पेड़ की छंटाई नहीं होने के कारण वायर टूट जाता है। जिससे बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती है। वहीं, विभाग का कहना है कि जांच में ये पाया गया है लोड शंटिंग के कारण ऐसा होता है। पुराने तार को हटा दिया गया है। अब सुचारु रूप से बिजली की आपूर्ति की जा रही है। दरअसल, पटना के कई इलाकों में इन दिनों मेंटेनेंस और पेड़ की छंटाई का काम चल रहा है। लगातार मेंटेनेंस वर्क किया जा रहा है। शिकायत मिलने पर त्वरित कार्रवाई भी जाती है।

### झोपड़ियों में रहने वालों को आग से बचाव के दिए गए टिप्स

**पटना (नि.सं.)।** झोपड़पट्टी में आग लगने की घटना के बाद अग्निशमन विभाग द्वारा शुरू किया गया जागरूक अभियान रविवार को भी जारी रहा। दूसरे दिन विभाग के अधिकारियों ने पटना के 10 अग्निशामालय क्षेत्र स्थित 70 झोपड़पट्टी में पहुंचे और लोगों को आग से बचाव के टिप्स दिए। झुग्गियों में चूंकि रसोई गैस सिलेंडर और पीकर फेंकी गई बीड़ी और सिगरेट की वजह से ज्यादा अगलगी की घटना होती है। लिहाजा खास कर लोगों को इन दोनों से लगी आग को बुझाने के बारे में बताया गया। अग्निशमन विभाग ने शुक्रवार को पटना के झुग्गी-झोपड़ी और क्लस्टरों में जन जागरूकता की शुरुआत की थी। अभियान के पहले दिन 136 झोपड़पट्टी में माक ड्रिल व नुक्कड़ नाटक का आयोजन किए जाने के अलावा लोगों के बीच पम्फलेट का वितरित भी किया गया था।

### पाटलिपुत्र यूनिवर्सिटी ने बढ़ाई परीक्षा फॉर्म भरने की तारीख

**पटना (नि.सं.)।** पाटलिपुत्र यूनिवर्सिटी ने स्नातक द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षा फार्म भरने की तिथि तीन दिन बढ़ा दिया है। कुलपति प्रो. आरके सिंह के निर्देश के बाद परीक्षा नियंत्रक डॉ. मनोज कुमार ने अधिसूचना जारी कर दी। परीक्षा नियंत्रक डा. मनोज कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय की ओर से 4 मई तक परीक्षा फार्म भरने की तिथि निर्धारित थी। इसके बाद भी कुछ छात्रों का परीक्षा फार्म नहीं भरा जा सका है। अब लेट फाइन के साथ 7 मई तक तिथि विस्तारित किया गया है।

# आरोपी को चप्पल मारने बढ़ी महिला तो हुआ बवाल, गोलीबारी व मारपीट में दो जख्मी

निज संवाददाता



**बारूण (औरंगाबाद)।** बारुण थाना क्षेत्र के सिमरा कला गांव में दो पक्षों के बीच हुए विवाद के निपटारे को लेकर की जा रही पंचायती के दौरान मारपीट व गोलीबारी की घटना घटी। इस मारपीट की घटना में एक ही पक्ष के दो लोग जख्मी हो गये। इन दो घायलों में एक व्यक्ति को गोली लगने की बात बतायी जा रही है। जबकि दूसरे जख्मी को लाठी- डंडे से पीटने की बात सामने आयी है । घटना रविवार की दोपहर की है।

सदर अस्पताल में इलाज के दौरान जख्मी रविंद्र पासवान ने बताया कि वह रोहतास के डिहरी में रहकर जॉब करता है। उसकी पत्नी घर में अकेली रहती है।एक दिन पूर्व पड़ोसी दीवार फांदकर खिड़की के जरिए उसके घर में चोरी की नीयत से घुस रहा था। घर में उसकी पत्नी सो रही थी। आहट सुनकर उसकी पत्नी जगी तो देखा कि पड़ोसी घर में घुस रहा है। इसके बाद वह जोर- जोर से चीखने-चिल्लाने लगी। यह देखकर उक्त पड़ोसी ने महिला को चुप रहने को कहा। जब महिला और जोर से चिल्लाने लगी तो पड़ोसी अपने घर चला गया और दरवाजा बंद कर लिया।

बताया कि इस मुद्दे को लेकर रविवार की सुबह गांव में पंचायत बुलायी गयी।पंचायत में पूरे गांव के लोग इकट्ठा हुए।इस दौरान पंचों ने घटना की सुनवाई करते हुए पीड़िता द्वारा आरोपित पुरुष पर चार चप्पल जड़ने का फैसला सुनाया।जैसे ही महिला ने फैसले का सम्मान करते हुए चप्पल उठाया। वैसे ही कुछ लोगों ने इसका विरोध करते हुए हल्ला हंगामा शुरू कर दिया और मारपीट पर उतारू हो गये। दूसरे पक्ष के लोगों ने पंचों की एक नहीं सुनी। पंचों के सामने ही लाठी-डंडे व पिस्टल लेकर हमला बोल दिया। जख्मी ने बताया कि बचाव के दौरान उक्त लोगों ने महिला के पति व चचेरे ससुर पर हमला कर दिया। इस दौरान भगदड़ मच गयी। मौके पर अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया। आरोप है कि आरोपित पक्ष की तरफ से एक व्यक्ति ने फायरिंग की, जिसमें महिला का पति जख्मी हो गया और लाठी-डंडे की चोट से उसका चचेरा ससुर बुरी तरह जख्मी हो गया। इसके बाद आरोपित पक्ष के लोग मौके से फरार हो गये। घटना के बाद परिजनों ने ग्रामीणों की मदद से दोनों जख्मियों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बारुण पहुंचाया। जहां से डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति में सदर अस्पताल रेफर कर दिया।बारुण थानाध्यक्ष कुमार सौरभ ने बताया कि सिमरा कला गांव में पंचायत के दौरान मारपीट व गोलीबारी की सूचना मिली है।मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

**पंचायती के दौरान बवाल**

सिमरा कला गांव में एक विवाद के निपटारे के लिए पंचायती हो रही थी। इस दौरान मारपीट और गोलीबारी शुरू हो गयी। इस घटना में दो लोग जख्मी हो गए। घायलों में उक्त गांव निवासी शिव पासवान के पुत्र कन्हाई पासवान व स्व गुप्तेश्वर पासवान के पुत्र रविंद्र पासवान शामिल है। आनन-फानन में दोनों को अस्पताल ले जाया गया।

# जम्होर के दुर्गा मैदान में आज से शुरू हो रही गायत्री महायज्ञ, तैयारी हुई पूर्ण

निज संवाददाता



**जम्होर (औरंगाबाद)।** सदर प्रखंड के जम्होर दुर्गा मैदान में आज से शुरू हो रही गायत्री महायज्ञ की सम्पूर्ण तैयारी हुई पूर्ण कर ली गई है। यज्ञ आयोजन समिति के अध्यक्ष जिला गायत्री परिवार ट्रस्ट के सहायक ट्रस्टी नवनीत कुमार ने बताया कि आज भक्तिमय वातावरण में जल यात्रा के साथ पवित्र विष्णु धाम के संगम तट से कलश में जलारोहण के साथ मंडप प्रवेश से यज्ञ की शुरुआत होगी। संध्या में संगीतमय प्रवचन का आयोजन किया गया है। 7 मई को देव पूजन एवं नवधा भक्ति के निमित संगीतमय प्रवचन का आयोजन किया गया है।वही, 8 मई को विभिन्न संस्कारों के बारे में चर्चा एवं यज्ञ फेरी का आयोजन किया गया है। 9 मई को सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नशा मुक्ति संकल्प एवं 10 मई को 500 घरों में देव स्थापना के साथ नशा मुक्ति संकल्प का अभियान चलाने के साथ-साथ भंडारे का कार्यक्रम एवं पूर्णाहुति और टोली की विदाई की जाएगी। यज्ञ समिति के सदस्य शब्दाक्षर के संगठन मंत्री सुरेश विद्यार्थी ने बताया कि यज्ञ हमारी सनातन संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है जिस स्थान पर यज्ञ होते हैं उस स्थान से 10 कोश की दूरी तक के वातावरण शुद्ध हो जाते हैं। यह विज्ञान में भी बताया गया है कि यज्ञ के हवन कुंड से जो धूंआ निकलती है वह वायुमंडल के 10 किलोमीटर के आवरण को शुद्ध एवं परिष्कृत कर देती है धार्मिक ग्राम जम्होर में यज्ञ आयोजन की परंपरा वर्षों पुरानी है। 5 दशक पूर्व इसी जम्होर की धरती पर विराट हिंदू सम्मेलन में भारत के चारों शंकराचार्य का आगमन हुआ था। यज्ञ के सफल क्रियान्वन के लिए राहुल कुमार, सोनू सिंह,राजू वर्मा,श्याम कुमार, आनंदी कुमार, रंजीत कुमार, दीपक अग्रवाल, रवि साहनी, गुड्डू कुमार, अभय कुमार, कौशल कुमार की विशेष सहभागिता होगी। जिला गायत्री परिवार ट्रस्ट के तत्वावधान में शांतिकुंज हरिद्वार के योग्य आचार्यों के सान्निध्य में नौ कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ आज से होगी।

# बाइक सवार तीन बदमाशों ने छीनी थी महिला से सोने की चेन

निज संवाददाता

**पटना।** शास्त्रीनगर थाना क्षेत्र के भट्टाचार्या रोड पर महिला से चेन झपटमारी में तीन बाइक सवार बदमाश शामिल थे। वारदात करने वाले बदमाशों की तस्वीर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। झपटमार नीले और सफेद रंग की बाइक पर भागते दिख रहे हैं। सभी का चेहरा साफ दिख रहा है। थानेदार ने बताया कि अपराधियों के संबंध में इनपुट पुलिस को मिला है। उनकी गिरफ्तार के लिए छापेमारी जारी है।

पटेल नगर निवासी महिला सविता देवी शुक्रवार की सुबह टहल कर वापस घर लौट रही थी। इसी दौरान भट्टाचार्या रोड पर दो बदमाशों ने उनकी चेन झपट ली। महिला के शोर मचाने पर बदमाश दहशत फैलाने के लिए हवाई फायरिंग करते हुए फरार हो गए। इस संबंध में शिकायत के बाद शास्त्री नगर पुलिस ने इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज निकाले तो पता चला कि वारदात में कुल तीन बदमाश शामिल थे। एक बदमाश बाइक चालू रखकर मुख्य सड़क पर इंतजार कर रहा था, जबकि उसके दो साथियों ने चेन झपटी थी। झपटमारी के बाद तीनों बाइक से राजवंशी नगर स्थित हनुमान मंदिर के तरफ से फरार हो गए।

# 10 मई से इंडियन वोटर लीग का आयोजन

निज संवाददाता

**पटना।** मतदाताओं को जागरूक करने के लिए गंगा किनारे चौके-छक्के लगेंगे। नगर निगम दीघा में 10 मई से इंडियन वोटर लीग (आईवीएल) का आयोजन करेगा। सात मई तक मैच के लिए पिच तैयार कर ली जाएगी। जेपी गंगा पथ के किनारे आयोजित होने वाले क्रिकेट मैच में सभी वर्गों से लोगों को शामिल किया जा रहा है, ताकि मतदान के प्रति सभी जागरूक हों। मैच के दौरान गंगा किनारे वेंडर स्ट्रीट भी बनाया जाएगा। मैच देखने के लिए पहुंचनेवाले मनोरंजन के साथ साथ नाश्ता-खाना का भी आनंद ले सकें। नगर आयुक्त अनिमेष पराशर ने बताया कि क्रिकेट मैच के जरिये ही लोग एक-दूसरे से जुड़ेंगे। मतदान करने पर चर्चा करेंगे। शहरी क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत ग्रामीण इलाके की तुलना में कम हो रहा है। इस बार ऐसा नहीं हो इसलिए मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मैच का आयोजन किया जा रहा है। क्रिकेट मैच में अलग अलग टीमें रहेंगी, जिसमें सभी वर्गों से लोगों को शामिल किया जाएगा। हर वर्ग से भागीदारी होने पर लोगों में विशेष तौर पर आपसी जुड़ाव होगा। प्रत्येक वार्ड में टीम बनाई जा रही है। नगर निगम चाहता है कि अधिक से अधिक लोग 1 जून को होनेवाले चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए घरों से निकलें। 25 मई तक मैच का आयोजन होगा। बता दें कि आईवीएल को लेकर नगर निगम ने दीघा में गंगा किनारे मैच की बेहतर व्यवस्था की है। लाइटें लगा दी गई हैं। अभी से ही रात में इस इलाके की रौनक बढ़ गई है। नगर आयुक्त ने बताया कि दीघा, बांकीपुर, कुम्हरार और पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र में मतदान के प्रतिशत बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। पिछले वर्षों में यहां काफी कम मतदान हुआ था। भारत निर्वाचन आयोग भी चाहता है कि जिन विधानसभा क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत कम है, वहां इस बार बढ़ाया जाए। गर्मी का मौसम है इसीलिए मतदाताओं की सुविधा के लिए मतदान केंद्रों पर कई तरह की व्यवस्था रहेगी।

# श्रीकृष्ण विज्ञान केंद्र समर कैंप का शेड्यूल जारी

निज संवाददाता

**पटना।** श्रीकृष्ण विज्ञान केंद्र ने समर कैंप के लिए शेड्यूल जारी कर दिया है। क्लास 3 से लेकर 12वीं तक विभिन्न-विभिन्न हॉबी कैंप का आयोजन 15 मई से 1 जून तक किया जाएगा। दो सेशन में इस कैंप का आयोजन होगा। पहला मॉर्निंग सेशन होगा जो सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:00 तक चलेगी। दूसरा इवनिंग सेशन होगा जो दोपहर 2:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक चलेगी।

रजिस्ट्रेशन ऑफलाइन होगी, आखिरी तारीख 14 मई तक है।

**समर कैंप का शेड्यूल**

**1. लर्निंग विद आर्डिनो, डेट- 15 से 17 मई, सेशन- मॉर्निंग, नंबर ऑफ पार्टिसिपेंट- 10, रजिस्ट्रेशन फीस- 600 (बिना कीट के), 1600 (कीट के साथ), क्लास- 9 से 12**

कैंप के लिए रजिस्ट्रेशन पहले आओ, पहले पाओ के तहत किया जाएगा। जितने भी मैटेरियल्स रिक्वायर्ड होंगे, वह विज्ञान केंद्र की तरफ से ही उपलब्ध कराए जाएंगे। बच्चों को अपनी तरफ से कोई भी सामान आने की जरूरत नहीं होगी।

# लालू परिवार पर बरसे सम्राट चौधरी, कहा- भ्रष्टाचार करने वालों को जाना होगा जेल

निज संवाददाता



**पटना।**भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि लोकसभा चुनाव 2024 का मुख्य मुद्दा भ्रष्टाचार करने वालों का नकेल कसना, सुशासन और विकास को जारी रखना तथा भारत की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनना है। लालू परिवार सहित विपक्षी गठबंधन के दलों की पूरी राजनीति ही परिवारवाद और भ्रष्टाचार की बुनियाद पर खड़ी है, इसीलिए भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मोदी की गारंटी के बाद इनमें धबराहट है।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि चपरासी क्वार्टर से शुरू हुई राजनीति का मकसद बिहार का विकास नहीं बल्कि हजारों करोड़ की बेनामी सम्पत्ति इक्ट्ठा करना रहा है। 1999 में मात्र 87 लाख की सम्पत्ति बताने वाला लालू परिवार के पास 2004 में 370 करोड़ की घोषित सम्पत्ति हो गई। जबकि 2019 में इस परिवार के सदस्यों के पास 1,820 करोड़ से ज्यादा की परिसम्पत्ति थी। इस परिवार के पास 150 से ज्यादा भूखंड, 30 फ्लैट और आधे दर्जन से ज्यादा बंगला व मकान है। महज 29 साल की उम्र में तेजस्वी यादव 52 से ज्यादा परिसम्पत्तियों के मालिक बन गए थे। तेजप्रताप यादव 28 और मीसा भारती 23 से ज्यादा सम्पत्ति की मालकिन हैं। राबड़ी देवी के नाम से पटना में 43 भूखंड के अलावा 30 से ज्यादा फ्लैट है।

उन्होंने कहा कि खोखा कंपनियों, दान, वसीयत, पावर ऑफ अटॉर्नी और हर काम के बदले जमीन-मकान हथियाने का लालू परिवार का नायाब फंडा रहा है। एमएलए, एमएससी, सांसद और मंत्री बनाने के लिए भी इस परिवार ने विभिन्न हथकंडे अपनाकर जमीन, मकान लिखवा लिए हैं।

# त्वचा रोग के प्रति जागरूकता के लिए संकल्प अभियान शुरू

**पटना (नि.सं.)।** इंडियन एसोसिएशन ऑफ डर्मेटोलॉजिस्ट, वेनरियोलॉजिस्ट एंड लेप्रोलॉजिस्ट (आईएडीवीएल) के बैनर तले रविवार को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के लिए प्रयास शुरू किया गया। संगठन के 17,448 सदस्यों के बीच 24 घंटे में 'सबसे अधिक त्वचा संबंधी रोग जागरूकता संकल्प अभियान की शुरुआत की गई।

संगठन के संयुक्त सचिव डॉ. विकास शंकर ने बताया कि रविवार दोपहर 12 बजे से सोमवार दोपहर 11.59 बजे और 59 सेकेंड तक पांच हजार से ज्यादा डर्मेटोलॉजिस्ट की ओर से शपथ लेने पर यह रिकॉर्ड संगठन के नाम हो जाएगा। इस रिकॉर्ड के लिए संगठन के सदस्य ऑनलाइन एप के माध्यम से शपथ ले रहे हैं।

# पाटलिपुत्र से 13 मई को नामांकन दाखिल करेंगी मीसा, कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

निज संवाददाता



**पटना।** पाटलीपुत्र संसदीय सीट से आरजेडी प्रत्याशी मीसा भारती 13 मई को नामांकन दाखिल करेंगी। बेली रोड स्थित लालू गौशाला में उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर इसकी जानकारी दी है। इस मौके पर पूर्व मंत्री तेजस्वी यादव, रामानंद यादव समेत पार्टी के नेता मौजूद रहे। हालांकि स्थानीय विधायक रितलाल यादव कहीं नजर नहीं आए। मंच पर उनके भाई पिंकू यादव जरूर दिखे। तेज प्रताप यादव ने कहा कि इस भीषण गर्मी में भी जिस तरह से कार्यकर्ताओं का हुजूम दिख रहा है। इसे देखकर लगता है हमारी बहुत बड़ी जीत होती। उन्होंने भविष्यवाणी करते हुए कहा कि केंद्र में इंडी गठबंधन की सरकार बनना तय है। इस बार भाजपा का सूफड़ा साफ हो जाएगा।

मीटिंग में बूथ लेवल को कैसे मजबूत किया जाए। दो बार से मिल रही हार को इस बार जीत में कैसे बदला जाए। उसके लिए प्लेटफॉर्म तैयार करने को लेकर चर्चा की गई। साथ ही कार्यकर्ताओं को चुनाव से संबंधित जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए गए। मीसा भारती के स्वागत में कुछ कार्यकर्ता ढोल-बाजे के साथ पहुंचे थे।

# जिले में मतदाता जागरूकता के लिए लगाए 95 हजार पौधे

निज संवाददाता

**पटना।** जिला प्रशासन की ओर से पौधरोपण के जरिये लोगों से वोट देने की अपील की जा रही है। इसके लिए पटना जिले के सभी 23 प्रखंडों में पौधरोपण अभियान चलाया जा रहा है। पिछले सप्ताह इसकी शुरुआत दनियावां से डीडीसी तनय सुल्तानिया ने दानियावां प्रखंड कार्यालय में आम के पौधे लगाकर की। एक दिन में पटना के सभी प्रखंडों में कुल 95 हजार 345 पेड़ लगाए गए। जीविका दीदियों और स्वयं सहायता समूहों के 38 हजार 546 लोगों की ओर से पौधे लगाए गए।

जीविका के प्रबंधक (सामाजिक विकास) मनोज रंजन ने बताया कि डीएम शीर्षत कपिल अशोक के निर्देशानुसार पटना के सभी प्रखंडों में जीविका की ओर से चयनित समूहों के माध्यम से पौधरोपण कराया गया। पौधे लगाने के साथ ही जीविका दीदियों की ओर से वहां के स्थानीय लोगों से मतदान करने की अपील भी की गई। इसके पीछे ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस अभियान से जोड़ना था। कहा गया कि जिस तरह पौधरोपण से हरियाली बढ़ती है और पर्यावरण स्वच्छ होता है उसी तरह वोट देने से लोकतंत्र को मजबूती मिलती है और लोकतंत्र स्वच्छ होता है। मनोज रंजन ने बताया कि हरियाली अभियान चुनावों के बाद भी जारी रहेगा। पौधरोपण के लिए एक ओर खाली पड़ी जमीनों को चिह्नित कर गड्ढे कराए जा रहे हैं, तो दूसरी ओर पौधे के लिए नर्सरी भी तैयार की जा रही है। मानसून काल में एक लाख से ज्यादा पौधे जीविका दीदियों व स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से लगाए जाएंगे।

# अप्रैल में नगर निगम को रिकॉर्ड 11.76 करोड़ राजस्व मिला

निज संवाददाता

**पटना।** शहर में संपत्ति कर देने वालों की संख्या पहले की तुलना में लगभग दोगुनी हो गई है। नगर निगम को चालू वित्तीय वर्ष के पहले महीने में पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में दोगुना राजस्व प्राप्त हुआ है। इस वर्ष अप्रैल में निगम को 11.76 करोड़ का राजस्व आया है, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह रकम मात्र 6.25 करोड़ रुपए थी। नगर निगम ने संपत्ति कर देने वालों के लिए पांच प्रतिशत की छूट की घोषणा की है। इसके चलते भी बड़ी संख्या में लोग होल्डिंग और कचरा शुल्क जमा कर रहे हैं। नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि अप्रैल 2023 में संपत्ति कर देने वालों की संख्या 19 हजार 778 थी जो अप्रैल 2024 में बढ़कर 44 हजार 417 हो गई है। शहर में होल्डिंग टैक्स जमा करने वालों में सबसे ज्यादा ऑनलाइन भुगतान किया है। पिछले साल एक करोड़ 91 लाख रुपये ऑनलाइन टैक्स जमा किए गए थे जो इस वर्ष बढ़कर पांच करोड़ 54 लाख रुपए हो गया है। पहले 38 प्रतिशत लोग ही ऑनलाइन टैक्स जमा करते थे लेकिन अब ऐसा करनेवालों की संख्या बढ़कर 58 प्रतिशत हो गई है।

जन-जन की वाणी...
सोन वर्षा वाणी
2 राज्य | 4 संस्करण
केंद्र सरकार के डी.ए.वी.पी. तथा बिहार, झारखंड एवं उत्तराखंड राज्य सरकार के आईपीआरडी से मान्यता प्राप्त
औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची (झारखंड) से प्रकाशित हिंदी दैनिक


आवश्यकता :
25 वर्षों से निरंतर प्रकाशित हो रहे प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक समाचारपत्र सोन वर्षा वाणी को पेजिनेटर, कॉपी एडिटर, विज्ञापन प्रबंधक, मार्केटिंग प्रतिनिधि एवं प्रत्येक जिले से पत्रकार / संवाददाता की आवश्यकता है|
इच्छुक सम्पर्क करें : 7766886433, mail : svvpress@gmail.com
नोट : अनुभव के आधार पर पद सृजित किये जायेंगें.
प्रधान कार्यालय : सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) | मो. 9934957121
आरा कार्यालय : जयहिंद कॉलोनी, नाला मोड़, आरा (भोजपुर) बिहार | मो. 9142681546
रांची कार्यालय : 204, निर्मला एन्क्लेव, रानी बागान, बरियातू हाउसिंग कॉलोनी, बरियातू, रांची (झारखंड) | मो. 7766886433